राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार, 05 जुलाई 2026
वर्ष 07, अंक 268, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश , असम, तेलंगाना आदि जनपदों में प्रसारित



कैशलेस के साथ 10 लाख शिक्षक-कार्मिकों को मिलेगा ग्रुप लाइफ .................................... 3

जल के बिना भी संकट, जल के साथ भी संकट.................................... 2


# जमीन पर उतरें कार्यकर्ता, सोशल मीडिया के ग्लैमर से रहें पूरी तरह से दूर : नितिन नबीन

एजेंसी




**लखनऊ।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन अपने पहले दो दिवसीय राजनीतिक यात्रा पर शनिवार को लखनऊ पहुंचे। एयरपोर्ट से सीधे पार्टी कार्यालय पहुंचे और प्रदेश संगठन की नई टीम के सभी पदाधिकारियों, जिलाध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष और विभिन्न मोर्चों के अध्यक्षों के साथ पहली परिचयात्मक बैठक की। इसमें उन्होंने बहुत ही साफगोई के साथ पदाधिकारियों को 2027 में तीसरी बड़ी जीत का मंत्र देते हुए पदाधिकारियों को कागजी नहीं, जमीन पर उतरकर काम करने की नसीहत दी। नबीन ने जिला प्रभारी बनाए गए पदाधिकारियों को भी दो टूक शब्दों में कहा कि अगर प्रभारी अपने प्रभार वाले जिलों में प्रवास करने या चुनाव की तैयारियों से जुड़े कार्यों में काम करने में खुद को असमर्थ पा रहे हों तो अभी से जिम्मेदारी छोड़ दें। चुनाव प्रबंधन का काम प्रभावित न हो। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में प्रदेश संगठन के सभी मोर्चों और फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 2027 में होने वाले चुनाव से पहले हर गांव, हर बूथ तक पहुंचने का प्रयास करें। पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता हर गांव में डेरा डालेंगे तो चुनाव जीतना तय है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने बेहतर काम किया है। इसलिए 2027 के चुनाव के लिए माहौल अच्छा है और एनडीए की जीत भी पक्की है। यह मानकर हमें शिथिलता नहीं बरतनी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सलाह दी कि हमें जनता के दिल में स्थान बनाने के लिए उनके बीच रहकर काम करना होगा। पदाधिकारियों से शिथिलता दूर करने की अपील करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी द्वारा निर्धारित बैठकें नियमित रूप से करते रहें। उन्होंने कहा कि महीन के पहले सप्ताह में मंडल, दूसरे सप्ताह में जिले और महीने में एक बार प्रदेश स्तरीय बैठकें जरूर करें। इन बैठकों में विभिन्न मोर्चे भी शामिल रहें। उन्होंने कहा कि सभी बैठकों और प्रवास सहित महीने की हर गतिविधि की रिपोर्ट तैयार कर प्रदेश महामंत्री संगठन को अनिवार्य से रूप से उपलब्ध कराएं। मन की बात कार्यक्रम से पहले हर सेक्टर की बैठक अनिवार्य रूप से हो। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि हर महीने के अंतिम रविवार को 'मन की बात' का कार्यक्रम होता है। उस दिन इस कार्यक्रम के बाद वहीं पर बूथ की बैठक जरूर करें। मन की बात वाले रविवार से पहले के रविवार को शक्ति केंद्र की बैठक करिए। जिले के 100 प्रतिशत बूथों पर मन की बात का प्रसारण होना चाहिए उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से भी कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म का सकारात्मक उपयोग करें। सिर्फ अपनी फोटो न डालें। रोजाना प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की कम से कम दो योजनाओं की विडियो या उसके बारे में जानकारी शेयर करें। हर वोटर तक डबल इंजन सरकार की योजनाओं और पार्टी के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से पहुंचाना होगा।

# यूपी राजस्व परिषद में नई व्यवस्था लागू

## सरकारी और नजूल भूमि के मुकदमों की 3 सदस्यीय विशेष पीठ करेगी सुनवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश में राजस्व प्रशासन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाने की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण सुधार कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राजस्व परिषद ने सार्वजनिक महत्व की भूमि से जुड़े मामलों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए बड़ा निर्णय लिया है। अब आरक्षित श्रेणी की भूमि, शासकीय भूमि, ग्राम सभा, नजूल, निष्क्रांत संपत्ति तथा शत्रु संपत्ति (यदि कोई हो) से संबंधित सभी वादों की सुनवाई तीन सदस्यीय विशेष पीठ (थ्री मेंबर बेंच) द्वारा की जाएगी। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। राजस्व परिषद की अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार सरकारी एवं सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने, भूमि विवादों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने तथा राजस्व न्याय प्रणाली को आधुनिक और तकनीक आधारित बनाने पर विशेष बल देते रहे हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा-9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नई व्यवस्था लागू की गयी है। इसका उद्देश्य इन संवेदनशील मामलों के निस्तारण में पारदर्शिता, न्यायिक गुणवत्ता और एकरूपता सुनिश्चित करना है।यह व्यवस्था तत्काल लागू कर दी गई है, जिसके तहत लखनऊ एवं प्रयागराज स्थित राजस्व परिषद न्यायालयों में इन श्रेणी के सभी लंबित और नए वाद अब विशेष रूप से गठित तीन सदस्यीय पीठ के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। नई व्यवस्था के अनुसार आरक्षित श्रेणी की भूमि, शासकीय भूमि, ग्राम सभा, नजूल, निष्क्रांत संपत्ति तथा शत्रु संपत्ति से जुड़े मामलों की सुनवाई अब परिषद की एकल पीठ अथवा सर्किट कोर्ट द्वारा नहीं की जाएगी। इन मामलों पर विशेष रूप से गठित तीन सदस्यीय पीठ सामूहिक रूप से विचार करेगी। इससे महत्वपूर्ण मामलों में विभिन्न न्यायिक दृष्टिकोणों का समावेश होगा और निर्णय प्रक्रिया अधिक मजबूत, निष्पक्ष तथा न्यायसंगत बन सकेगी।विशेष पीठ हर बुधवार को करेगी मामलों की सुनवाई परिषद की अध्यक्ष ने बताया कि राजस्व परिषद ने लखनऊ और प्रयागराज दोनों न्यायालयों के लिए अलग-अलग तीन सदस्यीय विशेष पीठों का गठन किया है। इन विशेष पीठों द्वारा प्रत्येक बुधवार को नियमित रूप से इन मामलों की सुनवाई की जाएगी। इससे सरकारी और सार्वजनिक भूमि से जुड़े संवेदनशील प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण संभव होगा, साथ ही पूरे प्रदेश में निर्णय प्रक्रिया में एकरूपता भी स्थापित होगी। वहीं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि इस श्रेणी के सभी लंबित एवं नए वादों की पहचान कर उन्हें निर्धारित विशेष पीठ के समक्ष सूचीबद्ध कराया जाए। इससे नई व्यवस्था का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा और मामलों के अनावश्यक लंबित रहने की संभावना भी कम होगी। व्यवस्थित सूचीकरण और नियमित सुनवाई से न्यायिक प्रक्रिया अधिक सुचारु एवं परिणामकारी बनेगी। सामूहिक निर्णय प्रणाली अपनाए जाने से न्यायिक प्रक्रिया की विश्वसनीयता और पारदर्शिता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। साथ ही विभिन्न प्रकार के समान मामलों में एकरूप निर्णय आने से भविष्य में अनावश्यक विवादों और कानूनी असमंजस की स्थिति भी कम होगी। योगी सरकार पहले ही राजस्व प्रशासन में व्यापक सुधारों की दिशा में कई महत्वपूर्ण पहल कर चुकी है। डिजिटल भू-अभिलेख, ऑनलाइन नामांतरण एवं अन्य राजस्व सेवाएं, आधुनिक तकनीकों के माध्यम से भूमि पैमाइश, पारदर्शी न्यायिक प्रक्रिया तथा सरकारी भूमि की सुरक्षा जैसे कदमों ने राजस्व व्यवस्था को अधिक उत्तरदायी बनाया है। अब तीन सदस्यीय विशेष पीठ का गठन इसी सुधार श्रृंखला की महत्वपूर्ण कड़ी है। विशेषज्ञतापूर्ण सामूहिक निर्णय व्यवस्था से न केवल न्याय वितरण प्रणाली अधिक प्रभावी और विश्वसनीय बनेगी, बल्कि प्रदेश में राजस्व न्याय व्यवस्था के आधुनिकीकरण को भी नई गति मिलेगी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### रेलवे भर्ती पेपर लीक मामले में दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दक्षिण पश्चिम रेलवे की विभागीय भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक करने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एजेंसी का दावा है कि दोनों आरोपी पेपर लीक गिरोह के मास्टरमाइंड हैं और रेलवे भर्ती परीक्षाओं में धोखाधड़ी कराने में उनकी अहम भूमिका रही है। सीबीआई के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पालवोई अशोक और शेख जिलानी के रूप में हुई है। दोनों को शुक्रवार को बंगलूरू से गिरफ्तार किया गया।यह मामला जनरल डिपार्टमेंटल कॉम्पिटिटिव एग्जामिनेशन (GDCE)-2022 से जुड़ा है। यह परीक्षा दक्षिण पश्चिम रेलवे में गुड्स ट्रेन मैनेजर के पद पर भर्ती के लिए आयोजित की गई थी। आरोप है कि परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र लीक कर चुनिंदा अभ्यर्थियों तक पहुंचाया गया था।

### शोपियां के सैदपोरा इलाके में मुठभेड़

**शोपियां।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के सैदपोरा इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। जानकारी के अनुसार इलाके में दो आतंकियों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। इससे पहले इलाके में बड़े पैमाने पर घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया गया था।अधिकारियों के अनुसार यह अभियान 44 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर ), 14 बटालियन सीआरपीएफ, एसओजी और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चलाया जा रहा है।

### 13 जुलाई को होगा लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे का उद्घाटन


**लखनऊ।** कानपुर एक्सप्रेसवे का उद्घाटन 13 जुलाई को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे. यह 63 किमी लंबा, 4,700 करोड़ की लागत से बना एक्सप्रेसवे लखनऊ और कानपुर के बीच यात्रा को तेज, सुरक्षित और सुगम बनाएगा. इससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रैफिक का दबाव 70% कम होगा.कानपुरवासियों के लिए बड़ी खबर है, बहुप्रतीक्षित लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे बनकर पूरी तरह तैयार है. इसे 13 जुलाई से आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा. एक्सप्रेसवे का लोकार्पण केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे।

## यूपी में आज मानसून की दस्तक! नोएडा से बनारस तक बदला मौसम

लखनऊ उत्तर प्रदेश में मानसून आ गया है. आज शाम तक बारिश शुरू होने और दो दिनों में पूरे प्रदेश को कवर करने की संभावना है. मौसम विभाग ने 26 जिलों में भारी बारिश और 29 जिलों में आंधी-तूफान व वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. पश्चिमी यूपी में अभी गर्मी है, जबकि पूर्वांचल में पहले ही बारिश दर्ज की गई.उत्तर प्रदेश में मानसून की एंट्री होने ही वाली है. संभावना है कि शाम तक प्रदेश में मानसून की बारिश शुरू हो जाएगी. वहीं अगले दो दिनों में मानसून पूरे प्रदेश को कवर कर सकता है. भारतीय मौसम विभाग ने प्रदेश के 26 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. इस दौरान 30 से अधिक जिलों आंधी-तूफान चलने और आकाशीय बिजली गिरने की भी चेतावनी जारी की है. हालात को देखते हुए मौसम विभाग ने इन सभी जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग के लखनऊ केंद्र से जारी ताजा बुलेटिन के मुताबिक आज यूपी के महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, देवरिया, बलिया समेत 26 जिलों में भारी बारिश हो सकती है. इसी प्रकार प्रयागराज, वाराणसी, मिर्जापुर, गाजीपुर, आजमगढ़ समेत 29 जिलों में आकाशीय बिजली गिरने का खतरा है. मौसम विभाग के मुताबिक यह स्थिति मानसून आने के पहले की हैं।

## दालमंडी मामले में हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, रिट याचिका खारिज कहा- सार्वजनिक हित में धार्मिक स्थलों का अधिग्रहण वैध

एजेंसी




**वाराणसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी के दालमंडी मामले में बड़ा फैसला सुनाया है. कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक हित में धार्मिक स्थलों का अधिग्रहण कानूनन वैध है. याचिकाकर्ताओं, जो केवल किरायेदार थे, को स्वामित्व अधिकार नहीं मिले. साथ ही अदालत में दायर की गई रिट याचिका को खारिज कर दिया.इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी की ऐतिहासिक दालमंडी मार्केट में सड़क चौड़ीकरण मामले में बड़ा फैसला सुनाया है. साथ ही इस परियोजना को चुनौती देने वाली रिट याचिका को खारिज कर दिया है. अदालत ने इस मामले में महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि राज्य की संप्रभु शक्ति के तहत सार्वजनिक प्रयोजनों के लिए धार्मिक स्थलों का अधिग्रहण कानूनन वैध है। यह रिट याचिका दालमंडी मार्केट स्थित दुकानों के छह किरायेदारों की ओर से दाखिल की गई थी. इसमें मांग की थी कि उन्हें उनकी दुकानों से जबरन बेदखल न किया जाए और क्षेत्र में पुलिस की तैनाती पर रोक लगाई जाए. इसके अलावा, याचिका में सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे दालमंडी के छह प्राचीन मस्जिदों के संरक्षण की भी मांग की गई थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस जे.जे. मुनीर और जज अरुण कुमार की खंडपीठ ने इस मामले की सुनवाई की. कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद रिट याचिका को खारिज कर दिया. अपने विस्तृत आदेश में हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता केवल किरायेदार हैं और उन्हें संबंधित संपत्तियों पर किसी प्रकार का स्वामित्व अधिकार प्राप्त नहीं है. कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने किरायेदारी के सामान्य कानूनी मुद्दों को धार्मिक स्थलों के संरक्षण जैसे अति-संवेदनशील मुद्दों के साथ मिलाकर एक जटिल याचिका तैयार की है, जो तार्किक रूप से उचित नहीं है. अदालत ने कहा कि पूजा स्थल अधिनियम इसे रोकता है, लेकिन सरकार को सार्वजनिक हित के लिए इसका अधिग्रहण करने से नहीं रोकता है. अदालत ने याचिका में उठाए गए विभिन्न मुद्दों को तथ्यों और कानून के आधार पर असंगत मानते हुए इसे खारिज कर दिया, जिसमें वैकल्पिक मार्ग विकसित करने का भी आग्रह किया गया था. साथ ही सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले का जिक्र करते हुए खंडपीठ ने दोहराया कि नमाज पढ़ना इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है, इसे खुले में भी पढ़ा जा सकता है। इससे पहले हाईकोर्ट ने दालमंडी में ध्वस्तीकरण पर अंतरिम रोक लगा दी थी. साथ ही मामले की अगली सुनवाई (20 जुलाई) तक यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था. वहीं, अब रिट याचिका खारिज होने और कोर्ट के इस फैसले के बाद वाराणसी की दालमंडी सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण परियोजना के आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया है।

## जिस बॉथरूम में दफन किया पति का शव, उसी में 46 दिन नहाती रही पत्नी; अब कौन सा छिपा रखी है राज़?

एजेंसी



**आगरा।** आगरा में एक दिल दहला देने वाला हत्याकांड सामने आया है, जहां पत्नी रूबी शर्मा ने पति की हत्या कर शव को बाथरूम में दफना दिया और 46 दिनों तक उसी बाथरूम का इस्तेमाल करती रही. पुलिस को इस वारदात में उसके किसी साथी की मौजूदगी और कई गहरे राज छिपे होने का संदेह है. यह मामला मेरठ के 'नीले ड्रम' कांड जैसी क्रूरता दर्शाता है, जिसकी पुलिस गहनता से जांच कर रही है.मेरठ के नीले ड्रम वाला कांड तो आपको याद ही होगा, वहीं, जिसमें पत्नी मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर पति के कई टुकड़े किए और फिर नीले ड्रम में पैक कर घूमने निकल गई थी. ठीक इसी तरह का अब एक नया कांड उत्तर प्रदेश के ही आगरा में सामने आया है. रोंगटे खड़े कर कर देने वाली इस वारदात में हत्यारन पत्नी ने पहले पति की हत्या की, फिर शव को बॉथरूम में दफन किया और बीते 46 दिनों से उसी बॉथरूम में नहाती रही. वारदात के खुलासे ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है. पुलिस की पूछताछ में हत्यारन बीवी रूबी शर्मा ने वारदात की जो कहानी बताई है, वो किसी के भी गले नहीं उतर रहा. लोगों, यहां तक कि खुद पुलिस का मानना है कि इस महिला ने कई राज अभी भी अपने सीने में दफन कर रखे हैं. पुलिस अब हर संभावित एंगल से मामले की जांच करते हुए उन सभी राज को उगलवाने की कोशिश कर रही है। पुलिस का मानना है कि यह वारदात एक महिला किसी हाल में अकेले अंजाम नहीं दे सकती. निश्चित रूप से इस वारदात में उसका कोई साथी रहा होगा. हालांकि अब तक की पूछताछ में इसने किसी अन्य का नाम नहीं लिया है. दरअसल, महिला ने अपने कबूलनामे में कहा है कि उसने खीर में 20 से अधिक नींद की गोलियां मिलाई और पति को खिला दिया. इससे उनकी मौत हो गई. हालांकि इस कबूलनामे पर पुलिस को संदेह है। महिला ने पुलिस को बताया कि 18 मई को वारदात के बाद उसने खुद बॉथरूम की फर्श तोड़ा, गड्ढा खोदा और पति की लाश को घसीटते हुए लाकर दफन कर दिया. फिर लाश पर नमक डालने के बाद मिट्टी भर दिया. अगले दिन उसने राजमिस्त्री को बुलाकर फर्श पर प्लास्टर कराने के बाद टाइल्स भी लगवा दिए और फिर 46 दिनों तक उसी बाथरूम में नहाती रही।

# बिना वैध पंजीकरण अमरनाथ यात्रा पर न आएं श्रद्धालु: उपराज्यपाल मनोज सिन्हा

## तय तिथि के वैध परमिट वालों को ही मिलेगी यात्रा की अनुमति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्री अमरनाथ जी यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे केवल अपनी निर्धारित तिथि के लिए वैध पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) कराने के बाद ही यात्रा पर आएं। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में बिना पंजीकरण वाले श्रद्धालुओं के पहुंचने से यात्रा प्रबंधन प्रभावित हो रहा है और पंजीकृत यात्रियों को भी अनावश्यक इंतजार करना पड़ रहा है। शनिवार को श्री अमरनाथ जी यात्रा-2026 की व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए आयोजित उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपराज्यपाल ने यात्रा के समग्र प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं की आवाजाही, ट्रैफिक नियंत्रण, आवास, पंजीकरण व्यवस्था तथा अन्य लॉजिस्टिक तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु बिना वैध यात्रा पंजीकरण के जम्मू-कश्मीर पहुंच रहे हैं। इस पर उपराज्यपाल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि केवल निर्धारित तिथि के लिए वैध यात्रा पंजीकरण परमिट रखने वाले श्रद्धालुओं को ही पवित्र गुफा मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर आगे बढ़ने की अनुमति दी जाएगी। मनोज सिन्हा ने कहा कि श्री अमरनाथ जी यात्रा सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप निर्धारित क्षमता के अनुसार संचालित की जा रही है। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और यात्रा के सुचारु संचालन के लिए पंजीकरण कार्यक्रम का सख्ती से पालन आवश्यक है। उन्होंने जिन श्रद्धालुओं ने अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है, उनसे अपील की कि वे फिलहाल अपनी यात्रा कुछ दिनों के लिए स्थगित कर दें और पहले निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार वैध यात्रा पंजीकरण परमिट प्राप्त करें। इससे उन्हें जम्मू-कश्मीर पहुंचने पर किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव अटल डुल्लू सहित नागरिक प्रशासन, पुलिस, सुरक्षा बलों और श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में यात्रा मार्गों की सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन, आवास व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं और अन्य आवश्यक सेवाओं की भी समीक्षा की गई। उपराज्यपाल ने सभी विभागों, सुरक्षा एजेंसियों और संबंधित संस्थाओं को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंगर समितियों, सेवा प्रदाताओं तथा स्वयंसेवी संगठनों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने पर भी जोर दिया, ताकि प्रत्येक श्रद्धालु के लिए श्री अमरनाथ जी यात्रा सुरक्षित, सुगम, व्यवस्थित और आध्यात्मिक रूप से संतोषजनक बनी रहे।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल करेंगे कालीघाट प्रेरणा स्थल का लोकार्पण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**तैयारियों का महापौर व प्रशासन ने लिया जायजा।**

**प्रयागराज।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर 6 जुलाई 2026 को प्रयागराज नगर निगम द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर यमुना बैंक रोड स्थित कालीघाट, बोट क्लब परिसर में नगर निगम द्वारा विकसित 'तीन महान विभूतियों की प्रेरणा स्थल' पर स्थापित प्रतिमाओं का अनावरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को प्रयागराज महापौर गणेश केसरवानी, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा, आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा, प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) के उपाध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया। महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर आयोजित यह कार्यक्रम प्रयागराज के लिए गौरव का विषय है। नगर निगम द्वारा विकसित प्रेरणा स्थल राष्ट्रनिर्माण में योगदान देने वाली महान विभूतियों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा।

# मानकों को पूरा करने के बाद ही करें लाइब्रेरी व कोचिंग का संचालन

### कलेक्ट्रेट में कार्यशाला का आयोजन कर डीएम ने दिया निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में जिले के कोचिंग एवं लाइब्रेरी संचालकों के लिए एक उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें कोचिंग संस्थानों के संचालन, पंजीकरण, सुरक्षा मानकों, छात्र हितों एवं शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के बारे में जागरूक एवं प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है। सभी कोचिंग एवं लाइब्रेरी संचालक शासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों का अनुपालन करें। विद्यार्थियों को सुरक्षित, अनुशासित एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कहा कि निर्धारित मानकों के अनुसार प्रत्येक कोचिंग संस्थान का सक्षम प्राधिकारी के माध्यम से पंजीकरण कराया जाना अनिवार्य है। एक से अधिक शाखाओं वाले संस्थानों को प्रत्येक शाखा का पृथक पंजीकरण कराना होगा।

डीएम ने कहा कि समयावधि पूर्ण होने से पूर्व नवीनीकरण भी कराना आवश्यक है। सभी कोचिंग संस्थानों में अग्नि सुरक्षा एवं भवन सुरक्षा प्रमाणपत्र, पर्याप्त प्रकाश एवं वेंटिलेशन, स्वच्छ पेयजल, प्राथमिक उपचार, सीसीटीवी तथा छात्र-छात्राओं के लिए पृथक शौचालय जैसी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होना आवश्यक है।विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता में होनी चाहिए। स्पष्ट किया कि बेसमेंट में कोई भी कोचिंग संस्थान संचालित नहीं किया जाए। कोचिंग संस्थान आवासीय भवन श्रेणी में संचालित हैं वे संबंधित नगर पालिका/नगर पंचायत/जिला पंचायत में नियमानुसार निर्धारित मानकों को पूर्ण कर व प्रपत्रों के साथ आवेदन कर व्यवसायिक श्रेणी में परिवर्तन करा लें। जिला विद्यालय निरीक्षक कौस्तुभ सिंह ने कोचिंग सेंटरों के पंजीकरण, निर्धारित शुल्क, आवश्यक अभिलेखों, नियामक प्रावधानों एवं शासन की गाइडलाइन का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया। उपस्थित कोचिंग संचालकों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी न.पा.प. अकबरपुर सहित अग्निशमन, विद्युत, जिला पंचायत, माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारी, जनपद के कोचिंग एवं लाइब्रेरी संचालक तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### थानों में आज होगा बहू-बेटी सम्मेलन

**अंबेडकरनगर।** जिले के सभी थानों में रविवार को 'बहू-बेटी सम्मेलन' का आयोजन होगा। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने सभी थाना प्रभारियों को सफल आयोजन का निर्देश दिया है। उत्तर प्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के क्रम में यह सम्मेलन जुलाई माह के प्रथम रविवार को आयोजित किया जा रहा है। इसमें गांवों की बहुओं एवं बेटियों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। सम्मेलन के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ संवाद स्थापित किया जाएगा। साथ ही उनके विरुद्ध होने वाले अपराध, उनके कानूनी अधिकार, महिला सुरक्षा संबंधी कानून, साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी जाएगी। महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1930 एवं 1098 की जानकारी देने के साथ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही उनकी समस्याओं को सुनकर आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### अभिषेक त्रिपाठी को सम्मनपुर, दिनेश को अहिरौली की जिम्मेदारी

**अंबेडकरनगर।** एसपी प्राची सिंह ने जिले के दो थाना प्रभारियों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल कर दिया है। अहिरौली थाने की कमान उप निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह को सौंपी। 1 वर्ष से अधिक समय से यहां तैनात रहे उप निरीक्षक अभिषेक त्रिपाठी को सम्मनपुर थाने भेजा गया है। इनके पहले दिनेश कुमार सिंह बतौर थानाध्यक्ष तैनात थे। एसपी ने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था बेहतर करने के लिए थाना प्रभारियों के क्षेत्र में बदलाव करने के साथ ही उपनिरीक्षको व पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में भी बदलाव किया जा रहा है।

### बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर का मनाया जन्मदिवस



**कोंच (जालौन)-** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर एवं प्रसिद्ध कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार को यहां दरिद्र नारायण सेवा समिति के आश्रम पर ज्ञान-दान-ध्यान महोत्सव का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन बागेश्वर धाम शिष्य मंडल द्वारा किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और अनुयायी शामिल हुए। कार्यक्रम में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ ही जरूरतमंद एवं असहाय लोगों की सेवा से जुड़े कार्य संपादित किए गए। उपस्थित लोगों ने सनातन संस्कृति के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने तथा सामाजिक समरसता और सेवा भाव को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आध्यात्मिकता केवल पूजा-पाठ तक ही सीमित नहीं है, बल्कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद लोगों की सेवा भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भक्ति, ध्यान और सेवा के माध्यम से धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के जन्मोत्सव को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री आचार्य तेजस, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, अनिल कपूर, शिवसिंह कुशवाहा, महेंद्र चन्देरिया, चतुर्भुज चन्देरिया, सुमित अग्रवाल, श्यामजी शर्मा, महेंद्र सोनी, राहुल बाबू, नीरज सोनी, अतुल मिश्रा, रामू अग्रवाल, गौरव आदि शामिल रहे।

### सीएमओ ने नदीगांव सीएचसी का किया निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश



**कोंच (जालौन)-** मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. हरिनंदन प्रसाद ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नदीगांव का औचक निरीक्षण किया। हर पटल पर गहनता से जांच की गई और व्यवस्थाएं ठीक ठाक मिलने पर उन्होंने संतोष जताया। सीएमओ ने चिकित्सा व्यवस्था, साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता और कर्मचारियों की उपस्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं, ओपीडी, इमरजेंसी और वार्डों में साफ-सफाई को संतोषजनक पाया। डॉ. प्रसाद ने दवाओं की उपलब्धता और मरीजों के इलाज से संबंधित अभिलेखों की गहन जांच की। निरीक्षण के बाद, उन्होंने डॉक्टरों और अन्य कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी के प्रति पूर्ण निष्ठावान रहने के निर्देश दिए। सीएमओ ने यह भी कहा कि मरीजों को हर संभव बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

## थारू जनजाति सांस्कृतिक संग्रहालय परिसर में हुआ भव्य वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** वन महोत्सव (1 से 7 जुलाई) के अंतर्गत सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग की भांभर रेंज द्वारा शनिवार को विकासखंड पचपेड़वा के इमिलिया कोडर स्थित थारू जनजाति सांस्कृतिक संग्रहालय परिसर में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्थानीय नागरिकों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख पचपेड़वा मनोज तिवारी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण से निपटने के लिए वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल करने की अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण जनभागीदारी से ही सफल हो सकता है।

वन क्षेत्राधिकारी योगेश प्रताप सिंह ने कहा कि वन महोत्सव का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि लोगों में प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। उन्होंने बताया कि भांभर रेंज में वन महोत्सव के दौरान विभिन्न स्थानों पर लगातार वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। इस अवसर पर वन दरोगा सूर्य नारायण उर्फ टिल्लू सिंह, वनरक्षक शैलेश कुमार पाठक, युवा समाजसेवी सुनील कुमार त्रिपाठी, प्रधान प्रतिनिधि इमिलिया कोडर, बब्लू बाल्मीकि सहित वन विभाग के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया और अधिक से अधिक पेड़ लगाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाने का संदेश दिया।

## कैलिया पुलिस ने गिरफ्तार किया वारंटी



**कोंच (जालौन)-** कैलिया थानाध्यक्ष अवनीश कुमार पटेल ने दरोगा रूपेंद्र पाल सिंह एवं कांस्टेबल प्रबल प्रताप सिंह के साथ मिलकर शनिवार को क्षेत्र के ग्राम पीपरी कलां में दबिश देकर वारंटी चल रहे अभियुक्त श्याम सुंदर पुत्र धनलाल निवासी ग्राम पीपरी कलां को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस द्वारा श्याम सुंदर को अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय में पेश किया गया। श्याम सुंदर के विरुद्ध कुछ समय पूर्व दफा 323, 504, 506, 387 में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। उक्त मुकदमे में न्यायालय में होने वाली तारीखों से गैरहाजिर रहने के चलते न्यायालय द्वारा उसके विरुद्ध वारंट जारी किया गया था।

## वरिष्ठ भाजपा नेता तेजभान सिंह का निधन, अमेठी के गौरीगंज से चार बार रहे विधायक

### ● पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी सहित राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने व्यक्त किया गहरा शोक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** वरिष्ठ भाजपा नेता तेजभान सिंह का निधन हो गया है। तेजभान सिंह अमेठी जिले की गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे। क्षेत्र की जनता उन्हें स्नेहपूर्वक दादा कहकर पुकारती थी। राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया। अमेठी जिले की गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, लोकतंत्र सेनानी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आजीवन समर्पित कार्यकर्ता दादा तेजभान सिंह का शनिवार को 83 वर्ष की आयु में लखनऊ के मैक्स अस्पताल में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। उनके निधन की खबर मिलते ही अमेठी समेत पूरे प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सहित पक्ष और विपक्ष के अनेक नेताओं ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे सार्वजनिक जीवन की अपूरणीय क्षति बताया। राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया।जामो विकासखंड के अचलपुर गांव के निवासी दादा तेजभान सिंह ने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में की थी। आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने के कारण उन्हें करीब आठ महीने जेल में भी रहना पड़ा। इसी कारण उन्हें लोकतंत्र सेनानी के रूप में भी सम्मानपूर्वक जाना जाता था। उन्होंने जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।दादा तेजभान सिंह पहली बार वर्ष 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर गौरीगंज से विधायक निर्वाचित हुए। इसके बाद 1991, 1993 और 1996 में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर लगातार तीन बार जीत दर्ज कर उन्होंने राजनीतिक प्रभाव का परिचय दिया। अमेठी जनपद में भाजपा के संगठन को मजबूत करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान माना जाता है। उनकी गिनती पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के करीबी नेताओं में होती थी।वरिष्ठ भाजपा नेता रोहित पासी ने कहा कि वे न केवल राजपूत समाज बल्कि सभी वर्गों में सम्मानित थे। सादगी, स्पष्टवादिता, निर्भीक व्यक्तित्व और जनसमस्याओं को मुखरता से उठाने के कारण वे गौरीगंज के सबसे तेज-तर्रार विधायकों में गिने जाते थे। आजीवन अविवाहित रहे दादा तेजभान सिंह को क्षेत्र की जनता स्नेहपूर्वक 'दादा' कहकर पुकारती थी। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने परिजनों से फोन पर बात की और कहा कि उनके निधन से अमेठी ने एक ऐसे जननेता को खो दिया, जिसकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी।स्मृति इरानी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि वर्ष 2014 में जब पहली बार अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ने का अवसर मिला, तब दादा तेजभान जी हर कदम पर एक अभिभावक की तरह साथ खड़े रहे। उनका स्नेह, मार्गदर्शन और संगठन के प्रति अटूट विश्वास उस चुनावी संघर्ष से लेकर अब तक मेरे लिए निरंतर संबल स्वरूप रहा। अमेठी की धरती पर उनके जैसा समर्पित कार्यकर्ता और आत्मीय मार्गदर्शक मिलना मेरा सौभाग्य रहा।

## तेज रफ्तार पर यातायात पुलिस की कार्यवाही

### जारी तीन मार्गों पर 338 वाहनों पर कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 34 (एनएच-34) पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 8 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 03 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। आज दिनांक 04.07.2026 में की गयी कार्यवाही के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 66 ट्रक, 02 बस, 101 चार पहिया / दो पहिया 169 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर 03 बस, 104 चार पहिया / दो पहिया 107 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। गंगा बैराज पर 62 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर ने आमजनमानस से अपील की है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें। रॉन्ग साइड वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। सड़क पर गति सीमा को निर्धारित रखें। ओवरटेक हमेशा दाहिनें से करें। यातायात के संकेतो का पालन अवश्य करें। शराब पीकर वाहन न चलायें। नियमों का पालन न केवल आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि दूसरों की जान की हिफाजत भी करता है।

## अपहरण का वांछित धराया, गया जेल



**लालगंज, प्रतापगढ़।** अपहरण के मुकदमे मे वांछित को गिरफ्तार कर पुलिस ने गायब किशोरी की बरामदगी भी की है। गिरफ्तार वांछित को पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के दरोगा राजेन्द्रराम शनिवार की सुबह पुलिसबल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर अपहरण के मुकदमे में वांछित डिहवा पूरे सेवकराय निवासी मोहित सरोज पुत्र वीरेन्द्र सरोज को नया पुरवा के समीप से गिरफ्तार कर लिया। उप निरीक्षक ने बताया कि वांछित द्वारा अपहृत की गयी किशोरी की भी बरामदगी की गयी है। गिरफ्तार किये गये वांछित को जेल भेज दिया गया है।

## नकाबपोश लोगों पर मारपीट का लगाया आरोप



**कोंच(जालौन)-** रास्ते में बाइक रोककर नकाबपोश लोगों द्वारा गाली गलौच कर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम लाड़पुरा निवासी राघवेंद्र अहिरवार पुत्र हरदयाल ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती 2 जुलाई की शाम करीब 4 बजे वह तहसील से वापस अपने गांव जा रहा था। जैसे ही वह बड़ी माता मंदिर कोंच के सामने पहुंचा तभी कुछ नकाबपोश लोगों ने उसकी बाइक रोक ली और गाली गलौच कर उसे मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। शिकायतकर्ता राघवेंद्र ने प्रधान की शह पर उसके साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। कोतवाल का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है, घटना की जांच की जा रही है।

## गैसड़ी पुलिस की तत्परता से साइबर फ्रॉड के 20 हजार पीड़ित के खाते में लौटे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गैसड़ी/बलरामपुर।** थाना कोतवाली गैसड़ी पुलिस की सक्रियता और साइबर हेल्पडेस्क की त्वरित कार्रवाई से साइबर ठगी का शिकार हुए एक व्यक्ति के खाते में ?20,000 की धनराशि सफलतापूर्वक वापस करा दी गई। पुलिस के अनुसार ग्राम सुगांव मझौली निवासी रामसूरत पुत्र जगप्रसाद ने शिकायत दी थी कि 9 व 10 मार्च 2026 को उनके इंडियन बैंक, गैसड़ी शाखा स्थित खाते से AePS के माध्यम से बिना जानकारी के कुल 20,000 निकाल लिए गए। मामले की जानकारी होने पर पीड़ित ने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत मिलते ही थाना कोतवाली गैसड़ी की साइबर हेल्पडेस्क और संबंधित बैंक की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए धनराशि को समय रहते होल्ड करा दिया। इसके बाद तकनीकी जांच, बैंक के नोडल अधिकारी से समन्वय और आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी कर पीड़ित के खाते में पूरे 20,000 वापस करा दिए गए। इस सराहनीय कार्रवाई में थानाध्यक्ष दुर्विजय, उपनिरीक्षक वसी अहमद, कांस्टेबल सुरजीत कुमार सिंह, कांस्टेबल कन्हैया लाल यादव तथा महिला कांस्टेबल सुषमा गौतम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बलरामपुर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी का शिकार हों तो बिना देर किए 1930 साइबर हेल्पलाइन पर कॉल करें या नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें, ताकि समय रहते धनराशि होल्ड कराकर वापस दिलाई जा सके।

## भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी की बड़ी कार्रवाई

### सागवान की लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, पांच गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** भारत-नेपाल सीमा पर अवैध गतिविधियों और वन संपदा की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत नौवीं वाहिनी एसएसबी, बलरामपुर की बीओपी भगवानपुर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से परिवहन की जा रही सागवान की लकड़ी से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर पांच भारतीय व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। एसएसबी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बीओपी भगवानपुर की टीम ने अपने कार्यक्षेत्र के ग्राम विशुनपुर विश्राम के समीप, सीमा स्तंभ संख्या 594/3 से लगभग 10 किलोमीटर भारतीय सीमा के अंदर स्थित एक बगीचे में खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली की तलाशी ली। जांच के दौरान ट्रॉली में बिना किसी वैध परमिट के 28 बोटा सागवान की लकड़ी लदी मिली।

कार्रवाई के दौरान मौके पर चालक सहित पांच लोग मौजूद मिले। पूछताछ में वे लकड़ी के कटान और परिवहन से संबंधित कोई वैध अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद एसएसबी ने ट्रैक्टर-ट्रॉली और लकड़ी को जब्त कर सभी पांचों व्यक्तियों को अभिरक्षा में ले लिया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि इस पूरे मामले का संबंध ठेकेदार अब्दुल हलीम निवासी ग्राम कोल्हई, थाना पचपेड़वा, जनपद बलरामपुर से बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार वह लकड़ी के क्रय-विक्रय एवं परिवहन का कार्य करता है तथा सागवान की लकड़ी फर्नीचर निर्माण के लिए बहराइच, लखीमपुर सहित अन्य जनपदों के कारोबारियों को उपलब्ध कराई जाती है।

जब्त सामग्री में 28 बोटा सागवान की लकड़ी तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली (पंजीकरण संख्या UP55D 7376) शामिल है। एसएसबी ने जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉली, सागवान की लकड़ी और गिरफ्तार सभी व्यक्तियों को अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए वन विभाग की भाभर रेंज के सुपुर्द कर दिया है। वन विभाग मामले में नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर रहा है। **एसएसबी ने कहा है कि भारत-** नेपाल सीमा पर तस्करी, वन अपराध एवं अन्य अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## नहर में नहीं पहुंचा पानी, धान रोपाई प्रभावित

### किसानों ने उठाई सिंचाई व्यवस्था सुधारने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी, शुकुल बाजार।** जुलाई माह शुरू होने के बावजूद क्षेत्र की प्रमुख गेरांवा रजबहा नहर में अब तक पानी नहीं पहुंच सका है। 4 जुलाई बीत जाने के बाद भी नहर सूखी पड़ी है, जिससे क्षेत्र के हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि में धान की रोपाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। बारिश की अनिश्चितता और नहरों में पानी की कमी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसानों का कहना है कि समय पर पानी न मिलने से धान की फसल पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि धान की रोपाई के लिए पर्याप्त पानी की आवश्यकता होती है और नहर के किनारे स्थित अधिकांश खेत पूरी तरह नहर के पानी पर निर्भर हैं। लेकिन इस बार अब तक नहर में पानी नहीं छोड़े जाने से खेत सूखे पड़े हैं। किसान निजी संसाधनों से सिंचाई कराने को मजबूर हैं, जिससे उनकी लागत लगातार बढ़ रही है। डीजल पंप और ट्यूबवेल से सिंचाई करना छोटे एवं मध्यम किसानों के लिए आर्थिक रूप से भारी पड़ रहा है।किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही नहर में हेड से टेल तक पानी नहीं पहुंचाया गया तो धान की रोपाई का समय निकल जाएगा, जिसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ेगा। क्षेत्र के कई गांवों के किसानों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से तत्काल हस्तक्षेप कर सिंचाई व्यवस्था सुचारु कराने की मांग की है। किसानों ने आरोप लगाया कि हर वर्ष सिंचाई विभाग द्वारा समय पर पानी पहुंचाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत दिखाई देती है।स्थानीय किसानों ने कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात करती है, लेकिन यदि समय पर सिंचाई की व्यवस्था ही उपलब्ध न हो सके तो खेती करना कठिन होता जा रहा है।ग्रामीणों एवं किसानों ने शासन-प्रशासन, सिंचाई विभाग के अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि गेरांवा रजबहा में शीघ्र पानी छोड़ा जाए तथा हेड से टेल तक समान रूप से पानी पहुंचाकर किसानों को राहत दिलाई जाए, ताकि समय रहते धान की रोपाई पूरी हो सके।

## साइबर अपराधियों के 34 हजार मोबाइल फोन किए कबाड़, ठगी के लिए करते थे अलग-अलग नंबरों का इस्तेमाल



**आगरा।** साइबर क्राइम थाने और सेल ने साइबर अपराधियों के सबसे महत्वपूर्ण अस्त्र मोबाइल फोन कबाड़ करा दिए। साइबर अपराधी सिम नंबर से धोखाधड़ी करते हैं, जिन्हें कुछ सप्ताह बाद बंद कर देते। पुराने मोबाइल फोन में नई सिम डालकर दोबारा लोगों से ठगी का काम शुरू कर देते हैं। पुलिस ने साइबर अपराधियों के इस महत्वपूर्ण हथियार को कुंद करके उन्हें कबाड़ में बदलने का काम किया। इस वर्ष जनवरी से मई के दौरान 34 हजार मोबाइल फोन के इंटरनेशनल मोबाइल इक्विपमेंट आइडेंटिटी (आइएमईआइ) को ब्लाक करा दिया। देश भर में फैले साइबर अपराधियों के नेटवर्क की कमर तोड़ने की मुहिम आगरा पुलिस ने अगस्त 2025 में शुरू की। दरसअल साइबर अपराधी विभिन्न तरीकों से लोगों से करोड़ों की ठगी करने के बाद सिम को बदल देते थे। उसकी जगह नई सिम लेकर दोबारा ठगी का काम शुरू कर देते थे।

## अमेठी पुलिस व स्वाट/सर्विलांस टीम द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

### कब्जे से मृतका का मोबाइल फोन बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** थानाक्षेत्र अमेठी अन्तर्गत ग्राम रणवीरनगर मजरे जंगल रामनगर में खेत में एक युवती का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर थाना अमेठी पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया गया तथा मृतका की पहचान काजल पुत्री अमरजीत सिंह निवासी रणवीरनगर मजरे जंगल रामनगर थाना व जनपद अमेठी उम्र 19 वर्ष के रूप मे हुई थी। फॉरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही पूर्ण कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया था। मृतका के पिता श्री अमरजीत पुत्र राम बचन सिंह द्वारा थाना अमेठी पर तहरीर देकर विभिन्न धाराओं सहित बीएनएस बनाम सुरजीत सिंह पुत्र अरविन्द सिंह निवासी ग्राम पूरे नेवली पोस्ट रेहुआ लालगंज थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ व उसके कुछ साथी अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया था। पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. द्वारा घटना के अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु 10 टीमों का गठन कर आवश्यक आदेश-निर्देश दिये गये थे।

पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना अमेठी पुलिस द्वारा विभिन्न धाराओं सहित बीएनएस थाना अमेठी से संबंधित अभियुक्त सुरजीत पुत्र अरविन्द सिंह निवासी ग्राम पूरे नेवली पोस्ट रेहुआ लालगंज थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से मृतका का 01 नोकिया मोबाइल फोन बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया वह काजल से प्रेम करता था उसे मिलने के लिये उसे उसके घर के बाहर बुलाया था तथा अपने साथ ले जाने के लिये कह रहा था लेकिन वह चलने के लिये तैयार नहीं थी। काजल द्वारा साथ चलने से मना करने पर उसे क्रोध आ गया और उसने काजल का मुंह दबाकर वहीं गिरा दिया था। मुंह दबाने से उसकी मृत्यु हो गयी थी फिर उसने शव को मेड़ के किनारे रखकर उसके ऊपर पास में पड़े यूकेलिप्टस की झाड़-झंकाड़ डाल दिया था और वहां से भाग गया था। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना अमेठी पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा 25,000 रुपये पुरस्कार की घोषणा की गई है।

## पुलिस व आरटीओ के संयुक्त अभियान में स्कूली वाहनों पर प्रवर्तनात्मक कार्यवाही



**कानपुर।** आज दिनांक 04.07.2026 को RTO, ARTO, PTO एवं टीआई पश्चिम जोन प्रथम द्वारा PSIT कॉलेज व आवास विकास नहर पर स्कूली वाहनों के विरुद्ध संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया।

नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया।

# कैशलेस के साथ 10 लाख शिक्षक-कार्मिकों को मिलेगा ग्रुप लाइफ इंश्योरेंस कवर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग अपने शिक्षकों, शिक्षामित्र, अनुदेशक, रसोइयां, शासकीय व अनुबंधित कार्मिक सभी को सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा देने के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के साथ एमओयू करेगा। इससे विभाग के लगभग 4.50 लाख स्थायी तथा 5.50 लाख संविदा कार्मिक एसबीआई के विशेष सैलरी पैकेज में बीमा सुरक्षा से जुड़ेंगे। यह एमओयू मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में आठ जुलाई को वाराणसी में होने वाले कैशलेस चिकित्सा सुविधा व डीबीटी वितरण कार्यक्रम में होगा। प्रस्ताव के अनुसार जिन स्थायी कार्मिकों का वेतन 10 हजार रुपये से अधिक है, उन्हें 10 लाख रुपये का ग्रुप टर्म लाइफ इंश्योरेंस कवर दिया जाएगा। इसके साथ ही एक करोड़ रुपये का पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस कवर, एक करोड़ रुपये का स्थायी दिव्यांगता बीमा कवर और 1.60 करोड़ रुपये तक का एयर एक्सीडेंट इंश्योरेंस कवर मिलेगा। साथ ही अनहोनी की स्थिति में कार्मिकों के बच्चों की शिक्षा और बेटियों के विवाह के लिए भी एड ऑन कवर उपलब्ध कराया जाएगा। इससे शिक्षकों-कर्मचारियों के परिवार को भी आर्थिक सुरक्षा मिलेगी।एमओयू के तहत 10 हजार रुपये से अधिक कुल मासिक वेतन पाने वाले संविदा कार्मिकों को 30 लाख रुपये तक का पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस कवर मिलेगा। स्थायी विकलांगता की स्थिति में 30 लाख तथा आंशिक विकलांगता में 15 लाख का इंश्योरेंस कवर दिया जाएगा। इसके अलावा एयर एक्सीडेंट की स्थिति में 30 लाख का इंश्योरेंस कवर भी मिलेगा। किसी अनहोनी होने पर कार्मिकों के बच्चों की पढ़ाई व बेटियों के विवाह के लिए भी एड-ऑन कवर भी दिया जाएगा। वहीं 10 हजार से कम नेट मासिक वेतन पाने वाले कार्मिकों को जीरो बैलेंस खाते व रुपे डेबिट कार्ड के आधार पर 1 लाख का इंश्योरेंस कवर दिया जाएगा। एमओयू लागू होने के बाद जिन कार्मिकों के वेतन खाते पहले से भारतीय स्टेट बैंक में हैं, उन्हें एसबीआई के सैलरी पैकेज में बदला जाएगा। जिन कार्मिकों के वेतन खाते भारतीय स्टेट बैंक में नहीं हैं, उन्हें एसबीआई में वेतन खाता खोलने के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि वे भी एमओयू के अंतर्गत उपलब्ध सभी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने सीएम की उपस्थिति में होने वाले एमओयू के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं। ताकि अधिक से अधिक शिक्षक और कर्मचारी इस पहल से अवगत हो सकें। महानिदेशक ने सभी बीएसए को निर्देश दिया है कि वे एसबीआई के स्थानीय अधिकारियों से समन्वय करके उनकी जिलों के कार्यक्रमों में सहभागिता सुनिश्चित करें। साथ ही एमओयू के उद्देश्यों और उससे मिलने वाले लाभों से अवगत भी कराएं। बता दें कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ कार्यक्रम का सभी जिलों में लाइव किया जाएगा।

# यूपीटीईटी-2026 शांतिपूर्ण संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** योगी सरकार की नकलविहीन एवं पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था के तहत विज्ञापन संख्या-01/uptet/2026 शिक्षक पात्रता परीक्षा प्राइमरी स्तर (कक्षा 1 से 5) एवं उच्च प्राइमरी स्तर (कक्षा 6 से 8) की लिखित परीक्षा 02, 03 एवं 04 जुलाई 2026 को प्रदेश के सभी 60 जनपदों में सफ्लतापूर्वक संपन्न हुई।

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि 02 जुलाई, 2026 की दो पालियों एवं 03 जुलाई 2026 की प्रथम पाली में उच्च प्राइमरी स्तर की परीक्षा आयोजित की गयी, जिसमें कुल पंजीकृत 12,11,459 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 10,57,055 अभ्यर्थियों अर्थात 87.25 प्रतिशत ने प्रतिभाग किया। 03 जुलाई 2026 की द्वितीय पाली एवं 04 जुलाई 2026 की प्रथम पाली में प्राइमरी स्तर की परीक्षा हुई, जिसमें पंजीकृत 7,83,202 परीक्षार्थियों में से 7,13,659 अभ्यर्थियों अर्थात 91.12 प्रतिशत ने परीक्षा दी। उच्च प्राइमरी स्तर की परीक्षा में महिला अभ्यर्थियों की प्रतिभागिता 87.00 प्रतिशत एवं प्राइमरी स्तर की परीक्षा में 90.85 प्रतिशत रही।

शनिवार 04 जुलाई को प्रथम पाली में प्रदेश के 955 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित परीक्षा में 3,79,316 पंजीकृत अभ्यर्थियों के सापेक्ष 3,34,775 अर्थात 88.00 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रकार कुल पंजीकृत 19,94,661 परीक्षार्थियों में से 17,70,714 कुल 88.77 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया।

सभी 60 जनपदों में सदस्यगण व सेवानिवृत्त आईएएस व आईपीएस को प्रेक्षक के रूप में नामित किया गया था। सभी प्रेक्षकों ने परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों का अनवरत भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान आयोग में स्थापित ।प् प्दजमहतंजमक ब्वदजतवस ब्वउउंदक त्ववउ से अध्यक्ष, सदस्यगण, सचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं उपसचिव की उपस्थिति में सभी परीक्षा केन्द्रों की सघन निगरानी की गयी तथा परीक्षा केन्द्रों पर लगे ।.ए. कैमरों के माध्यम से परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर सतत् दृष्टि रखी गयी।

।ण्ण् आधारित सॉफ्टवेयर की मदद से परीक्षा के दौरान संदिग्धों की जाँच के पश्चात् प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 02 जुलाई 2026 को 14, 03 जुलाई 2026 को 11 एवं दिनांक 04 जुलाई 2026 को 19 कुल 44 फर्जी परीक्षार्थी जो दूसरे परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़े गये एवं 03 जुलाई 2026 को एक अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में मोबाइल से नकल के प्रयास में पकड़ा गया। उक्त सभी के विरूद्ध अग्रेतर विधिक कार्यवाही हेतु स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के सभी निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सुचारू रूप से पारदर्शी, नकल विहीन, शुचितापूर्ण, निर्विघ्न एवं ससमय सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हुई।

अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने शिक्षक पात्रता परीक्षा के सफ्ल संचालन में सम्बन्धित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन, सतर्कता विभाग एवं एसटीएफके सक्रिय सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही सभी परीक्षार्थियों, केन्द्र व्यवस्थापकों, प्रेक्षकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों/सहयोगियों के प्रति आयोग की ओर से आभार प्रकट किया।

# बच्चों की आम खाने की प्रतियोगिता में दिखा जबरदस्त उत्साह

**27 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमतीनगर में आयोजित आम महोत्सव-2026 के दूसरे दिन शनिवार को बच्चों के लिए आयोजित आम खाने की प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। योगी सरकार की पहल पर आयोजित इस प्रतियोगिता में 8 से 12 वर्ष आयु वर्ग के 27 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और निर्धारित समय में अधिक से अधिक आम खाने की चुनौती स्वीकार की। प्रतियोगिता के तहत प्रत्येक प्रतिभागी को दो-दो किलोग्राम आम दिए गए। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जबकि आयोजन स्थल बच्चों की किलकारियों और दर्शकों की तालियों से गूंज उठा। प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार 10 मिनट की निर्धारित अवधि में सर्वाधिक मात्रा में आम खाने वाले बच्चों को विजेता घोषित किया जाएगा। विजेताओं को महोत्सव के समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार आम महोत्सव का अंतिम दिन 5 जुलाई को खाद्य प्रसंस्करण विषय पर आयोजित तकनीकी सत्र से शुरू होगा, जिसमें विशेषज्ञ आम आधारित प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और आधुनिक तकनीकों पर विस्तार से जानकारी देंगे। महोत्सव का भव्य समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह रविवार शाम 4 बजे आयोजित होगा। समारोह में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक तथा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर प्रदर्शनी और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए जाएंगे।

# आम महोत्सव-2026 के दूसरे दिन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तकनीकी सत्र सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** योगी सरकार की पहल पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित तीन दिवसीय 'उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2026' के दूसरे दिन शनिवार को उद्यान विभाग के उच्चाधिकारियों, कृषि वैज्ञानिकों और प्रदेशभर से आए प्रगतिशील आम उत्पादक किसानों के बीच एक तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। इस तकनीकी सत्र का मुख्य उद्देश्य आम की बागवानी को आधुनिक तकनीकों से जोड़ना, फसलों की गुणवत्ता में सुधार करना और किसानों की आय को दोगुना करने के उपायों पर गहन मंथन करना था। सत्र के दौरान विशेष रूप से आम के विपणन, प्रसंस्करण और निर्यात की संभावनाओं पर बल दिया गया। वैज्ञानिकों और निर्यात विशेषज्ञों ने किसानों को समझाया कि कैसे सही पैकेजिंग और ब्रांडिंग के जरिए वे अपने उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचा सकते हैं। विशेषज्ञों ने पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन, मूल्य संवर्धन, निर्यात मानकों, प्राकृतिक खेती तथा स्टार्टअप की संभावनाओं पर किसानों को विस्तृत जानकारी दी। साथ ही आम की सुरक्षित तुड़ाई, भंडारण और ग्रेडिंग की आधुनिक विधियों से अवगत कराया गया ताकि प्रदेश के विश्वप्रसिद्ध आमों को वैश्विक बाजार में सही मूल्य मिल सके।

उद्यान विभाग के अधिकारियों ने बताया कि योगी सरकार किसानों को गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री, वैज्ञानिक परामर्श तथा बेहतर विपणन सुविधाएं उपलब्ध कराकर बागवानी को नई ऊंचाइयों तक ले जा रही है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य आम उत्पादकों को वैश्विक बाजार से जोड़कर उनकी आय में बढ़ोतरी करना है। तकनीकी सत्र में एपीडा, केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान लखनऊ, एफपीओ प्रतिनिधि तथा खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विशेषज्ञ भी शामिल हुए।

योगी सरकार द्वारा तीन दिवसीय 'उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2026' के दूसरे दिन शनिवार को जन भवन, लखनऊ में 'मैंगो बायर-सेलर मीट' का आयोजन किया गया, जिसमें राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह उपस्थित रहें। इस मीट में आम निर्यातकों और उत्पादकों के बीच अनुबंध (डव्न) हुए, जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश के किसानों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों से सीधे जोड़कर आमों को वैश्विक बाजार और सही मूल्य दिलाना था। उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश की भारत के कुल आम उत्पादन में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है। उन्होंने उद्योगपतियों से खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ लगाने का आग्रह किया और योगी सरकार द्वारा 50 प्रतिशत तक सब्सिडी का उल्लेख किया। उद्यान मंत्री ने जेवर एयरपोर्ट बनने से आमों के निर्यात में आसानी और किसानों की आय में वृद्धि की संभावना पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राज्य की कुल कृषि भूमि में उद्यान फसलों का क्षेत्रफल केवल 9 प्रतिशत होने के बावजूद, उनका उत्पादन में 42 प्रतिशत और मूल्य में 52 प्रतिशत योगदान है।

# डालमिया चीनी मिल जवाहरपुर में मंडलीय गन्ना विकास समीक्षा बैठक संपन्न



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रामकोट सीतापुर।** उप गन्ना आयुक्त, लखनऊ राजेशधर द्विवेदी के निर्देशन में शनिवार को डालमिया चीनी मिल, जवाहरपुर के सभागार में मंडलीय गन्ना विकास समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लखनऊ मंडल की सभी चीनी मिलों के गन्ना विकास कार्यों एवं आगामी पेराई सत्र की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उप गन्ना आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों एवं चीनी मिल प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गन्ना विकास कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। उन्होंने आगामी पेराई सत्र की सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी करने तथा विभागीय योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने पर जोर दिया। समीक्षा बैठक में गन्ना सर्वे, विकास कार्य, समिति संचालन तथा अन्य विभागीय बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में मंडल के सभी जिला गन्ना अधिकारी, महाप्रबंधक (गन्ना), समिति सचिव, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। डालमिया चीनी मिल जवाहरपुर की ओर से महाप्रबंधक (गन्ना) आज़ाद सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान जवाहरपुर चीनी मिल के सहायक अधिशासी निदेशक सुधीर वर्मा ने उप गन्ना आयुक्त राजेशधर द्विवेदी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

## संक्षिप्त खबरें

### कमरे में साड़ी के फंदे से लटकता मिला नवविवाहिता का शव, जांच में जुटी पुलिस

**महमूदाबाद, सीतापुर।** सदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलाबाद में एक नवविवाहिता का शव घर के कमरे के अंदर साड़ी के फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, जबकि मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही सदरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। यदि विवाह सात वर्ष के भीतर हुआ है, तो नियमानुसार मजिस्ट्रेटी जांच और अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लखनऊ आगमन पर भव्य स्वागत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लखनऊ आगमन पर राजधानी में उत्साह और स्वागत का अभूतपूर्व माहौल देखने को मिला। शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर कार्यकर्ताओं, व्यापारियों एवं सामाजिक संगठनों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जगह-जगह पुष्पवर्षा, फूल-मालाओं एवं स्वागत द्वारों के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष का काफिला सुबह लगभग 11:30 बजे लखनऊ एयरपोर्ट से रवाना होकर ट्रांसपोर्ट नगर, कृष्णा नगर, आलमबाग होते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय पहुंचा। पूरे मार्ग पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, व्यापारी और आम नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने उत्साहपूर्वक उनका स्वागत किया। इसी क्रम में लखनऊ व्यापार मंडल की ओर से भी राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ एवं मालाओं के साथ उनका अभिनंदन करते हुए संगठन की ओर से शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

# घर से हॉस्टल के लिए निकले युवक का खून से लथपथ मिला शव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महमूदाबाद।** सीतापुर स्थानीय कस्बा अंतर्गत मोहल्ला शहजानी क्षेत्र के बरदही बाजार में बीती रात उस समय हड़कंप मच गया और सनसनी फैल गई, जब सड़क किनारे एक युवक का लहूलुहान शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। मृतक की पहचान महमूदाबाद के रामकुंड चौराहा निवासी मनोज शुक्ला के रूप में की गई है। शव मिलने की खबर जंगल में आग की तरह पूरे इलाके में फैल गई, जिसके बाद मौके पर स्थानीय नागरिक और राहगीरों की भारी भीड़ जुट गई। मंजर इतना खौफनाक था कि जिसने भी शव को देखा, उसकी रूह कांप उठी। घर से हॉस्टल के लिए निकले थे मनोज शुक्ला, फिर नहीं लौटे परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक, मनोज शुक्ला रात करीब 8 से साढ़े 8 बजे के बीच अपने घर से हॉस्टल जाने के लिए निकले थे। जब काफी देर बीत जाने के बाद भी वह वापस नहीं लौटे, तो परिजनों को चिंता होने लगी।



मृतक मनोज शुक्ला

उन्होंने मनोज के मोबाइल पर कई बार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन लगातार बजता रहा और कोई जवाब नहीं मिला। अनहोनी की आशंका को देखते हुए परिजनों ने तुरंत उनकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद, परिजनों को मनोज का शव बरदही इलाके में मुख्य मार्ग के किनारे झाड़ियों के पास खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। शव को देखते ही परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई और उन्होंने बिना वक्त गंवाए तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि युवक के सिर पर किसी भारी वस्तु, कुल्हाड़ी या धारदार हथियार से कई बार बेरहमी से वार किए गए प्रतीत होते है। सिर पर गहरे और जानलेवा जख्मों के निशान साफ तौर पर चीख-चीख कर बयां कर रहे हैं कि यह कोई सामान्य हादसा नहीं, बल्कि बेहद क्रूरता से अंजाम दी गई हत्या की वारदात है। रात के अंधेरे में पुलिस महकमे में मची खलबली, मौके पर पहुंची फॉरेंसिक व डॉग स्क्वायड टीम घटना की सूचना मिलते ही महमूदाबाद कोतवाली पुलिस बिना एक पल गंवाए भारी पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंची। अंधेरी रात में टॉर्च और पुलिस वाहनों की लाइटों के सहारे घटनास्थल की घेराबंदी की गई। मामले की संवेदनशीलता और हत्या की क्रूरता को देखते हुए तत्काल जिला मुख्यालय सीतापुर से फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स और डॉग स्क्वायड की टीम को भी मौके पर बुला लिया गया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से खून से सनी मिट्टी, फिंगरप्रिंट्स के निशान और अन्य महत्वपूर्ण वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रित किए हैं। पुलिस ने साक्ष्यों की सुरक्षा के लिए आस-पास के इलाके को सील कर दिया है और रास्तों पर गहन तलाशी अभियान चलाया ताकि हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार या कोई अन्य सुराग हाथ लग सके। पुरानी रंजिश, आपसी विवाद या कोई गहरा राज? हर एंगल पर तफ्तीश इस सनसनीखेज वारदात को लेकर पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और तरह-तरह की चर्चाएं आम हैं। पुलिस के आला अधिकारियों का कहना है कि वे इस मामले में हर एक पहलू को बहुत ही बारीकी से खंगाल रहे हैं, पहला एंगल कि क्या युवक की किसी से पुरानी दुश्मनी या रंजिश चल रही थी? दूसरा एंगल कि क्या देर रात किसी बात को लेकर दोस्तों या जान-पहचान वालों से कोई विवाद हुआ, जो खूनी खेल में बदल गया? तीसरा एंगल कि क्या किसी सोची-समझी साजिश के तहत युवक को सुनसान जगह पर बुलाकर मौत के घाट उतारा गया? पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को अंत्यपरीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सटीक समय और सिर पर किए गए वार के हथियार के बारे में आधिकारिक पुष्टि हो पाएगी। परिजनों की तहरीर और मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात/संदिग्धों के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक, जल्द ही इस अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझा लिया जाएगा और वारदात को अंजाम देने वाले हत्यारे सलाखों के पीछे होंगे। इस जघन्य अपराध के बाद से मृतक मनोज शुक्ला के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय जनता में भारी आक्रोश और खौफ व्याप्त है, और लोग पुलिस से अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

**एसपी ने कहा कि 'प्रथम दृष्टया मर्डर, वैज्ञानिक तरीके से हो रही जांच**

**मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वयं सीतापुर के पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक, एसओजी टीम और पुलिस क्षेत्राधिकारी ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने आधिकारिक बयान देते हुए पुलिस की त्वरित कार्रवाई की जानकारी दी। पुलिस कार्रवाई के मुताबिक पीड़ित परिवार द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने तत्काल संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। शव का पोस्टमार्टम डॉक्टरों के एक विशेष पैनल द्वारा कराया गया है। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है। मामले में नामजद किए गए कुछ आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, वहीं अन्य संदिग्धों को भी पूछताछ के लिए बैठाया जा रहा है। पीड़ित परिवार की तहरीर पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पैनल के डॉक्टरों और वीडियोग्राफी के माध्यम से पोस्टमार्टम कराया गया है। घटनास्थल का मेरे, एडिशनल एसपी, एसओजी और सीओ साहब द्वारा मुआयना किया गया है। प्रथम दृष्टया यह मामला मर्डर का लग रहा है। हम सभी एंगल से और पूरी तरह वैज्ञानिक तरीके से इस मामले की जांच कर रहे हैं। कुछ नामजद लोगों को पूछताछ के लिए बैठाया गया है। जल्द ही घटना का अनावरण कर सच्चाई सामने लाई जाएगी और जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। – अंकुर अग्रवाल, स्वकसीतापुर**

# अखण्ड भारत पुनर्निर्माण में सहकारिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : जे.पी.एस. राठौर

**सहकारिता भारतीय जीवनशैली, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों से जुड़ी हुई व्यवस्था**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस की पूर्व संध्या पर भारत-तिब्बत समन्वय संघ द्वारा आयोजित 'अखण्ड भारत पुनर्निर्माण में सहकारिता की भूमिका' विषयक ऑनलाइन राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जे.पी.एस. राठौर ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्री राठौर ने कहा कि भारत-तिब्बत समन्वय संघ द्वारा इस महत्वपूर्ण विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन एक अभिनव एवं दूरदर्शी पहल है। उन्होंने कहा कि सहकारिता केवल एक आर्थिक व्यवस्था नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाली एक सशक्त भावना है। जब सहकारिता संस्कार और सेवा भाव के साथ कार्य करती है, तब उसके परिणाम समाज और राष्ट्र के लिए अत्यंत सकारात्मक होते हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2021 में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना तथा उसके नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र में किए गए सुधारों ने देश में सहकारिता आंदोलन को नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से किसानों, युवाओं और छोटे उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। अपने संबोधन में श्री राठौर ने गुजरात के अमूल मॉडल का उल्लेख करते हुए कहा कि किसानों की सामूहिक शक्ति ने यह सिद्ध किया कि छोटे-छोटे संसाधनों को संगठित कर बड़े आर्थिक परिवर्तन संभव हैं। उन्होंने कहा कि सहकारिता का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक आर्थिक समृद्धि और आत्मनिर्भरता पहुँचाना है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार सहकारिता क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए नई नीतियाँ, उपविधियाँ एवं योजनाएँ लागू कर रही है। सहकारिता के माध्यम से प्रारंभ की गई भारत टैक्सी जैसी पहल रोजगार, आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तीकरण का नया मॉडल बनकर उभर रही है तथा सरकार इसे संस्थागत सहयोग एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्यमंत्री ने कहा कि सहकारिता भारतीय जीवनशैली, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों से जुड़ी हुई व्यवस्था है। बेरोजगारी जैसी चुनौतियों का समाधान भी सहकारिता के माध्यम से किया जा सकता है। छोटे-छोटे किसान समूह बनाकर कृषि, डेयरी एवं अन्य व्यवसायों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 'बिना संस्कार, नही सहकार' की भावना के साथ कार्य करने पर भ्रष्टाचार एवं अराजकता जैसी समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2017 के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में व्यापक सुधार किए गए हैं। बंद पड़े 16 जिला सहकारी बैंकों को पुनर्जीवित किया गया तथा आज प्रदेश के 50 में से 46 जिला सहकारी बैंक लाभ की स्थिति में हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इन बैंकों ने ?152.78 करोड़ का लाभ अर्जित किया है।

# लखनऊ के प्रथम आगमन पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का भव्य स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** लखनऊ राजधानी लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के लखनऊ में प्रथम आगमन पर राजधानी का माहौल पूरी तरह स्वागतमय नजर आया। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय (अमौसी) हवाई अड्डे से उनके बाहर निकलते ही पार्टी कार्यकर्ताओं, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों तथा आम नागरिकों ने जगह-जगह फूलों की वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया। पूरे मार्ग पर उत्साह, जोश और भाजपा के पक्ष में नारों की गूंज सुनाई दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वार बनाए गए थे। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं, पुष्पवर्षा और जयघोष के साथ उनका अभिनंदन किया। बड़ी संख्या में भाजपा समर्थक हाथों में पार्टी के झंडे लिए मौजूद रहे और 'भारत माता की जय' तथा 'भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद' के नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। इसी क्रम में राजधानी के अधिवक्ताओं ने भी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। अधिवक्ताओं ने पुष्पगुच्छ एवं मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर लखनऊ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुरेश पांडे तथा भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ के संयोजक के.के. मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मौजूद अधिवक्ताओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को पुनः प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी की नीतियों, सुशासन और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है तथा जनता का विश्वास भाजपा के साथ मजबूती से जुड़ा हुआ है।

# सम्पादकीय

## रील्स के युग में 'लक्ष्मण रेखा' कहां तक

सोशल मीडिया पर आज जिस तरह के कंटेंट देखने को मिल रहे हैं उनको देखकर एक बात मन में तो जरूर उठती है कि इसकी कुछ सीमाएं अति आवश्यक हैं क्योंकि रील मेकर्स व्यूज पाने के लिए अभद्र से अभद्र सामग्री डाल रहे हैं। आजादी ठीक है लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम समाज को नग्नता परोसें। ऐसा नहीं है कि सरकार इस विषय में कुछ सोच न रही हो लेकिन लोग इसको उनकी आजादी में खलल के हिसाब से देखने लगते हैं। इंस्टाग्राम पर कथित आपत्तिजनक सामग्री को लेकर केन्द्र सरकार ने मेटा पर सख्त रुख अपनाया है। मेटा की टीम ने कल ही इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधिकारियों से मुलाकात की है। सरकार ने बीते दिनों इस मामले में तीन दिनों के भीतर विस्तृत जवाब मांगा है। मेटा ने तय समय-सीमा के भीतर अपना अंतिम जवाब देने का आश्वासन दिया है। इसी बीच सूत्रों के अनुसार केन्द्र सरकार ने इंस्टाग्राम पर बाल यौन शोषण से जुड़ी आपत्तिजनक सामग्री को बढ़ावा देने वाले कथित विज्ञापनों को भी गंभीरता से लिया है। 30 सेकंड की रील और एक स्वाइप का दौर। सोशल मीडिया के इस दौर में अभिव्यक्ति की आजादी और अश्लीलता के बीच की लाइन बेहद पतली हो गई है। खासकर इंस्टाग्राम पर, जहां युवा कंटेंट क्रिएटर से लेकर ब्रांड तक सब एक्टिव हैं। ऐसे में सवाल उठता है: आखिर इंस्टाग्राम पर 'अभद्र' माना क्या जाएगा? मेटा की कम्युनिटी गाइडलाइंस का जवाब सीधा है: 'बात कर सकते हो, दिखा नहीं सकते। इंस्टाग्राम की नीति में कुछ मुद्दों पर जीरो टॉलरेंस है। यहां ड्रू बी और यूजर रिपोर्ट भी तुरंत एक्शन लेती है। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों की किसी भी प्रकार की नग्न या यौन संदर्भ वाली सामग्री। यह केवल प्लेटफॉर्म का नियम नहीं, बल्कि कानूनी अपराध है। बलात्कार, अनाचार, जानवरों के साथ यौन संबंध को महिमामंडित करना या उसका ग्राफिक वर्णन, इस पर तुरंत रोक लगानी चाहिए। पीली रेखा: 'सेंसिटिव कंटेंट' का दायरा- यह सामग्री प्लेटफॉर्म से हटेगी नहीं, लेकिन इंस्टाग्राम खुद इसकी पहुंच सीमित कर देगा। यह रील्स टैब एक्सप्लोर और हैशटैग पेज पर दिखाई नहीं देगी। इसमें क्या आता है? बिकनी, पारदर्शी कपड़े, शरीर के अंगों पर फोकस करने वाले वीडियो। सेक्स शिक्षा पर बात करना ठीक है, पर अगर वीडियो में उत्तेजक इशारे या अश्लील ऑडियो जोड़ा गया तो वह इसी श्रेणी में चला जाएगा। हरी रेखा: जो पूरी तरह स्वीकार्य है- रोमांटिक किस, आलिंगन, बॉडी पॉजिटिविटी, सर्जरी के निशान, पीरियड और स्वास्थ्य से जुड़ी जागरूकता वाले कंटेंट पर कोई रोक नहीं है। क्यों जरूरी है ये सीमा? साइबर कानून विशेषज्ञ अधिवक्ता प्रांजल शुक्ला कहते हैं, द्'इंस्टाग्राम पर 13 साल से ऊपर के बच्चे भी हैं। अगर प्लेटफॉर्म पर कोई नियंत्रण न हो तो यह अश्लीलता का अड्डा बन जाएगा। इसलिए मेटा ने ' कॉन्टेक्स्ट इंटेंट और डिस्प्ले' का फॉर्मूला बनाया है।' मतलब: डॉक्टर अगर सेक्स एजुकेशन दे रहा है तो चलेगा। वही बात अगर कॉमेडी के नाम पर भद्दे इशारों से की जाए तो नियम तोड़ेगी। सजा का प्रावधान - नियम तोड़ने पर पहले पोस्ट हटाकर वार्निंग मिलती है। दोबारा करने पर 24 घंटे से 7 दिन तक अकाउंट रिस्ट्रिक्ट। तीसरी बार में स्थायी बैन। 2024 में Meta ने भारत में ही हजारों अकाउंट अश्लील सामग्री के कारण हटाए थे। क्रिएटर्स के लिए जरूरी बातें- रील्स का कवर फोटो सबसे ज्यादा रिपोर्ट होता है। बैकग्राउंड में चल रहे गाने के बोल अगर अश्लील हैं, तो वीडियो भी येलो ज़ोन में जाएगा। बायो में 18+ वेबसाइट का लिंक डालना सीधे अकाउंट सस्पेंशन का कारण बनता है। डिजिटल इंडिया में इंस्टाग्राम संवाद का बड़ा माध्यम बन चुका है। पर आजादी का मतलब अराजकता नहीं। प्लेटफॉर्म की यही कोशिश है कि वह 'डिजिटल सार्वजनिक स्थान' बना रहे, 'डिजिटल रेड-लाइट एरिया' नहीं।

**संपादक/लेखक: राजीव शुक्ला**

# जल के बिना भी संकट, जल के साथ भी संकट

भारतीय शहर आज विकास की सबसे बड़ी विडंबना का प्रतीक बन चुके हैं। वर्ष का एक हिस्सा पानी की एक-एक बूंद के लिए भटकते हुए गुजरता है, तो दूसरा उसी पानी से बचने के संघर्ष में। कुछ ही महीने पहले दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई जैसे महानगरों में सूखे नल, घटता भूजल, टैंकरों के पीछे लंबी कतारें और 'वॉटर क्राइसिस' के बोर्ड दिखाई दे रहे थे। आज वही शहर मूसलाधार बारिश में डूबे हैं। सड़कें नदियों में बदल गई हैं, मेट्रो स्टेशन जलमग्न हैं, वाहन बह रहे हैं और जनजीवन ठप पड़ा है। यह केवल मौसम का उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि उस विकास मॉडल की विफलता है जिसने प्रकृति के साथ चलने के बजाय उसे पराजित करने का भ्रम पाल लिया। सबसे बड़ी चिंता यह है कि जल संकट और जलभराव अब अलग-अलग समस्याएँ नहीं, बल्कि एक ही अव्यवस्थित व्यवस्था के दो चेहरे हैं। गर्मियों में दिल्ली का भूजल खतरनाक स्तर तक गिर जाता है और लोग पानी के लिए भटकते हैं, जबकि मानसून की पहली तेज बारिश में वही इलाके घुटनों तक पानी में डूब जाते हैं। मुंबई में हर वर्ष लोकल ट्रेनें ठप पड़ती हैं और लाखों लोग प्रभावित होते हैं। तकनीकी राजधानी बेंगलुरु में सड़कें जलमग्न होने पर आईटी कंपनियों को वर्क फ्रॉम होम लागू करना पड़ता है। चेन्नई में 2015 की विनाशकारी बाढ़ की यादें आज भी भय पैदा करती हैं। शहरी विकास मंत्रालय के अनुसार, पिछले पाँच वर्षों में प्रमुख शहरों में जलभराव की घटनाएँ लगभग 35 प्रतिशत बढ़ी हैं। यह केवल वर्षा की तीव्रता नहीं, बल्कि हमारी योजनागत विफलता का प्रमाण है। इस संकट की जड़ें प्रकृति में नहीं, हमारी विकास नीति में हैं। शहरों के अंधाधुंध विस्तार ने झीलों, तालाबों, वेटलैंड्स और प्राकृतिक जलमार्गों को निगल लिया। सदियों तक वर्षा जल सँभालने वाले जलाशयों की जगह मॉल, बहुमंज़िला इमारतें, कॉलोनियाँ और सड़कें खड़ी हो गईं। नतीजतन वर्षा जल के प्राकृतिक निकास मार्ग समाप्त हो गए। बादल अपना काम करते हैं, लेकिन शहर विफल हो जाते हैं। पानी के पास बहने का रास्ता नहीं बचता, इसलिए वह सड़कों, बेसमेंटों, मेट्रो स्टेशनों और रिहायशी इलाकों में भर जाता है। दिल्ली-एनसीआर का अनेक स्थानों पर 50-60 वर्ष पुराना ड्रेनेज तंत्र आज की आबादी और वर्षा का दबाव नहीं झेल पा रहा, जबकि मुंबई में समुद्र से पुनः प्राप्त भूमि पर जल निकासी और गंभीर हो गई है। प्रकृति को कुचलकर किए गए विकास की कीमत आज हर नागरिक चुका रहा है। स्थिति इसलिए अधिक गंभीर है क्योंकि यह कोई अप्रत्याशित आपदा नहीं। हर वर्ष मानसून आता है, भारी बारिश होती है और जलभराव होता है, फिर भी प्रशासन की तैयारी अधूरी रहती है। नालों की सफाई अधूरी, पंपिंग स्टेशन खराब, ड्रेनेज का आधुनिकीकरण फाइलों में और जल निकासी पर निवेश नाकाफी रहता है। नतीजा, कुछ घंटों की बारिश ही शहर की रफ्तार थाम देती है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, शहरी बाढ़ से हर वर्ष हजारों करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान होता है। इसके बावजूद स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में ड्रेनेज, भूजल पुनर्भरण और वर्षा जल प्रबंधन प्राथमिकता नहीं बन पाए। योजनाएँ आधुनिक दिखती हैं, लेकिन बुनियादी ढाँचा आज भी जर्जर और उपेक्षित है। प्रशासनिक उदासीनता की सबसे बड़ी कीमत आम नागरिक चुकाते हैं। कर्मचारी घंटों जाम में फँसते हैं, विद्यार्थी विद्यालय नहीं पहुँच पाते, छोटे व्यापारी कारोबार ठप होने को विवश होते हैं और कई बार गंभीर रोगी समय पर अस्पताल तक नहीं पहुँच पाते। जलभराव केवल असुविधा नहीं, बल्कि दुर्घटनाओं, संक्रामक रोगों, बिजली संकट और आर्थिक ठहराव का कारण बनता है। दूसरी ओर गर्मियों में यही नागरिक टैंकरों से महँगा पानी खरीदने को मजबूर होते हैं। यानी कुछ ही महीनों में एक ही शहर पानी की कमी और पानी की अधिकता—दोनों का संकट झेलता है। इससे बड़ा विकास का विरोधाभास क्या हो सकता है? स्पष्ट है कि समस्या का समाधान केवल राहत कार्यों से नहीं होगा। भारत को ऐसी समग्र जल नीति चाहिए, जो

> ✦ जल संकट और जलभराव का विरोधाभास - गर्मियों में पानी की कमी, जबकि बरसात में वही पानी बाढ़ और जलभराव का कारण बनता है।
> ✦ विकास मॉडल की विफलता - प्रकृति के अनुरूप विकास न होने से शहर जल संकट और बाढ़ दोनों झेल रहे हैं।
> ✦ प्राकृतिक जल स्रोतों का विनाश - झीलों, तालाबों, वेटलैंड्स और प्राकृतिक जलमार्गों पर निर्माण होने से वर्षा जल का प्राकृतिक निकास बाधित हुआ।
> ✦ पुरानी और कमजोर ड्रेनेज व्यवस्था - अधिकांश शहरों का जल निकासी तंत्र वर्तमान आबादी और भारी वर्षा का सामना करने में सक्षम नहीं है।
> ✦ प्रशासनिक लापरवाही - नालों की समय पर सफाई, पंपिंग स्टेशन और ड्रेनेज आधुनिकीकरण की कमी से हर वर्ष स्थिति बिगड़ती है।

जल संरक्षण, जल निकासी और भूजल पुनर्भरण—तीनों को समान महत्व दे। हर नए निर्माण में वर्षा जल संचयन, पर्मिएबल सड़कें तथा वेटलैंड्स, झीलों और तालाबों का संरक्षण अनिवार्य हो। उपेक्षित पारंपरिक जलाशयों के पुनर्जीवन का राष्ट्रीय अभियान चलाया जाए। दिल्ली, बेंगलुरु और हैदराबाद में वेटलैंड पुनर्स्थापन के सफल मॉडल साबित कर चुके हैं कि राजनीतिक इच्छाशक्ति और वैज्ञानिक योजना से जल संकट और जलभराव, दोनों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। अब इन्हें देश की शहरी नीति का अनिवार्य हिस्सा बनाना होगा। समय आ गया है कि शहरों की योजना कंक्रीट नहीं, जल के आधार पर बने। किसी भी सड़क, कॉलोनी, फ्लाईओवर, मेट्रो या आवासीय परियोजना को तभी स्वीकृति मिले, जब वह प्राकृतिक जल प्रवाह में बाधा न बने। शहरी नियोजन का हर निर्णय इस सोच पर आधारित हो कि वर्षा का पानी संकट नहीं, भविष्य की जल सुरक्षा का सबसे बड़ा स्रोत है। वर्षा जल का वैज्ञानिक संचयन, भूजल पुनर्भरण और प्राकृतिक जलमार्गों का पुनर्जीवन सुनिश्चित हो जाए, तो आज का यही पानी कल सबसे बड़ी जीवन-संपदा बन सकता है। भारतीय शहर आज ऐसे मोड़ पर खड़े हैं, जहाँ विकास की दिशा बदलना अनिवार्य है। प्रकृति से संघर्ष कर कोई सभ्यता लंबे समय तक सुरक्षित नहीं रह सकती। जो विकास प्रकृति को मिटाता है, प्रकृति भी उसे टिकने नहीं देती। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई—हर महानगर यही चेतावनी दे रहा है कि अभी भी समय है। यदि जल-संवेदनशील शहरी नियोजन, उत्तरदायी प्रशासन और प्रभावी जल नीति को तुरंत लागू नहीं किया गया, तो आने वाले वर्षों में शहर हर मानसून में डूबेंगे और हर गर्मी में प्यासे रहेंगे। तब इतिहास यही दर्ज करेगा कि हमने पानी को संसाधन नहीं, संकट बना दिया—और यही हमारे विकास मॉडल की सबसे बड़ी विडंबना होगी।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# प्रदेश के सभी जिलों में 'हुनर से आत्मनिर्भरता' का महा-अभियान

प्रदेश के पारंपरिक उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने तथा युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने एक और महत्वपूर्ण पहल की है। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के विजन को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा 'एक जनपद-एक उत्पाद' योजना के अंतर्गत प्रदेश के सभी 75 जनपदों में व्यापक कौशल विकास अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से कुल 8,525 युवाओं को उनके जिले के प्रमुख पारंपरिक उत्पादों से जुड़े आधुनिक एवं उद्योगोन्मुखी कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की यह पहल स्थानीय उत्पादों को आधुनिक तकनीक, डिजाइन, गुणवत्ता, पैकेजिंग एवं डिजिटल मार्केटिंग से जोड़ते हुए उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार तथा स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे और स्थानीय उद्योगों को प्रशिक्षित मानव संसाधन प्राप्त होगा। उत्तर प्रदेश का हर जिला किसी न किसी खास हुनर और उत्पाद के लिए जाना जाता है। कहीं की साड़ी, कहीं का इत्र, कहीं का ताला तो कहीं का फर्नीचर। लेकिन बदलते समय के साथ ग्राहक की पसंद, डिजाइन और क्वालिटी के मानक भी बदल गए हैं। ऐसे में पारंपरिक कारीगरी को आधुनिक कौशल से जोड़ना जरूरी हो गया है। उ0प्र0 कौशल विकास मिशन का यह अभियान इसी जरूरत को पूरा कर रहा है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को दो चरणों में लागू किया है। प्रथम चरण का शुभारंभ 1 अप्रैल 2026 से किया गया, जिसमें प्रदेश के 17 जनपदों के 1,050 युवाओं को 'एक जनपद एक उत्पाद' आधारित विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम चरण की सफलता तथा युवाओं की बढ़ती भागीदारी को देखते हुए अब अभियान का विस्तार करते हुए दूसरे चरण में शेष 58 जनपदों के 7,475 युवाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दोनों चरणों को मिलाकर प्रदेश के सभी 75 जनपदों में कुल 8,525 युवाओं को उनके जिले के प्रमुख एक जनपद एक उत्पाद के उत्पादों के निर्माण, डिजाइनिंग, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग, ब्रांडिंग, डिजिटल मार्केटिंग एवं उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क है और चयनित युवाओं को प्रशिक्षण अवधि में स्टाइपेंड भी दिया जाएगा। कौशल विकास मिशन द्वारा प्रत्येक जिले के प्रमुख पारंपरिक उत्पाद एवं उद्योग की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किए गए हैं। इन मॉड्यूल को तैयार करने में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, आईआईटी कानपुर के इनक्यूबेशन सेंटर और स्थानीय एक्सपोर्ट हाउस की मदद ली गई है। प्रशिक्षण का फोकस केवल 'उत्पाद बनाना' सिखाने पर नहीं है, बल्कि 'उत्पाद बेचना' और 'ब्रांड बनाना' सिखाने पर भी है। हर कोर्स में डिजाइन इनोवेशन, लागत घटाना, जीरो डिफेक्ट प्रोडक्शन, आकर्षक पैकेजिंग, ई-कॉमर्स ऑनबोर्डिंग और सोशल मीडिया मार्केटिंग को शामिल किया गया है। प्रथम चरण में एटा में 575 युवाओं को हस्तशिल्प का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहां पीतल के पारंपरिक घंटों और सजावटी सामान को अब कंटेम्परारी होम डेकोर के हिसाब से बनाया जा रहा है। युवाओं को लेजर कटिंग मशीन, पाउडर कोटिंग, एंटीकफिनिश और अमेजन ग्लोबल सेलिंग की ट्रेनिंग दी जा रही है। मिर्जापुर में 200 युवाओं को कालीन एवं हैंडीक्राफ्ट में डिजिटल लूम चलाना, ऑटो-कैड पर डिजाइन बनाना, नेचुरल डाई का इस्तेमाल और यूरोपीय देशों के सेफ्टीनॉर्म्स सिखाए जा रहे हैं। प्रतापगढ़ में 350 तथा बहराइच में 300 युवाओं को फूड प्रोसेसिंग का प्रशिक्षण मिल रहा है। इसमें आंवला कैंडी, शहद, अचार, रेडी-टू-ईट खिचड़ी और मिलेट बेस्ड स्नैक्स को एफएसएसएआई मानकों के अनुसार बनाना, वैक्यूम पैकेजिंग, न्यूट्रिशन लेबलिंग और क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर बेचना शामिल है। गौतमबुद्ध नगर में 200 युवाओं को अपैरल एवं फैशनडिजाइनिंग में डिजिटल फैब्रिक प्रिंटिंग, 3डी सैंपलिंग, बायरकम्युनिकेशन और सस्टेनेबलफैशन की ट्रेनिंग दी जा रही है। आगरा में 75 युवाओं को आधुनिक लेदरटेक्नोलॉजी में इटालियनफिनिशिंग, लेजरइंग्रेविंग, आरईएसीएच कंप्लायंस और प्राइवेट लेबलिंग की जानकारी दी जा रही है। दूसरे चरण में वाराणसी के 200 युवाओं को आधुनिक टेक्सटाइल एवं डिजाइनिंग में बनारसी साड़ी को डिजिटल जैक्वार्ड पर बुनना, जीआई टैग का सही इस्तेमाल, इंस्टाग्राम और पिंटरेस्ट से इंटरनेशनल कस्टमर तक पहुंचना सिखाया जाएगा। गोंडा के 250 युवाओं को दलहन आधारित फूडप्रोसेसिंग में पैकेज्ड दाल, बेसन, सत्तू, प्रोटीन बार बनाना और होटल-रेस्तरां चेन को बी2बी सप्लाई करना सिखाया जाएगा। महाराजगंज एवं पीलीभीत के 500 युवाओं को आधुनिक फर्नीचर एवं वुडन फिटिंग निर्माण में सीएनसी मशीन ऑपरेशन, फ्लैट-पैक फर्नीचर डिजाइन, नॉक-डाउन फिटिंग और डी2सी ब्रांड बनाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। अन्य जनपदों में भी उनके प्रमुख उत्पादों के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। लखनऊ की चिकनकारी को लक्जरी फैशन ब्रांडिंग, कानपुर के लेदर गुड्स को वेजिटेबल टैनिंग और यूरोपीय एक्सपोर्ट, फिरोजाबाद के कांच को मॉडर्न लाइटिंग और आर्ट इंस्टालेशन, मुरादाबाद के पीतल को 3डी प्रिंटेड मोल्ड और कंटेनर शिपमेंट, सहारनपुर की लकड़ी नक्काशी को स्कैंडिनेवियन डिजाइन, भदोही की कालीन को कस्टम साइज और वॉल-टू-वॉल कारपेट, कन्नौज के इत्र को अल्कोहल-फ्री अत्तर और गल्फ मार्केट, अलीगढ़ के ताले को स्मार्ट लॉक और बायोमेट्रिक सिस्टम से जोड़ा जाएगा। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में केवल पारंपरिक उत्पादन तकनीकों तक ही प्रशिक्षण सीमित नहीं रहेगा, बल्कि युवाओं को आधुनिक मशीनों का संचालन, गुणवत्ता प्रबंधन, आकर्षक पैकेजिंग, ई-कॉमर्स, डिजिटल मार्केटिंग, ब्रांडिंग, उद्यमिता विकास तथा उद्योगों की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप भी प्रशिक्षित किया जाएगा। हर बैच को 'कैपस्टोन प्रोजेक्ट' करना होगा, जिसमें वे अपने प्रोडक्ट का प्रोटोटाइप, कॉस्ट शीट, पैकेजिंग डिजाइन और 30 सेकंड की रील बनाकर जमा करेंगे। बेस्ट तीन प्रोजेक्ट को 'ओडीओपी इनोवेशन अवॉर्ड' के साथ 5 लाख रुपये तक की सीडमनी दी जाएगी। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद युवाओं को प्रतिष्ठित उद्योगों में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं, बैंक ऋण एवं मुद्रा योजना सहित अन्य वित्तीय सहायता योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा। कौशल विकास मिशन ने सिडबी, नाबार्ड, जिला उद्योग केंद्र और प्रमुख बैंकों के साथ मिलकर 'क्रेडिट प्लस स्किल' मॉडल बनाया है। इसके तहत ट्रेनिंग पूरी करने वाले युवा को 24 घंटे में लोन अप्रूवल की सुविधा मिलेगी। हर जिले में ओडीओपी रोजगार मेला लगेगा, जिसमें फ्लिपकार्ट समर्थ, अमेजनकरिगर, रिलायंस रिटेल, एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल जैसी संस्थाएं हिस्सा लेंगी। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने प्रशिक्षण प्रक्रिया को पूर्णतः डिजिटल एवं पारदर्शी बनाया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी मिशन की आधिकारिक वेबसाइट नचेकउण्हवअण्पद पर जाकर ओडीओपी लिंक के माध्यम से अपने जिले के प्रशिक्षण केंद्र, उपलब्ध ट्रेड, प्रशिक्षण प्रदाता संस्थान तथा आवेदन संबंधी सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। हर क्लास रूम में बायोमेट्रिक अटेंडेंस, सीसीटीवी लाइव स्ट्रीमिंग और एआई बेस्डअसेसमेंट होगा। पास होने वाले युवाओं को स्किल इंडिया डिजिटल वॉलेट में एनसीवीईटी सर्टिफिकेट मिलेगा, जिसे क्यू.आर कोड से वेरिफाई किया जा सकेगा। यह अभियान 'हुनर से आत्मनिर्भरता' को सिर्फ नारा नहीं, बल्कि जमीन पर उतरता हुआ मॉडल बना रहा है। जब हर जिले का युवा अपने हुनर से कमाएगा और हर जिले का उत्पाद दुनिया के बाजार में बिकेगा, तभी उत्तर प्रदेश सही मायने में 'उद्यम प्रदेश' बनेगा।

**धर्मवीर खरे**

# समुद्र से हो सकता है पेयजल मंथन

देश के अनेक शहरों और गांवों में भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। नदियां प्रदूषित हो रही हैं, वर्षा का स्वरूप अनिश्चित होता जा रहा है और जलवायु परिवर्तन ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। बढ़ती आबादी, तेजी से हो रहे शहरीकरण और औद्योगिक विकास के कारण पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। तीन ओर से समुद्र से घिरे भारत के सामने जल का असीमित भंडार मौजूद है। पृथ्वी पर उपलब्ध कुल जल का लगभग 97 प्रतिशत भाग समुद्रों में खारे पानी के रूप में है, जबकि केवल लगभग 2.5 प्रतिशत जल मीठा है। इसमें भी अधिकांश जल हिमनदों और बर्फ की चादरों में बंद है तथा मानव उपयोग के लिए सीधे उपलब्ध मीठा जल एक प्रतिशत से भी कम है। ऐसे में समुद्री जल को शुद्ध कर उपयोग योग्य बनाना भविष्य की आवश्यकता बनता जा रहा है।आज आधुनिक विज्ञान की सहायता से समुद्री जल से नमक और अन्य अशुद्धियां हटाकर उसे पेयजल में परिवर्तित किया जा सकता है। इसे समुद्री जल शोधन कहा जाता है। विश्व के अनेक देशों ने इसे अपनी जल सुरक्षा की आधारशिला बना लिया है। भारत के लिए भी अब इस दिशा में गंभीरता से आगे बढ़ने का समय आ गया है। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, बहरीन और ओमान जैसे देशों में प्राकृतिक मीठे जल के स्रोत अत्यंत सीमित हैं। वहां वर्षा नगण्य होती है और अधिकांश भूभाग रेगिस्तान है। इसके बावजूद वहां नागरिकों को चौबीसों घंटे सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाता है। इसका मुख्य कारण समुद्री जल शोधन संयंत्र हैं। भारत की स्थिति खाड़ी देशों से अलग अवश्य है, लेकिन चुनौतियां कम नहीं हैं। विश्व की लगभग 18 प्रतिशत आबादी भारत में रहती है, जबकि मीठे जल संसाधनों में उसकी हिस्सेदारी केवल लगभग 4 प्रतिशत है। देश में उपलब्ध मीठे जल का लगभग 80 प्रतिशत उपयोग कृषि क्षेत्र करता है। दूसरी ओर, उद्योगों और शहरों की बढ़ती आवश्यकताओं ने जल संकट को और गहरा कर दिया है। सबसे बड़ी चिंता भूजल का लगातार दोहन है। हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, गुजरात और तमिलनाडु सहित अनेक राज्यों में भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। कई क्षेत्रों में हर वर्ष लगभग एक मीटर तक जल स्तर गिरने की रिपोर्ट सामने आती रही है।

# मुख्यमंत्री आवास योजना से फिरोजाबाद में संवर रहे वंचितों के आशियाने

उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार अंत्योदय के अपने मूल संकल्प को धरातल पर उतारते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सभी प्रमुख सरकारी योजनाओं का लाभ पूरी संवेदनशीलता के साथ पहुंचा रही है। राज्य सरकार की इस लोक-कल्याणकारी नीति का सबसे प्रभावी और जीवंत रूप फिरोजाबाद जनपद में देखने को मिल रहा है, जहां विकास की मुख्यधारा से कटे और उपेक्षित परिवारों के जीवन में 'मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)' खुशहाली का एक नया सवेरा लेकर आई है। विशेष रूप से जनपद के शिकोहाबाद विकास खंड की ग्राम पंचायत असुआ की रहने वाली माया देवी की कहानी शासन के इसी संकल्प की एक जीवंत और अनुपम मिसाल है। पति की आकस्मिक मृत्यु के बाद दुख में डूबी माया देवी के लिए यह योजना एक नई रोशनी बनकर आई, जिसने न केवल उनके सिर पर सुरक्षित छत दी, बल्कि उनके बच्चों के भविष्य को भी पूरी तरह सुरक्षित किया। पति के निधन के बाद माया देवी के जीवन में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था। दो छोटे बच्चों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी और रहने के लिए कोई पक्का मकान न होना उनकी सबसे बड़ी व्यथा थी। वे अपने परिवार के साथ तिरपाल से बनी एक अत्यंत जर्जर और कच्ची झुग्गी में रहने को मजबूर थीं। बारिश और हाड़ कंपाने वाली ठंड के मौसम में ऐसी कच्ची झुग्गी में समय काटना किसी भयानक चुनौती से कम नहीं था, साथ ही उन्हें हमेशा अपने और बच्चों की सुरक्षा का डर सताता रहता था। जब माया देवी को जानकारी हुई कि प्रदेश सरकार विधवाओं और निराश्रित महिलाओं को विशेष प्राथमिकता के आधार पर आवास मुहैया करा रही है, तो उन्होंने आवेदन किया। पात्रता सर्वे के दौरान प्रशासन द्वारा उन्हें उपयुक्त पाया गया और योजना के तहत उनके आवास की स्वीकृति मिल गई। सरकार द्वारा आवास निर्माण के लिए ?1 लाख 20 हजार की कुल राशि तीन किस्तों ( ?40 हजार, ?70 हजार और ?10 हजार) में सीधे उनके खाते में भेजी गई। पारदर्शिता की दृष्टि से इस संपूर्ण सहायता राशि को बिचौलियों के हस्तक्षेप से पूरी तरह मुक्त रखा गया है। 'आवास सॉफ्ट' जैसे अत्याधुनिक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण और त्वरित भौतिक सत्यापन करने के उपरांत यह राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में 'डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर' के माध्यम से निर्माण कार्य की प्रगति के अनुरूप भेजी जाती है, जिससे सरकारी धन का शत-प्रतिशत सदुपयोग केवल और केवल एक सुदृढ़ मकान के निर्माण में ही सुनिश्चित हो रहा है। प्रदेश सरकार ने संवेदनशीलता के साथ विभिन्न जनोपयोगी योजनाओं का आपसी समन्वय (कन्वर्जेंस) करके लाभार्थियों को बहुआयामी आर्थिक संबल दिया। इसी कल्याणकारी कड़ी में, माया देवी को आवास निर्माण के साथ-साथ 90 दिन की मनरेगा मजदूरी के रूप में ?22,680 की अतिरिक्त आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। इस दोहरे एवं दूरगामी सहयोग ने उन्हें आर्थिक रूप से टूटने से बचा लिया और वह पूरे सम्मान के साथ अपना घर बना सकीं। इसके साथ ही, उन्हें 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन से भी लाभान्वित किया गया, जिसने उन्हें धुएं से मुक्ति और स्वच्छ ईंधन का उपहार दिया। आज माया देवी का पक्का मकान पूरी तरह बनकर तैयार है, जहां वे अपने बच्चों के साथ पूरी तरह सुरक्षित महसूस करती हैं और एक खुशहाल जीवन जी रही हैं। इस घर ने उनके बच्चों को शिक्षा के लिए एक बेहतर माहौल दिया है, जिससे उनके जीवन में एक सुनहरे भविष्य की शुरुआत हुई है। माया देवी जैसी पात्र महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर आवास, उज्ज्वला योजना और मनरेगा मजदूरी का सामूहिक लाभ देकर समाज के सबसे वंचित और जरूरतमंद वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ना ही शासन का मुख्य उद्देश्य है। शासन के स्पष्ट निर्देशानुसार प्रशासन का निरंतर यही प्रयास है कि जनपद में कोई भी पात्र व्यक्ति आवास विहीन न रहे। महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समावेशन को इस पूरी योजना का सबसे मजबूत स्तंभ बनाया गया है। आवेदनों की बारीकी से जांच और चयन प्रक्रिया के दौरान शासन द्वारा महिलाओं, विशेषकर विधवाओं, एकल माताओं और महिला प्रधान परिवारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।




**मेष** -मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन आत्मविश्वास और उत्साह से भरपूर रहने वाला है। कार्यस्थल पर आपकी योग्यता की सराहना हो सकती है और जिम्मेदारियां बढ़ने के साथ सम्मान भी प्राप्त होगा। प्रेम संबंधों में मधुरता बनी रहेगी तथा परिवार के साथ सुखद समय व्यतीत करने का अवसर मिलेगा।

**वृषभ**-वृषभ राशि के जातकों के लिए आज पारिवारिक जीवन सुखद रहने की संभावना है। घर की आवश्यकताओं और सुविधाओं पर खर्च बढ़ सकता है, लेकिन इससे संतुष्टि का अनुभव होगा।

**मिथुन** -मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन आत्मविश्वास में वृद्धि कराने वाला रहेगा। आपकी वाणी और व्यवहार से लोग प्रभावित होंगे, जिससे नए संपर्क बनने की संभावना है।

**कर्क**-कर्क राशि के जातकों के लिए आज आर्थिक मामलों में राहत मिलने के संकेत हैं। लंबे समय से अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। परिवार में आपसी सामंजस्य बना रहेगा और घरेलू वातावरण सुखद रहेगा।

**सिंह** -सिंह राशि के जातकों के लिए आज का दिन प्रभावशाली रहने वाला है। आपका आत्मविश्वास और आकर्षण बढ़ेगा, जिससे कार्यक्षेत्र में नई संभावनाएं खुल सकती हैं। नौकरी और व्यापार में आपकी छवि मजबूत होगी।

**कन्या** -कन्या राशि के जातकों को आज अपने खर्चों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी। दूर स्थानों या विदेश से जुड़े कार्यों में सफलता मिलने के संकेत हैं। मानसिक रूप से आप पहले की तुलना में अधिक शांत महसूस करेंगे।

**तुला**-तुला राशि के जातकों के लिए आज आय और लाभ के नए अवसर बन सकते हैं। मित्रों तथा वरिष्ठ लोगों का सहयोग मिलने से महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। व्यापार में लाभ बढ़ने की संभावना है। पुराने निवेश से भी अच्छा प्रतिफल मिल सकता है। प्रेम संबंधों में विश्वास और सामंजस्य बना रहेगा।

**वृश्चिक** -वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा और कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा मजबूत होगी। व्यापार में नई साझेदारी या महत्वपूर्ण समझौता होने की संभावना है।

**धनु** -धनु राशि के जातकों के लिए आज भाग्य का पूरा साथ मिलने की संभावना है। धार्मिक और सामाजिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और करियर से जुड़े प्रयासों में सकारात्मक परिणाम मिलने के संकेत हैं।

**मकर** -मकर राशि के जातकों को आज निवेश और साझेदारी से जुड़े मामलों में सोच-समझकर निर्णय लेना चाहिए। अचानक आर्थिक लाभ मिलने की संभावना बन रही है। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और परिवार का सहयोग मिलेगा। **कुंभ** -कुंभ राशि के जातकों के लिए आज संबंधों को मजबूत करने वाला दिन रहेगा। वैवाहिक जीवन में खुशियां बढ़ेंगी और आपसी विश्वास मजबूत होगा। व्यापारिक साझेदारी से लाभ मिलने के संकेत हैं।

**मीन** -मीन राशि के जातकों के लिए आज मेहनत का पूरा फल मिलने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में आपके प्रयासों की सराहना होगी और सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा। स्वास्थ्य पहले की तुलना में बेहतर रहेगा। दैनिक कार्य समय पर पूरे होंगे तथा आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत दिखाई दे रहे हैं।

# सिर्फ सजावट नहीं, सेहत का भी ख्याल रखता है स्नेक प्लांट

आजकल लोग अपने घरों और कार्यालयों को हरा-भरा और आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के इनडोर पौधे लगाते हैं। इन्हीं में से एक है स्नेक प्लांट (संसेविएरिया), जो अपनी खूबसूरत लंबी पत्तियों के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी कई लाभों के लिए भी जाना जाता है। यह ऐसा पौधा है जो कम देखभाल में आसानी से बढ़ता है और घर के वातावरण को बेहतर बनाने में मदद करता है। स्नेक प्लांट की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह हवा को शुद्ध करने में सहायक माना जाता है। यह वातावरण में मौजूद कुछ हानिकारक तत्वों जैसे फॉर्मल्डिहाइड, बेंजीन और ट्राइक्लोरोएथिलीन जैसे प्रदूषकों के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। यही कारण है कि इसे घर, कार्यालय और अन्य



इनडोर स्थानों के लिए एक लोकप्रिय पौधा माना जाता है। इस पौधे की एक और खास बात यह है कि यह रात के समय भी ऑक्सीजन छोड़ता है, जिससे नींद अच्छी आती है और हवा शुद्ध रहती है। यह हवा में मौजूद टॉक्सिन्स जैसे फार्मल्डिहाइड, बेंजीन और ट्राइक्लोरोएथिलीन को कम करता है। इसी वजह से कई लोग इसे बेडरूम में रखना पसंद करते हैं। स्नेक प्लांट मानसिक सुकून देने में भी मददगार माना जाता है। घर या कार्यस्थल पर हरियाली का होना तनाव कम करने और सकारात्मक माहौल बनाने में सहायक हो सकता है। इसकी सादगी और आकर्षक बनावट कमरे की सुंदरता बढ़ाने के साथ मन को भी ताजगी का एहसास कराती है।

यदि आप ऐसे पौधे की तलाश में हैं जिसकी देखभाल आसान हो तो स्नेक प्लांट एक अच्छा विकल्प है। इसे बार-बार पानी देने की आवश्यकता नहीं होती। सामान्यतः सप्ताह में एक बार या मिट्टी पूरी तरह सूखने पर ही पानी देना पर्याप्त रहता है। अधिक पानी देने से इसकी जड़ों को नुकसान पहुंच सकता है। यह अप्रत्यक्ष धूप या हल्की रोशनी में भी अच्छी तरह बढ़ता है, इसलिए व्यस्त जीवनशैली वाले लोगों के लिए यह उपयुक्त पौधा है।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### स्टाफ की कमी से यूनियन बैंक गोला बाजार शाखा में केवाईसी ठप, भुगतान के लिए भटक रहे ग्राहक



**गोलाबाजार, गोरखपुर।** गोला बाजार के पश्चिमी चौराहे पर स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा में स्टाफ की कमी के कारण बैंकिंग सेवाएं प्रभावित हो गई हैं। सबसे अधिक परेशानी उन खाताधारकों को हो रही है जिनका केवाईसी (KYC) लंबित है। बैंक में राशि जमा तो हो रही है, लेकिन केवाईसी पूरा न होने के कारण जरूरत पड़ने पर ग्राहकों को भुगतान नहीं मिल पा रहा है। ग्राहकों का आरोप है कि कई सप्ताह से केवाईसी का कार्य लगभग ठप पड़ा है। बैंक कर्मी स्टाफ की कमी का हवाला देते हुए केवाईसी के बाद ही भुगतान किए जाने की बात कह रहे हैं। इससे जरूरतमंद खाताधारकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गोला तहसील मुख्यालय और प्रमुख व्यापारिक केंद्र होने के कारण इस शाखा पर बड़ी संख्या में ग्राहक निर्भर हैं। ऐसे में स्टाफ की कमी से बैंक की अन्य सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं। स्थानीय खाताधारकों ने बैंक के उच्च अधिकारियों से शाखा में पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती कर जल्द से जल्द केवाईसी कार्य शुरू कराने की मांग की है, ताकि ग्राहकों को बिना परेशानी बैंकिंग सुविधाएं मिल सकें।

### पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**देवरिया।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चल रहे पीडीए पौधारोपण एवं सदस्यता अभियान के तीसरे व चौथे दिन शनिवार को रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डुमरी और नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या-8 सकरापार में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाजवादी लोहिया वाहिनी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए आम, पीपल, अमरूद, नीम, पाकड़ और बरगद के पौधे लगाए। इस दौरान लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील भी की गई। कार्यक्रम में लोहिया वाहिनी के जिला महासचिव सोनू प्रकाश, विधानसभा अध्यक्ष विनोद कुमार, जिला उपाध्यक्ष काका चौधरी, मोनू विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सपा का संगठन विस्तार व सदस्यता अभियान पर जोर



**देवरिया।** समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक शनिवार को बांस स्थित जिला कार्यालय के मुलायम सिंह यादव सभागार में जिलाध्यक्ष व्यास यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक से पहले महान समाज सुधारक बाबा लक्खीशाह बंजारा की जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई और उनके योगदान को याद किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती, सदस्यता अभियान, आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों तथा जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि पार्टी जनता के अधिकारों, संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर संघर्ष कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनने तथा सदस्यता अभियान को गति देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं, महिलाओं, किसानों, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों और वंचित वर्गों को अधिक से अधिक पार्टी से जोड़ने की आवश्यकता है। साथ ही बाबा लक्खीशाह बंजारा के त्याग, सेवा और सामाजिक समरसता के आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया। बैठक में पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा, हाफीज शहादत हुसैन अंसारी, जयराम राजभर, मनीष सिंह, हृदयनारायण जायसवाल, डॉ. रामनाथ चौहान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पेड़ की डाल काटने के विवाद में चार पर केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पेड़ की डाल काटने के विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पुरवारा गांव निवासी रोशनी सरोज पुत्री राम किशोर सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती दो जुलाई की शाम करीब साढ़े छः बजे परिवार के राजेन्द्र सरोज और उनकी पत्नी व पुत्री पिंकी तथा पन्ने सरोज एकराय होकर पेड़ की डाल काट रहे थे। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने एकराय होकर मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# गोरखपुर में टीईटी-2026 सकुशल सम्पन्न

### मंडलायुक्त से लेकर एसएसपी तक लगातार करते रहे निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी)-2026 का आयोजन गोरखपुर जनपद में पूरी तरह शांतिपूर्ण, पारदर्शी और नकलविहीन माहौल में सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। जिले के 32 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए 72,020 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। प्रशासन और पुलिस की कड़ी निगरानी, बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था तथा अधिकारियों की सतत मॉनिटरिंग के चलते सभी पालियों की परीक्षा बिना किसी व्यवधान के सम्पन्न हुई। अंतिम दिन आयोजित परीक्षा में 13,558 अभ्यर्थियों को शामिल होना था, जिनमें से 11,036 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 2,522 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार अंतिम पाली में 81.4 प्रतिशत उपस्थिति और 18.6 प्रतिशत अनुपस्थिति दर्ज की गई। परीक्षा के दौरान किसी भी केंद्र से नकल, अव्यवस्था अथवा अन्य किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए थे। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी, प्रश्नपत्रों को डबल लॉक सुरक्षा व्यवस्था में रखा गया तथा प्रवेश से पहले प्रत्येक अभ्यर्थी की सघन जांच की गई।

इसके अलावा प्रत्येक केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई, जिससे परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह नियंत्रण में रही। पूरे परीक्षा कार्यक्रम के दौरान मंडलायुक्त अनिल ढींगरा, डीआईजी रेंज एस. चनप्पा, जिलाधिकारी दीपक मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कोस्तुभ, एसपी सिटी निमिष पाटील समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी लगातार विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। वहीं, ऑब्जर्वर (पूर्व डीआईजी) वी.पी. श्रीवास्तव ने पूरे परीक्षा कार्यक्रम की निगरानी की, जबकि अपर जिलाधिकारी गजेन्द्र कुमार ने नोडल अधिकारी के रूप में समन्वय की जिम्मेदारी संभाली। परीक्षार्थियों की सुविधा का भी विशेष ध्यान



रखा गया। सभी केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, बिजली और बैठने की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। वहीं, परीक्षा के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए एसपी ट्रैफिक अमित श्रीवास्तव अपनी टीम के साथ प्रमुख परीक्षा केंद्रों पर सक्रिय रहे, जिससे अभ्यर्थियों को समय पर केंद्रों तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। प्रशासनिक अधिकारियों ने परीक्षा की सफलता को टीमवर्क का परिणाम बताते हुए कहा कि सभी विभागों के बेहतर समन्वय और सतर्क निगरानी के कारण टीईटी-2026 का पूरा आयोजन पूरी तरह शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और नकलविहीन वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया।

## गोरखपुर पुलिस महकमे में बड़ा बदलाव, एसएसपी के आदेश पर बदले कई अफसरों के कार्यक्षेत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर।** गोरखपुर पुलिस महकमे में शनिवार को एक बार फिर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने जनहित को ध्यान में रखते हुए कई निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। जारी आदेश के अनुसार सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने नए पदस्थापन स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। इस आदेश को पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। तबादला सूची के अनुसार निरीक्षक श्यामा नन्द राय, जो अब तक साइबर थाने में तैनात थे, उन्हें रामगढ़ताल थाने में अतिरिक्त निरीक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है। रामगढ़ताल थाना शहर का अत्यंत संवेदनशील और व्यस्त थाना माना जाता है, ऐसे में उनकी तैनाती को कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

वहीं उपनिरीक्षक महेन्द्र कुमार पाण्डेय, जो पुलिस अधीक्षक नगर के वाचक के रूप में कार्यरत थे, उन्हें थानाध्यक्ष की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि उनके अनुभव और कार्यशैली का लाभ अब सीधे थाना स्तर पर मिलेगा। सबसे चर्चित तबादलों में निरीक्षक संतोष कुमार अवस्थी का नाम शामिल है। वे अब तक प्रभारी निरीक्षक एम्स थाना के पद पर कार्यरत थे। उन्हें अब प्रभारी मीडिया सेल की जिम्मेदारी दी गई है। मीडिया सेल पुलिस और आम जनता के बीच संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे में उनकी नियुक्ति को पुलिस की जनसंपर्क व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में अहम फैसला माना जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी संबंधित अधिकारी तत्काल अपने नए पदस्थापन स्थल पर कार्यभार ग्रहण करें और आदेश का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें।

### संचारी रोगों से बचाव के लिए गांव-गांव जागरूक कर रहा पीएसपी

**देवरिया।** जिले में एक से 31 जुलाई तक चल रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान के तहत रोगी हितकारी मंच के सदस्य ग्रामीणों को संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक कर रहे हैं। पथरदेवा, भटनी और भलुअनी ब्लॉक के चयनित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से जुड़े पीएसपी सदस्य घर-घर और सामुदायिक बैठकों के माध्यम से स्वच्छता तथा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दे रहे हैं। पीएसपी के सदस्य लोगों को आसपास साफ-सफाई रखने, नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव कराने, कूलरों का पानी नियमित बदलने और जलभराव रोकने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। साथ ही मच्छरदानी के उपयोग, दरवाजों-खिड़कियों में जाली लगाने, शुद्ध पेयजल पीने, भोजन से पहले साबुन से हाथ धोने और खुले में शौच न जाने की सलाह भी दी जा रही है। सीएचओ के नेतृत्व में गठित पीएसपी में ग्राम प्रधान, एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, कोटेदार और फाइलेरिया मरीज शामिल हैं। यह मंच टीकाकरण, टीबी उन्मूलन, आयुष्मान कार्ड और अन्य स्वास्थ्य अभियानों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि बुखार, खांसी, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, कालाजार या फाइलेरिया के लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जांच कराएं।

### चालीस शीशी अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक पुलिस ने शनिवार की शाम चेकिंग के दौरान बभनी तिराहे से एक युवक को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान उसके पास से 40 ट्रेटापैक बंटी-बबली ब्रांड की शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शनिवार शाम करीब 6 बजे परसामलिक पुलिस टीम बभनी तिराहे पर संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने एक संदिग्ध युवक को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी में युवक के पास से 40 ट्रेटापैक बंटी-बबली शराब बरामद हुई। पूछताछ में युवक की पहचान परसामलिक निवासी संग्राम कन्नौजिया पुत्र धर्मराज के रूप में हुई है। पुलिस टीम आरोपी को हिरासत में लेकर थाने आई जहां उसके खिलाफ धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि अवैध 40 ट्रेटापैक शराब के साथ एक युवक को पकड़ा गया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

## बारिश के मौसम में बिजली से रहें सतर्क, सुरक्षा नियमों का पालन करें- जेई नगर एवं ग्रामीण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार गोरखपुर** आसन्न बरसात के मौसम को देखते हुए विद्युत विभाग ने आमजन से बिजली जनित दुर्घटनाओं से बचाव करने के लिए विशेष सावधानी बरतने की अपील किया है। नगर क्षेत्र के अवर अभियंता अजय कुमार कन्नौजिया तथा ग्रामीण क्षेत्र के अवर अभियंता सत्येंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश जारी करते हुए लोगों से विद्युत व्यवस्था को सुरक्षित बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह किया है।

दोनों जे ई ने कहा है कि बारिश के दौरान बिजली के खंभों, ट्रांसफार्मरों और बिजली की लाइनों के आसपास विशेष सतर्कता बरतें। किसी भी बिजली के खंभे को न छुएं, खंभों से पशुओं को न बांधें और बिजली की लाइनों के नीचे किसी भी प्रकार का कार्यक्रम आयोजित न करें। यदि किसी खंभे में स्पार्किंग हो रही हो, तार टूटकर नीचे गिर गया हो या लाइन ढीली दिखाई दे रही हो तो तत्काल संबंधित फीडर इंचार्ज, जेई अथवा विद्युत उपकेंद्र को इसकी सूचना दें। जेई ने अपील की कि बारिश के दौरान यदि किसी बिजली के खंभे के आसपास पानी भरा हो या तेज चमक दिखाई दे रही हो तो उस स्थान से दूर रहें




और दूसरों को भी सावधान करें। ट्रांसफार्मर अथवा हाईटेंशन लाइनों पर कोई वस्तु न फेंकें और बिजली के तारों के पास स्थित पेड़ों पर चढ़ने से बचें। खेतों में लगे बिजली के खंभों से सुरक्षित दूरी बनाकर ही कृषि कार्य करें। उन्होंने यह भी कहा कि घरों में विद्युत फिटिंग अर्थिंग सहित मानक गुणवत्ता की कराएं तथा आईएसआई प्रमाणित विद्युत उपकरणों का ही उपयोग करें। किसी भी बड़े वाहन की छत पर यात्रा न करें और भवन निर्माण के दौरान बिजली की लाइनों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। विद्युत विभाग ने लोगों से अपील की है कि थोड़ी सी सावधानी अपनाकर न केवल स्वयं सुरक्षित रहें बल्कि दूसरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करें तथा किसी भी विद्युत संबंधी समस्या की जानकारी तत्काल विभाग को दें।

## खजनी में सीओ विवेक तिवारी ने की जनसुनवाई, शिकायतों के त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण के दिए निर्देश

### समयबद्ध कार्रवाई पर जोर, मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं को अधिकारों और सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी/गोरखपुर।** आमजन की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी (सीओ) खजनी विवेक तिवारी ने शनिवार को क्षेत्राधिकारी कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित कर फरियादियों की शिकायतें सुनीं। जनसुनवाई में क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों से पहुंचे लोगों ने भूमि विवाद, मारपीट, पारिवारिक विवाद, उत्पीड़न तथा अन्य मामलों से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत कीं। सीओ विवेक तिवारी ने प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत में लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पीड़ित को समय पर न्याय मिले और उसकी समस्या का प्रभावी समाधान हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों की जांच पूरी पारदर्शिता के साथ की जाए तथा दोनों पक्षों को सुनकर विधिक प्रक्रिया के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इससे आमजन का पुलिस व्यवस्था पर विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

जनसुनवाई के दौरान मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण पर भी विशेष जोर दिया गया। सीओ विवेक तिवारी ने कार्यालय पहुंची महिला फरियादियों से संवाद कर उन्हें उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा संबंधी प्रावधानों तथा शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को किसी भी प्रकार के उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ या अन्य अपराध की स्थिति में बिना किसी भय के पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं



की सुरक्षा और सम्मान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। यदि किसी महिला के साथ अन्याय होता है तो पुलिस तत्काल कार्रवाई करेगी और दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कदम उठाए जाएंगे। जनसुनवाई के अंत में सीओ विवेक तिवारी ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि जनता को न्याय दिलाना और उनकी समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान करना भी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि खजनी क्षेत्र की जनता की सुरक्षा, सेवा और न्याय के लिए पुलिस पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

## मोबाइल की सिम मांगना पड़ा भारी, चालक पर लाठी-डंडों से हमला

### ● पिपरौली की मोबाइल रिपेयर दुकान पर विवाद के बाद मारपीट, बेहोश होने तक पीटा; पुलिस ने दर्ज की गंभीर धाराओं में एफआईआर

### दो नामजद समेत पांच पर गैर इरादतन हत्या का केस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां गोरखपुर** के सहजनवा क्षेत्र में मोबाइल रिपेयर की दुकान पर सिम और मोबाइल पिन को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि दुकानदार और उसके साथियों ने एक चालक को बेरहमी से पीट दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। मामले में पुलिस ने दो नामजद और तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, बलवा, मारपीट और जान से मारने की धमकी सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, संतकबीरनगर जिले के थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मंझरिया निवासी लाल बहादुर सिंह पुत्र राम नारायण सिंह गीडा सेक्टर-15 स्थित इंडियन गैस प्लांट में चालक के पद पर कार्यरत हैं।

बताया गया कि 3 जुलाई को उनके




मोबाइल का पिन खराब हो गया था। इसे ठीक कराने के लिए वह पिपरौली स्थित एक मोबाइल रिपेयर की दुकान पर पहुंचे। पीड़ित का आरोप है कि मोबाइल ठीक होने के बाद जब उन्होंने अपना सिम कार्ड और मोबाइल का पिन वापस मांगा, तो दुकानदार ने उसे देने से इनकार कर दिया। इस बात का विरोध करने पर दुकानदार ने अपने कुछ साथियों को बुला लिया। इसके बाद सभी ने मिलकर लाल बहादुर सिंह के साथ जमकर मारपीट की।

आरोप है कि उन्हें तब तक पीटा गया, जब तक वह बेहोश होकर जमीन पर नहीं गिर पड़े। घटना के बाद घायल चालक ने पुलिस से शिकायत की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी रवि कन्नौजिया, अवनीश यादव तथा तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, बलवा, मारपीट और जान से मारने की धमकी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, घटना के बाद क्षेत्र में इस मामले की काफी चर्चा है और लोग आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## राजकीय कन्या विद्यालय के कब्जे वाली जमीन पर इकरारनामा गलत

### एसडीएम जांच में सामने आई सच्चाई।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के घोषियाना मोहल्ला स्थित राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की जमीन को लेकर किया गया इकरारनामा प्रशासनिक जांच में गलत पाया गया है। इससे शिकायतकर्ताओं में खुशी की लहर है। जिलाधिकारी के आदेश पर हुई जांच में उपजिलाधिकारी की 30 जून 2026 की आख्या में कहा गया है कि विद्यालय पिछले 70-80 वर्षों से इस भूमि पर संचालित हो रहा है। मूल खातेदार बहुत पहले ही अपना कब्जा खो चुके हैं। मामला ग्राम दतौली के गाटा संख्या 4 की 0.873 हेक्टेयर भूमि से जुड़ा है। इसी साल 22 मई को कुछ लोगों ने इस जमीन का इकरारनामा किया था। इसमें भूमि को निर्माण शून्य बताया गया था। नगरवासियों ने इसकी शिकायत डीएम से की थी। डीएम के निर्देश पर एसडीएम ने इसकी की जांच की। एसडीएम और निबंधन कार्यालय की जाँच यह दावा गलत निकला। रिपोर्ट के मुताबिक मौके पर विद्यालय के पक्के भवन, कक्ष, कार्यालय और शौचालय बने हुए हैं। जांच रिपोर्ट में इकरारनामे को गलत तथ्यों पर आधारित और अविधिक बताया गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि राजस्व अभिलेखों में भूमि विद्यालय के नाम दर्ज नहीं है। लेकिन लंबे समय से विद्यालय का वास्तविक कब्जा रहा है। एसडीएम ने आशंका जताई है कि ऐसे इकरारनामे से अनावश्यक मुकदमेबाजी हो सकती है। संपत्ति के खुर्द बुर्द होने का खतरा है। उन्होंने राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य को निर्देश देने की संस्तुति की है। कहा कि शासन या न्यायालय के आदेश तक विद्यालय का कब्जा बनाए रखें और सक्षम न्यायालय में वाद दायर करें। मामले में कार्रवाई की भी संस्तुति की गई है। वहीं धरोहर बचाओ समिति के संयोजक राघवेंद्र सूर्यवंशी ने बताया कि 6 जुलाई को संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर फर्जी इकरारनामा करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और भूमि को शिक्षा विभाग के नाम दर्ज कराने की मांग की जाएगी।

### नेत्रदान का संकल्प लेकर रोहित साहनी बने मिसाल

**देवरिया।** सदर विकासखंड की ग्राम पंचायत अकूबा निवासी रोहित साहनी ने नेत्रदान का संकल्प लेकर मानवता और समाज सेवा की प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। उनके इस निर्णय से मृत्यु के बाद दो नेत्रहीन लोगों के जीवन में रोशनी आने की उम्मीद जगी है। रोहित साहनी के इस सराहनीय कदम की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है।

ग्रामीणों और समाज के लोगों ने कहा कि नेत्रदान महादान है, जो किसी जरूरतमंद के जीवन में नया उजाला लाने का माध्यम बनता है। उनका यह निर्णय युवाओं को भी समाज सेवा और अंगदान के प्रति जागरूक करेगा। लोगों ने अधिक से अधिक नागरिकों से नेत्रदान का संकल्प लेने की अपील करते हुए कहा कि मृत्यु के बाद भी किसी के जीवन को प्रकाशमय बनाने का सबसे बड़ा माध्यम नेत्रदान है। रोहित साहनी का यह कदम समाज में सेवा, संवेदनशीलता और मानवता की भावना को मजबूत करने वाला प्रेरणादायक उदाहरण है।

## गरीबों के बीच पहुंचे विधायक श्याम सुंदर भारती ने सुनीं समस्याएं, समाधान का दिया भरोसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज विकास खंड क्षेत्र के अलारगंज मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला गांव में बछरावां विधानसभा के विधायक श्याम सुंदर भारती ग्रामीणों का हालचाल जानने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गांव का भ्रमण कर लोगों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। ग्रामीणों ने विधायक के सामने बिजली व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत समस्याएं रखीं। मौके पर स्थिति का जायजा लेने के बाद विधायक श्याम सुंदर भारती ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से तत्काल फोन पर वार्ता कर समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

गांव में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था न होने की समस्या को देखते हुए विधायक ने हाईमास्ट लाइट लगवाने की घोषणा भी की, जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने विधायक के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि पहली बार किसी जनप्रतिनिधि ने गांव पहुंचकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से



सुना और उनके समाधान के लिए तत्काल पहल की।

विधायक श्याम सुंदर भारती ने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव का विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बिजली, सड़क, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान चरणबद्ध तरीके से कराया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। विधायक के दौरे और त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों में उत्साह और संतोष का माहौल देखने को मिला। लोगों ने उम्मीद जताई कि गांव की लंबित समस्याओं का जल्द समाधान होगा और विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

### सामूहिक सुन्दरकाण्ड व भण्डारे में उमड़े श्रद्धालु

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के रायबरेली प्रतापगढ़ रोड पर स्थित श्रीहनुमत निकेतन मंदिर में शनिवार को विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ। हनुमत उपासना समिति द्वारा हुए धार्मिक आयोजन में सामूहिक सुंदरकांड मे श्रीहनुमान भक्तों की भारी भीड़ जुटी दिखी। भक्तों ने हनुमान जी महाराज का भव्य श्रृंगार किया और सामूहिक आरती पूजन कर लोकमंगल की प्रार्थना की। हनुमान जी महाराज के जयघोष के मध्य दिन भर भण्डारे मे व्यापारियों तथा राहगीरों के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे का संयोजन जय कौशल तथा बबलू पटवा, पवन पटवा, मोहित जायसवाल, पवन कौशल ने किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सभासद आशीष कौशल व सोनू शुक्ला, राजा शुक्ला, रमेश जायसवाल, विनोद जायसवाल, अनिल पाण्डेय, डॉ0 संजय दुबे, आशु कौशल, अमित यादव, अमित गुप्ता, मुन्ना जायसवाल, मो0 चांद, गोलू कौशल, राजेन्द्र अग्रहरि, मोती लाल जायसवाल, विमल सिंह आदि रहे।

## बाबा लक्खीशाह बंजारा की जयंती पर सपा का पी.डी.ए. परिचर्चा सेमिनार आयोजित

### संविधान के साथ छेड़छाड़ और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर रोक सपा कतई बर्दाश्त नहीं करेगी- फजल महमूद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** सत्रहवीं शताब्दी के महान योद्धा बाबा लक्खीशाह बंजारा की जयंती के पावन अवसर पर समाजवादी पार्टी महानगर द्वारा एक 'पी.डी.ए. परिचर्चा सेमिनार' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सपा महानगर अध्यक्ष फजल महमूद की अध्यक्षता में शाम 4 बजे नवीन मार्केट,परेड स्थित सपा हॉल में अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जिसका संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया।

कार्यक्रम के शुभारंभ पर सर्वप्रथम अध्यक्ष फजल महमूद ने सत्रहवीं शताब्दी के महान योद्धा, गरीबों के मसीहा और शिक्षा के क्षेत्र में वंचित बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा अभियान के अग्रदूत बाबा लक्खीशाह बंजारा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सेमीनार को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि व



अध्यक्ष फजल महमूद ने कहा कि बाबा लक्खीशाह बंजारा ने सत्रहवीं शताब्दी में समाज में फैले अन्याय और उत्पीड़न के विरुद्ध ऐतिहासिक संघर्ष किया था। उन्होंने न केवल गरीबों और असहायों की मदद की, बल्कि समाज में निशुल्क शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए बच्चों को शिक्षित व जागरूक बनाने का एक बड़ा अभियान चलाया, जो आज के समय में भी हम सबके लिए प्रेरणादायी है।

फजल महमूद ने वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि आज लोकतंत्र और संविधान पर लगातार हमले हो रहे हैं। यदि लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी पर रोक लगाने और बाबा साहब के बनाए संविधान के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ की कोशिश की गई, तो समाजवादी पार्टी इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए घोषणा की कि सपा 'पी.डी.ए. मिशन' के तहत शहर की 470 मलिन बस्तियों में एक सघन जनसंपर्क अभियान चलाएगी, जिसके बल पर आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत से समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी।


# संक्षिप्त खबरें

## विद्या निकेतन का छात्र UPSC उत्तीर्ण कर असिस्टेंट कमाण्डेन्ट पद पर चयनित



**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** स्थानीय विद्यालय वि0कु0स्मा0 सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज, गोला गोकर्णनाथ के पूर्व छात्र शुभम मिश्र ने संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) द्वारा आयोजित CAPF परीक्षा में असिस्टेंट कमाण्डेन्ट पद पर चयनित होकर अपने विद्यालय, नगर तथा अपने माता पिता को गौरवान्वित किया है। कक्षा 9 से इण्टरमीडिएट तक की संस्थागत छात्र रहे शुभम मिश्र ने हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2010 में 66% अंक एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2012 में 83.4 % अंक प्राप्त किये थे। तत्पश्चात इन्होने लखनऊ यूनिवर्सिटी से विज्ञान विषय के साथ वर्ष 2015 में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। इन्होने नर्सरी से कक्षा 8 तक की शिक्षा जदुराई देवी सरस्वती विद्या मन्दिर बहारगंज से प्राप्त की है । शुभम मिश्र के पिता राकेश कुमार मिश्रा सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, बहारगंज के पूर्व प्रधानाचार्य एवं माता श्रीमती कमलेश मिश्रा गृहिणी हैं। इस गौरवशाली उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी, बालिका विभाग की प्राचार्या श्रीमती मधु त्रिपाठी ने शुभम मिश्र को उज्ज्वल एवं स्वर्णिम भविष्य के लिये शुभकामनाये दी।

## डिजिटल युग में हिंदी साहित्य की नई शुरुआत:14 जुलाई को लॉन्च होगा 'हिंदीज़ा' ऐप




**जोधपुर।** हिंदी और भारतीय भाषाओं के साहित्य को डिजिटल रूप में पाठकों तक पहुँचाने के उद्देश्य से 'हिंदीज़ा' ऐप का ऑनलाइन लॉन्च 14 जुलाई को किया जाएगा। यह ऐप साहित्य प्रेमियों के लिए एक ऐसा मंच होगा, जहाँ वे ई-बुक्स, डिजिटल पत्रिकाएँ और विभिन्न साहित्यिक रचनाएँ आसानी से पढ़ सकेंगे। 'हिंदीज़ा' ऐप के संस्थापक जसराज बिश्नोई ने बताया कि आज के डिजिटल दौर में पढ़ने की आदत को नई दिशा देने के लिए इस ऐप की शुरुआत की जा रही है। ऐप में उपन्यास, कहानियाँ, कविताएँ, प्रेरणादायक साहित्य, जीवनी तथा अन्य विषयों की पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी। साथ ही 'दैनिक निर्माण' और 'निर्माण पत्रिका' के अंक भी डिजिटल रूप में पढ़े जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि 'हिंदीज़ा' केवल पाठकों के लिए ही नहीं, बल्कि नए लेखकों और रचनाकारों के लिए भी उपयोगी मंच बनेगा, जहाँ वे अपनी रचनाएँ और ई-बुक प्रकाशित कर सकेंगे। सरल और आकर्षक स्वरूप में तैयार किया गया यह ऐप पाठकों को कहीं भी और कभी भी पढ़ने की सुविधा देगा। साहित्य जगत में 'हिंदीज़ा' ऐप के लॉन्च को लेकर उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

## फिरोजाबादः यूपी-राजस्थान में लूट करने वाले चार टप्पेबाज मुठभेड़ में गिरफ्तार, दो को लगी गोली



**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस ने शुक्रवार रात 11 बजे बेंदी की पुलिया के पास से मुठभेड़ में टप्पेबाजी गिरोह के चार बदमाशों को पकड़ा है। जग्गू उर्फ जगदीश और सुभाष यादव निवासीगण शाहगंज, आगरा के पैर में गोली है। वहीं दो साथियों तनुज गोस्वामी निवासी रुई की मंडी, शाहगंज और दिनेश चंद्र गोस्वामी निवासी सिकंदरा रोड जगदीशपुरा, आगरा को दौड़ाकर पकड़ा है।

**बाइक और आभूषण हुए बरामद**

तलाशी में उनके पास से बेचे गए आभूषण के 1.50 लाख रुपये नकद, तीन तमंचा, कारतूस और घटना है इस्तेमाल बाइक बरामद हुई है। इन बदमाशों ने 23 जून की सुबह रामलीला मैदान के पास से बुजुर्ग कारोबारी से सोने की चेन और अंगूठी की टप्पेबाजी की थी।

**पकड़े गए बदमाशों पर दर्ज हैं कई केस**

पकड़े जग्गू, सुभाष और तनुज पर राजस्थान, मध्यप्रदेश और आगरा जिले के विभिन्न थानों में लूट, चोरी आदि की धारा में 10 से अधिक मामले दर्ज हैं।

# विश्व रोइंग कप में भारत का ऐतिहासिक स्वर्ण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

## उज्ज्वल कुमार सिंह और लक्ष्य ने रचा इतिहास





**बरेली/ल्यूसर्न (स्विट्जरलैंड)।** भारतीय रोइंग के इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। भारतीय रोवर उज्ज्वल कुमार सिंह और उनके साथी लक्ष्य ने विश्व रोइंग कप 2025 की लाइटवेट पुरुष डबल स्कल्स स्पर्धा में 6 मिनट 26.09 सेकंड का शानदार समय निकालते हुए भारत के लिए पहली बार विश्व रोइंग कप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यह उपलब्धि भारतीय रोइंग के लिए मील का पत्थर मानी जा रही है। विश्व रोइंग कप के इतिहास में भारत को पहली बार स्वर्ण पदक दिलाने वाली इस जोड़ी ने अपने उत्कृष्ट तालमेल, तकनीकी दक्षता और संघर्षशील प्रदर्शन से विश्वभर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। उज्ज्वल कुमार सिंह उत्तर प्रदेश के बरेली जनपद की आंवला तहसील के ग्राम अटरछेड़ी के निवासी हैं। वे स्वर्गीय वीर बहोरन सिंह के सबसे छोटे पुत्र हैं। उनके बड़े भाई रवि कुमार सिंह, सुरजीत सिंह और रंजीत कुमार सिंह हैं7 उनके एक भाई भारतीय सेना में सेवारत हैं। देशसेवा की प्रेरणा से उज्ज्वल स्वयं भी भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और सेना(Services) का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उज्ज्वल की सफलता एक दिन की नहीं, बल्कि वर्षों की मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने 38वें राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसके बाद 42वीं सीनियर राष्ट्रीय रोइंग चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वर्ष 2024 में भी उन्होंने एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर देश और अपने क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। इसके अतिरिक्त उन्होंने ओलंपिक क्वालिफिकेशन प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर तीसरा स्थान भी प्राप्त किया। अब विश्व रोइंग कप में ऐतिहासिक स्वर्ण जीतने के साथ उज्ज्वल कुमार सिंह ने भारतीय रोइंग को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। उनकी यह उपलब्धि न केवल बरेली और उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे देश और विदेश लिए गर्व का विषय है। उनकी सफलता युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है कि दृढ़ संकल्प, निरंतर अभ्यास और मेहनत से विश्व मंच पर भी तिरंगा बुलंद किया है। उज्ज्वल कुमार सिंह का अगला लक्ष्य एशियाई खेलों, विश्व चैंपियनशिप और ओलंपिक खेलों में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतना है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खेल जगत, सेना, क्षेत्रवासियों और देशभर से उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाइयां मिल रही हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्त (भारत सरकार) एवं रा.से.यो. राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त समाजसेवी एवं मित्र मोहित शर्मा ने उज्ज्वल कुमार सिंह एवं लक्ष्य को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा, विश्व रोइंग कप में भारत का पहला स्वर्ण पदक जीतना केवल एक खेल उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए गर्व और सम्मान का क्षण है। बरेली की धरती के लाल उज्ज्वल कुमार सिंह ने अपने अदम्य साहस, अनुशासन और अथक परिश्रम से यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति के सामने कोई लक्ष्य असंभव नहीं होता। आपने न केवल उत्तर प्रदेश और बरेली का, बल्कि पूरे भारत का मस्तक विश्व मंच पर गर्व से ऊंचा किया है। आपकी यह ऐतिहासिक सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी। मैं आपको और आपके साथी लक्ष्य को इस स्वर्णिम उपलब्धि पर हृदय की गहराइयों से बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं तथा आपके उज्ज्वल भविष्य, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेलों और ओलंपिक में भी स्वर्णिम सफलता की कामना करता हूं।

# जर्जर सड़क का धंसा किनारा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

## राहगीरों पर मंडरा रहा हादसे का खतरा



**सिंगाही।** थाना क्षेत्र के नौरंगाबाद प्रमुख मार्ग पर कस्बा कोल्हू के आगे सड़क का किनारा लगातार हो रही बारिश के कारण बुरी तरह धंस गया है। सड़क से सटा गहरा गड्ढा और बढ़ता कटाव राहगीरों व वाहन चालकों के लिए खतरा बन गया है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों के अनुसार पिछले वर्ष भी बारिश के दौरान सड़क का यह हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ था। उस समय स्थानीय स्तर पर मिट्टी डलवाकर गड्ढा भरने का प्रयास किया गया, लेकिन वह स्थायी समाधान साबित नहीं हुआ। इस वर्ष बारिश शुरू होते ही मिट्टी बह गई और गड्ढा पहले से अधिक गहरा व चौड़ा हो गया। इससे पहले ही जर्जर हो चुकी सड़क अब और अधिक क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। यह मार्ग नौरंगाबाद, बथुआ, फरदहिया, नौबना समेत आसपास के कई गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है। इसी रास्ते से नौरंगाबाद स्थित आईटीआई कॉलेज के छात्र-छात्राएं भी प्रतिदिन आवागमन करते हैं। ऐसे में सड़क की खराब स्थिति के कारण दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का निर्माण वर्षों पहले चीनी मिल की ओर से कराया गया था।

लंबे समय से इसकी मरम्मत नहीं कराई गई। वहीं, चीनी मिल अधिकारियों का कहना है कि सड़क का हस्तांतरण लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को किया जा चुका है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए और कटाव वाले स्थान पर सुरक्षा बैरिकेडिंग व अन्य आवश्यक इंतजाम किए जाएं, ताकि किसी संभावित हादसे से बचा जा सके।

# जान के दुश्मन बने बैठे अवैध क्लिनिक व हॉस्पिटल

## स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी व कर्मचारी कार्यवाही करने से कतरा रहे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर-खीरी।** के ढखेरवा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हॉस्पिटल, क्लीनिक, डायग्नोस्टिक सेंटर और पैथोलॉजी लैब स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि -धौरहरा रोड पढ़ुआ क्षेत्र के दर्जनों संपर्क मार्गो पर सहित कई स्थानों पर बिना आवश्यक मानकों और योग्य चिकित्सकीय स्टाफ के डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित किए जा रहे हैं।बताया जाता है कि इन संस्थानों के बाहर बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर आधुनिक जांच सुविधाओं, विशेषज्ञ डॉक्टरों और प्रशिक्षित स्टाफ का दावा किया जाता है, लेकिन मौके पर न तो संबंधित विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध रहते हैं और न ही प्रशिक्षित तकनीकी कर्मचारी। आरोप है कि कई केंद्रों पर अनुभव के आधार पर कर्मचारी जांच कर रहे हैं, जबकि रेडियोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्ट तथा डीएमएलटी/ एमएलटी योग्य तकनीशियन मौजूद नहीं रहते।स्थानीय लोगों का कहना है कि गलत जांच रिपोर्ट मरीजों के इलाज को प्रभावित कर सकती है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। गरीब मरीज अपनी मेहनत की कमाई खर्च कर जांच कराते हैं, ऐसे में यदि जांच की गुणवत्ता पर सवाल उठते हैं तो यह बेहद चिंताजनक है।

## मोहम्मदी नगर पालिका में विकास कार्यो पर उठे सवाल, करोड़ों के निर्माण कार्यों में अनियमितताओं के आरोप

**मोहम्मदी (खीरी)।** मोहम्मदी नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। जनता का आरोप है कि होने वाले अधिकांश निर्माण कार्यों के टेंडर एक ही ठेकेदार को दिए जा रहे हैं, जिससे टेंडर प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।आरोप है कि मोहम्मदी में बने रोडवेज बस अड्डे के निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं हुई हैं। इसके अलावा निर्माणाधीन फायर स्टेशन और क्रिटिकल केयर यूनिट में भी बहुत अधिक अनियमितताएंहै मगर प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधि तक गुलाबी रंग के चलते कुंभकरणी नीद में है।

# सहकार से समृद्धि सहकारिता सप्ताह अभियान के तहत किसान जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**बरेली/** विकास खंड बिथरी चैनपुर में सहकारिता सप्ताह के उपलक्ष्य में 'धरती माता बचाओ अभियान' एवं 'नैनो उर्वरक : महत्व एवं उपयोग' विषय पर आधारित किसान सभा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, बरेली बृजेश सिंह परिहार रहे। क्षेत्र अधिकारी इफको, कार्तिक सिंह, हरीश गंगवार,प्रबंधक इफ्को एमसी, कृष्ण मोहन, अपर जिला सहकारी अधिकारी सुधीश गौतम अपर जिला सहकारी अधिकारी तथा समिति के सचिव संकल्प उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ उपरान्त क्षेत्र अधिकारी इफको कार्तिक सिंह द्वारा किसानों को वैकल्पिक उर्वरकों के प्रयोग से फसल उत्पादन में वृद्धि, लागत में कमी तथा बेहतर गुणवत्ता आदि साथ ही परंपरागत उर्वरकों के अधिक उपयोग से मृदा , जल एवं वायु पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव साथ ही क्षीण हो रहे मिट्टी की उर्वरता के बारे में जानकारी दी गई एवं मिट्टी में सूक्ष्म जीवों की संख्या को बढ़ाने हेतु कॉन्सर्टिया के उपयोग हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही किसानों को नैनों उर्वरकों की विशेषता, विभिन्न फसलों में उपयोग विधि, उपयोग हेतु उचित समय, सही मात्रा आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। हरीश गंगवार ने फसल सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी और किसान सुरक्षा बीमा योजना के बारे में किसानों को अवगत करवाया। मुख्य अतिथि बृजेश सिंह परिहार ने अपने संबोधन में सहकारिता सप्ताह के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सहकारी समितियां किसान हितों के लिए समर्पित संस्थाएं हैं और विभिन्न किसान कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से किसानों को निरंतर लाभान्वित कर रही हैं। साथ ही संतुलित उर्वरकों का प्रयोग कर नैनो उर्वरकों के प्रयोग हेतु किसानों से आग्रह किया गया एवं समितियों के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया गया। किसने की समस्याओं को सुना गया और सभी किसानों से फार्मर आईडी बनवाने के लिए अनुरोध किया गया।

# शारदानगर थाना घूसकांड में नया मोड़ः पुलिस ने रखा अपना पक्ष

## शिकायतकर्ता महिला के विरुद्ध पहले से दर्ज मुकदमों का किया उल्लेख

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** शारदानगर थाना क्षेत्र में तैनात एक सब इंस्पेक्टर पर 55,000 रिश्वत लेने के लगाए गए आरोपों ने पूरे जनपद में चर्चा का विषय बना दिया है। मामले में जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद पुलिस प्रशासन ने भी अपना पक्ष सार्वजनिक किया है। अब इस प्रकरण में एक दूसरा पहलू भी सामने आया है, जिसे जनता के सामने रखना पत्रकारिता का दायित्व है।विश्वसनीय पुलिस अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता महिला के विरुद्ध पहले से कुछ आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें से एक मामले में विवेचना पूर्ण होने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र (चार्जशीट) भी दाखिल किया जा चुका है। हालांकि, महिला द्वारा लगाए गए रिश्वत के आरोपों की भी जांच संबंधित सक्षम अधिकारियों द्वारा की जा रही है और उस जांच का अंतिम निष्कर्ष अभी आना शेष है।

**क्या है पूरा मामला?-** जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता महिला ने आरोप लगाया है कि शारदानगर थाने में तैनात एक सब इंस्पेक्टर ने कार्रवाई के नाम पर उससे ?55,000 की रिश्वत ली। इस मामले को लेकर सदर विधायक ने भी महिला को पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत कर निष्पक्ष जांच की मांग की थी। इसके बाद यह मामला पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गया।

**पुलिस प्रशासन का पक्ष-** पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायतकर्ता महिला के विरुद्ध पूर्व से ही गंभीर प्रकृति के मुकदमे दर्ज हैं। अधिकारियों के अनुसार, एक प्रकरण में आरोप है कि गाँव के निवासी टीकाराम पुत्र तोतेराम की भूमि कथित रूप से धोखाधड़ी एवं जालसाजी के माध्यम से अपने नाम कराई गई थी। इस मामले में पुलिस विवेचना पूरी कर चुकी है तथा न्यायालय में आरोप पत्र भी दाखिल किया जा चुका है। पुलिस का यह भी कहना है कि शिकायतकर्ता महिला एवं उसके परिवार के विरुद्ध मारपीट से संबंधित एक अन्य मुकदमा भी दर्ज है।

**पुलिस का दावा क्या है?-** पुलिस अधिकारियों का दावा है कि जब पूर्व से दर्ज मामलों में कानूनी कार्रवाई आगे बढ़ी और आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, तब विभाग पर दबाव बनाने के उद्देश्य से रिश्वत लेने के आरोप लगाए गए। हालांकि, यह पुलिस का पक्ष है और इसकी सत्यता का अंतिम निर्धारण सक्षम जांच एवं न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही होगा।

**जांच अभी जारी है-** रिश्वत लेने के आरोप अत्यंत गंभीर प्रकृति के हैं। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित पुलिसकर्मी के विरुद्ध विधिक एवं विभागीय कार्रवाई की जा सकती है। वहीं यदि जांच में आरोप असत्य पाए जाते हैं, तो उसके अनुसार भी आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चौकी के सामने वसूली का वीडियो वायरल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नीमगांव, लखीमपुर खीरी।** बेहजम चौकी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह वायरल हो रहा है। वीडियो में ओवरलोड गन्ने की खोई से लदी ट्रॉली से चौकी के सामने एक शख्स को रुपये लेते हुए देखा जा रहा है।

**क्या है वायरल वीडियो में**

1. वीडियो बेहजम चौकी के सामने का बताया जा रहा है। 2. ट्रैक्टर-ट्रॉली में क्षमता से ज्यादा गन्ने की खोई लदी है। 3. एक व्यक्ति ट्रॉली चालक से बात कर रुपये लेता दिख रहा है। 4. आरोप है कि ओवरलोड ट्रॉली को पास कराने के नाम पर वसूली की जा रही है।पूरा मामला नीमगांव थाना क्षेत्र की बेहजम पुलिस चौकी का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में दिन का समय और चौकी का बोर्ड भी दिख रहा है।

**वीडियो के बाद हड़कंप**

वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में चर्चा है कि चीनी मिल सीजन में ओवरलोड खोई की ट्रॉलियों से रोजाना 'सेटिंग' चलती है। किसान और ट्रैक्टर मालिकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बिना पैसे दिए ट्रॉली आगे नहीं बढ़ पाती।

**पुलिस का पक्ष-** इस मामले में जब नीमगांव थानाध्यक्ष से बात की गई तो उन्होंने कहा, वीडियो संज्ञान में आया है। जांच कराई जा रही है। वीडियो में दिख रहा शख्स पुलिसकर्मी है या कोई अन्य, इसकी पुष्टि की जा रही है। जांच के बाद दोषी पर सख्त कार्रवाई होगी। 'बड़ा सवालःअगर चौकी के सामने ही वसूली का खेल चल रहा है तो ओवरलोडिंग पर रोक कैसे लगेगी? ओवरलोड ट्रॉलियां हादसों की बड़ी वजह बनती हैं।

## फूलबेहड़ कोतवाली के एक उपनिरीक्षक पर गंभीर आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग

**लखीमपुर खीरी।** सूत्रों एवं स्थानीय स्तर पर मिल रही शिकायतों के अनुसार, कोतवाली फूलबेहड़ में तैनात एक उपनिरीक्षक पर क्षेत्र में कथित अवैध खनन, कच्ची शराब और जुए के कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई न करने तथा मिलीभगत के आरोप लगाए जा रहे हैं। शिकायतों में यह भी दावा किया गया है कि हल्का नंबर-1 में अवैध गतिविधियां खुलेआम संचालित हो रही हैं, जिससे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। वहीं, चोरी की घटनाओं को लेकर भी स्थानीय लोगों में नाराजगी बताई जा रही है।सूत्रों का कहना है कि यदि मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तो वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है। लोगों ने पुलिस अधीक्षक से शिकायतों का संज्ञान लेकर तथ्यों की जांच कराने तथा दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

## एनडीएस स्वास्थ्य शिविर में भोजन के बदलाव पर दिया जोर

**रुद्रपुर, देवरिया।** राजयोग प्रशिक्षण केंद्र रुद्रपुर एवं ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को रामजी साहेब पीजी कॉलेज में एक दिवसीय एनडीएस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष सुधा निगम, अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष छट्ठे लाल निगम तथा कॉलेज प्रबंधक सूर्य प्रकाश जायसवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य वक्ता मोटिवेशनल स्पीकर एवं सीए सुनील कुमार गुप्ता ने कहा कि बढ़ती बीमारियों से स्थायी मुक्ति के लिए केवल दवाओं पर निर्भर रहने के बजाय भोजन की आदतों में बदलाव आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संतुलित एवं प्राकृतिक आहार अपनाकर शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। उन्होंने ग्रीन जूस, अपक्व भोजन और प्राकृतिक जीवनशैली को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताते हुए भगवान राम के वनवास तथा ऋषि-मुनियों की जीवनशैली का उदाहरण दिया। साथ ही एनडीएस तकनीक के सिद्धांतों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। शिविर में डॉ. आदित्य मिश्रा ने एक्यूप्रेशर पद्धति की जानकारी देते हुए इसके स्वास्थ्य लाभ बताए और प्रतिभागियों को व्यावहारिक अभ्यास भी कराया। कार्यक्रम में छट्ठे लाल निगम ने स्वास्थ्य जागरूकता के ऐसे आयोजनों की सराहना की। इस अवसर पर इंजीनियर सुशील चंद्र गुप्ता, सुभाष चंद्र जायसवाल, ब्रह्माकुमारी रीना दीदी, सरस चंद जायसवाल, राणा प्रताप सिंह, संजय कुमार यादव, शिवहरि त्रिपाठी, गिरीश जायसवाल, ओमप्रकाश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपी को अरुणाचल प्रदेश से दबोच लाई बलिया पुलिस

## 18 फरवरी को दर्ज हुआ था मुकदमा, 72 घंटे के ट्रांजिट रिमांड पर लाकर न्यायालय में किया गया पेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलिया।** शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को बलिया कोतवाली पुलिस ने अरुणाचल प्रदेश से गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी को 72 घंटे के ट्रांजिट रिमांड पर बलिया लाकर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) संजय वर्मा के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर सतीश कुमार शर्मा के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार, 18 फरवरी 2026 को एक महिला की तहरीर पर कोतवाली थाना में शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद से नामजद आरोपी फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। जांच के दौरान आरोपी की लोकेशन अरुणाचल प्रदेश में मिलने पर उपनिरीक्षक समरेन्द्र कुमार मिश्रा अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे। पुलिस ने जिला पपुमपारे स्थित आरटीसी आईटीबीपी सेंटर, कीमीन से आरोपी मुकेश कुमार गुप्ता, पुत्र स्वर्गीय रघुनाथ गुप्ता, निवासी ग्राम डेहरी, थाना रसड़ा, जनपद बलिया को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी को कीमीन पुलिस स्टेशन ले जाया गया, जहां एडीसी, कीमीन के समक्ष पेश कर 72 घंटे का ट्रांजिट रिमांड प्राप्त किया गया। इसके बाद पुलिस टीम आरोपी को बलिया लेकर पहुंची। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में पेश कर दिया गया। बलिया पुलिस ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# सीज होने के बाद भी धड़ल्ले से चल रहा अवैध 'कैलाश अस्पताल'

## बिना डिग्रीधारी डॉक्टर कर रहे ऑपरेशन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी-** स्वास्थ्य विभाग के दावों और कार्रवाई की हवा निकालते हुए पसगवां क्षेत्र के उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत बचीगांव में एक बड़ा खेल सामने आया है। कुछ समय पहले प्रशासन द्वारा अवैध रूप से संचालित होने के कारण सीज किए गए 'कैलाश हॉस्पिटल' में सील टूटने के बाद फिर से मौत का व्यापार बेखौफ जारी है। सीज होने के बावजूद अस्पताल में न केवल मरीजों को भर्ती किया जा रहा है, बल्कि बिना डिग्रीधारी झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा गंभीर मरीजों के ऑपरेशन और इलाज भी धड़ल्ले से किए जा रहे हैं।

**सील अस्पताल में 'खुले आसमान' के नीचे चल रहा इलाज का खेल**

स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, इस तथाकथित अस्पताल में स्वास्थ्य नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। हद तो तब हो गई जब अस्पताल परिसर में खुले आसमान के नीचे मरीजों को ग्लूकोज की बोतलें चढ़ाई जा रही हैं। नियमों को ताक पर रखकर बिना किसी विशेषज्ञ डॉक्टर या वैध कागजात के गंभीर बीमारियों का इलाज किया जा रहा है, जिससे कभी भी किसी मरीज की जान को बड़ा खतरा हो सकता है

**खड़े हो रहे हैं कई बड़े सवाल**

**पहला सवालः** एक बार जब प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने इस अस्पताल को अवैध पाकर सीज कर दिया था, तो यह दोबारा कैसे शुरू हो गया?

**दूसरा सवालः** आखिर किसके रसूख और संरक्षण में सील अस्पताल के भीतर मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है?

**तीसरा सवालः** क्या स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सीमित है, जो आरोपी बेखौफ होकर दोबारा धंधा चमका रहे हैं?

**प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल**

सीज अस्पताल के दोबारा खुलने और खुलेआम ऑपरेशन होने की खबरों के बाद भी स्थानीय प्रशासन और उचौलिया पुलिस की चुप्पी कई तरह के संदेह पैदा कर रही है। आखिर इतनी बड़ी लापरवाही पर अधिकारी आंखें मूंदकर क्यों बैठे हैं

**अधीक्षक महोदय से सख्त कार्रवाई की मांग**

क्षेत्र में चर्चा का विषय बने इस अवैध अस्पताल पर अब पसगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के अधीक्षक महोदय को तत्काल संज्ञान लेने की आवश्यकता है। स्थानीय जनता और पीड़ित परिवारों की मांग है कि स्वास्थ्य विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंचकर इस फर्जी अस्पताल के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करे और इसे पूरी तरह बंद करवाकर दोषियों को सलाखों के पीछे भेजे, ताकि किसी बेगुनाह की जान न जाए।

# गोला रेंज गांवों मे ग्रीन चौपाल का आयोजन



**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** प्रतेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऐक से सात जुलाई तक वन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसके चलते गोला वन रेंज के अंतर्गत पूर्वी व पश्चिमी बीट के गांव ग्रन्ट नंबर ग्यारह के गांव बंजरिया,व पुनर्भूग्रट, व अलीगंज, कुसमौरी मे दर्जनो ग्रामिणो की उपस्थित मे ग्रीन चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमे प्रमुख रूप मे क्षेत्रीय वना अधिकारी अमित कुमार सिंह व डिप्टी वन क्षेत्राधिकारी अंकित बाबू की अगुवाई मे ग्रीन चौपाल के दौरान ग्रामिणो को आम, नीम, जामुन, आंवला, अमरूद, सहजन के दर्जनो पौधे रोपे गये, इसके साथ ही ज्यादा से ज्यादा हरे भरे बृक्षो को लगाने पर जोर दिया गया, और, अपने मां के नाम फेज 2,तहत ऐक बृक्ष लगाने का संकल्प भी दिलाया गया, इस दौरान वन दारोगा शैलेन्द्र त्रिवेदी,जगदीश वर्मा, राम नरेश वर्मा वाचर अभय सिंह सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिलाधिकारी मिर्जापुर के औचक निरीक्षण में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में मिली भारी अनियमितता एमवाईसी व फार्मासिस्ट पर कार्रवाई के निर्देश



**हलिया मीरजापुर।** जिला अधिकारी पवन कुमार गंगवार एवं मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में भारी गड़बड़ियां एवं विभिन्न अनियमिताएं सामने आई है। निरीक्षण में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एमवाईसी डॉक्टर अवधेश कुमार बिना किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत कराए अनुपस्थित मिले। साथ ही उनके बिना अनुमति जिला मुख्यालय से बाहर रहने की भी जानकारी मिली। इस पर जिलाधिकारी ने उनके विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश दिए। वही दवा वितरण कक्ष के निरीक्षण में दवा वितरण का इंडेक्स तैयार न होने तथा वितरित दावाओ का कोई समुचित अभिलेख या हिसाब किताब नहीं मिलने पर फार्मासिस्ट अजय कुमार कुशवाहा के विरुद्ध विशेष प्रतिकूल विशिष्ट दिए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए।

### मतदेय स्थलों की संशोधित सूची प्रकाशित, 12 जुलाई तक मांगे गए सुझाव

**भदोही।** अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शुभांगी शुक्ला ने बताया कि जनपद की सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदेय स्थलों के संभावाजन एवं समायोजन के बाद संशोधित मतदेय स्थलों की सूची तैयार कर चार जुलाई को प्रकाशित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि यह सूची जिला निर्वाचन कार्यालय, संबंधित तहसील कार्यालयों तथा जनपद की वेबसाइट पर निःशुल्क अवलोकन के लिए उपलब्ध है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था अथवा राजनीतिक दल को मतदेय स्थलों के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव देना हो तो वह 12 जुलाई तक संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में अपना सुझाव या आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनसामान्य एवं सभी राजनीतिक दलों से निर्धारित अवधि के भीतर अपने सुझाव उपलब्ध कराने की अपील की है।

### चोरी की साइकिल के साथ युवक गिरफ्तार



**गोपीगंज।** थाना गोपीगंज पुलिस ने चोरी की साइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की साइकिल भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार अमवामाफी निवासी जयप्रकाश ने एक जुलाई को घर के पास से साइकिल चोरी होने की तहरीर दी थी, जिस पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर स्टेशन रोड स्थित वन विभाग के गेराई क्षेत्र से पुलिस ने मीरजापुर जिले के लखमापुर निवासी धीरज बिंद (19) को चोरी की साइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने अमवामाफी रेलवे क्रॉसिंग के पास से साइकिल चोरी की थी और उसे बेचने के लिए गोपीगंज जा रहा था। पुलिस ने संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

### विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों का आलेख प्रकाशित

#### 12 जुलाई तक जिला निर्वाचन कार्यालय में दर्ज कराए जा सकते हैं सुझाव एवं आपत्तियां

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ ने अवगत कराया है कि जनपद सोनभद्र के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 400-घोरावल, 401-रॉबर्ट्सगंज, 402-ओबरा (अ.जन.जा.) एवं 403-दुद्धी (अ.जन.जा.) के मतदेय स्थलों का आलेख दिनांक 04 जुलाई, 2026 को प्रकाशित कर दिया गया है। उक्त आलेख को जिला प्रशासन की वेबसाइट पर भी अपलोड कर आमजन के अवलोकन हेतु उपलब्ध कराया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सर्वसाधारण से अपील की है कि यदि मतदेय स्थलों के संबंध में किसी प्रकार का सुझाव अथवा आपत्ति हो, तो उसे लिखित रूप में जिला निर्वाचन कार्यालय, सोनभद्र में 12 जुलाई, 2026 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें, ताकि प्राप्त सुझावों एवं आपत्तियों पर नियमानुसार विचार किया जा सके।

# व्यक्तिगत शौचालयों के लाभार्थियों की सूची तीन दिन में उपलब्ध कराएं : डीपीआरओ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जिला पंचायत राज अधिकारी डॉ. सपना अवस्थी ने शनिवार को विकास भवन सभागार में पंचायत विभाग की समीक्षा बैठक कर वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष पात्र लाभार्थियों की सूची तीन दिन के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्य समय से शुरू कराया जा सके। डीपीआरओ ने कहा कि पात्र लाभार्थियों के चयन में पूरी पारदर्शिता बरती जाए और शासन की मंशा के अनुरूप सभी पात्र परिवारों को योजना का लाभ मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत स्तर पर सर्वेक्षण कर पात्र व्यक्तियों की सूची शीघ्र तैयार कर उपलब्ध कराई जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा।

बैठक में जनपद में संचालित रिसोर्स रिकवरी सेंटर (आरआरसी) के नियमित संचालन, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता संबंधी गतिविधियों तथा लंबित विकास कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। डीपीआरओ ने निर्देश दिए कि सभी आरआरसी का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए तथा कचरे के पृथक्करण, संग्रहण एवं निस्तारण की व्यवस्था प्रभावी ढंग से संचालित हो। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत संचालित सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने सभी एडीओ (पंचायत) और ग्राम पंचायत सचिवों को शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने, प्रगति रिपोर्ट समय से उपलब्ध कराने तथा ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान को जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक (डीसी) डॉ. सरोज पांडेय, जनपद के सभी एडीओ (पंचायत) तथा ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

## सरकारी अस्पतालों में अग्निशमन व्यवस्थाएं होंगी और अधिक सुदृढ़

● जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न, अग्नि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** जनपद में संचालित सभी सरकारी अस्पतालों में अग्निशमन व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण एवं अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अस्पतालों में अग्निशमन सुरक्षा से संबंधित उपलब्ध व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी चिकित्सालयों में अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, कार्यशीलता एवं नियमित परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में आग जैसी आकस्मिक घटनाओं से बचाव के लिए निर्धारित सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन किया जाए तथा जहां आवश्यक हो वहां अग्निशमन उपकरणों की स्थापना एवं व्यवस्थाओं को तत्काल सुदृढ़ किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को अस्पतालों में समय-समय पर मॉक ड्रिल आयोजित करने, विद्युत सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने तथा आपातकालीन निकासी व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के भी निर्देश दिए, जिससे किसी भी आपदा की स्थिति में जनहानि को रोका जा सके। बैठक में मुख्य अग्निशमन अधिकारी राम साहनी, प्रभारी अधिकारी करन सिंह यादव, मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य, एसीएमओ डॉ. गुलाब शंकर यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### आजमगढ़ में फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ चलेगा 'लक्ष्मण रेखा' अभियान

**आजमगढ़।** शहर को जाम से निजात दिलाने और पैदल राहगीरों के लिए फुटपाथ खाली कराने की तैयारी शुरू हो गई है। फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस अब 'लक्ष्मण रेखा अभियान' चलाएगी। इसके तहत फुटपाथ और सड़क किनारे लाल पेंट से सीमा रेखा खींची जाएगी, जिसके बाहर दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी संचालकों को सामान रखने की अनुमति नहीं होगी। सीमा रेखा का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान के साथ अन्य विधिक कार्रवाई भी की जाएगी। अभियान की शुरुआत शहर के सबसे व्यस्त चौक क्षेत्र से बड़ा देव तक की जाएगी। यातायात पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम पहले दुकानदारों को जागरूक करेगी। इसके बाद भी अतिक्रमण मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि दैनिक जागरण ने शहर की जाम की समस्या को लेकर लगातार अभियान चलाकर प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया था। इसके बाद रोडवेज बस अड्डे पर की गई व्यवस्थाओं का सकारात्मक असर देखने को मिला और वर्षों पुरानी जाम की समस्या काफी हद तक खत्म हो गई।

# ऑपरेशन 'दहन' के तहत सोनभद्र पुलिस की बड़ी कार्रवाई

» 15 करोड़ 24 लाख 86 हजार 200 रुपये मूल्य के 1,897.811 किग्रा मादक पदार्थ का कराया गया विनिष्टीकरण

» पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी (DDC) द्वारा 145 अभियोगों से संबंधित अवैध गांजा एवं हेरोइन का नियमानुसार निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-** पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा संचालित विशेष अभियान ऑपरेशन दहन के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी (District Drug Disposal Committee-DDC) द्वारा मादक पदार्थों के सुरक्षित एवं विधिसम्मत विनिष्टीकरण की महत्वपूर्ण कार्रवाई संपन्न की गई। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मादक पदार्थों के अधिग्रहण, भंडारण, निस्तारण एवं न्यायिक पर्यवेक्षण संबंधी जारी दिशा-निर्देशों तथा मा0 न्यायालय से प्राप्त आदेशों के अनुपालन में शनिवार दिनांक 04.07.2026 को जनपद के विभिन्न थानों पर पंजीकृत 145 अभियोगों से संबंधित जब्त अवैध मादक पदार्थों का मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड (यूनिट-डाला सीमेंट वर्क्स), डाला के माध्यम से निर्धारित मानकों के अनुसार पूर्ण सुरक्षा एवं विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए विनिष्टीकरण कराया गया।विनिष्टीकरण का विवरण-थाना राबर्ट्सगंज के 129 अभियोग, थाना कोन के 02 अभियोग, थाना दुद्धी के 14 अभियोग।

कुल 145 अभियोगों से संबंधित जब्त मादक पदार्थों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया।कुल विनिष्टीकृत मादक पदार्थों का अनुमानित मूल्य 15,24,86,200/- (पंद्रह करोड़ चौबीस लाख छियासी हजार दो सौ रुपये) उल्लेखनीय है कि जनपद के विभिन्न थानों पर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत अभियोगों में बरामद मादक पदार्थ काफी समय से सुरक्षित रखे गए थे।

इनका विधिसम्मत एवं सुरक्षित निस्तारण कराने हेतु पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा 01 मार्च 2026 से 30 जून 2026 तक संचालित ऑपरेशन दहन विशेष अभियान के अनुपालन में जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई।

जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा अध्यक्ष तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा सदस्य के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान प्रभारी नारकोटिक्स सेल उ0नि0 रामनगीना प्रधान एवं आरक्षी अभिलाष सिंह भी मौजूद रहे। सोनभद्र पुलिस जनपद को नशा मुक्त बनाने एवं अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी मादक पदार्थों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# 1 जुलाई से 31 अगस्त तक सोनभद्र में मत्स्य आखेट पर प्रतिबंध लागू



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-** जनपद में मछलियों के प्रजनन काल को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट चर्चित गौड़ ने 1 जुलाई से 31 अगस्त 2026 तक सभी नदियों, तालाबों एवं जलाशयों में मत्स्य आखेट (मछली पकड़ने) पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर दिया है। इस संबंध में कार्यालय आदेश जारी करते हुए संबंधित विभागों एवं ठेकेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार प्रतिबंध अवधि में किसी भी व्यक्ति द्वारा प्रजननशील मछलियों को पकड़ना, मारना, बेचना अथवा पकड़ने का प्रयास करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही विस्फोटक पदार्थों, विषैले रसायनों अथवा अन्य अवैध साधनों से मछली पकड़ने पर भी सख्त रोक रहेगी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि रिहंद, धंधरौल, कड़ियाताल, पुरखासताल, जीवारताल सहित सभी संबंधित जलाशयों के ठेकेदार 30 जून की मध्यरात्रि से अपनी नाव एवं जाल जलाशयों से बाहर कराना सुनिश्चित करें। क्षेत्रीय मत्स्य प्रभारियों को प्रतिबंध अवधि में जलाशयों में मत्स्य आखेट पूर्णतः बंद कराने तथा नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जलधाराओं के प्राकृतिक प्रवाह को बाधित करने के लिए किसी प्रकार का अवरोध खड़ा करना तथा मत्स्य बीज, अंगुलिका अथवा मछलियों को पकड़ना या नष्ट करना प्रतिबंधित रहेगा। उल्लंघन की स्थिति में अवैध सामग्री एवं पकड़ी गई मछलियां जब्त की जाएंगी तथा संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश मत्स्य अधिनियम, 1948 के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### बीजपुर पुलिस की प्रभावी कार्रवाई, गैर-जमानती वारंट में 04 अभियुक्त गिरफ्तार

**बीजपुर/ सोनभद्र-** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान तथा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी के कुशल निर्देशन में तथा थानाध्यक्ष बीजपुर के कुशल निर्देशन में थाना बीजपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। शनिवार दिनांक 04.07.2026 को थाना बीजपुर पुलिस टीम द्वारा मा. अपर सिविल जज (जू0 डि0)/न्यायिक मजिस्ट्रेट, दुद्धी द्वारा निर्गत गैर-जमानती वारंट के अनुपालन में मु0नं0-560/2021, धारा-427 भादवि से संबंधित 04 वारंटी अभियुक्तों को उनके निवास स्थान ग्राम नेमना से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान मा. सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### बाबा हरिहरनाथ मंदिर से अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**ज्ञानपुर।** नगर स्थित सिद्धपीठ बाबा हरिहरनाथ मंदिर से शनिवार को अमरनाथ धाम दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ। मंदिर परिसर में 'हर-हर महादेव' और 'जय बाबा बर्फानी' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। जय बाबा बर्फानी ग्रुप के सदस्य आयुष जायसवाल ने बताया कि ज्ञानपुर के श्रद्धालु हर वर्ष बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए अमरनाथ यात्रा पर जाते हैं। यात्रा शुरू करने से पहले सभी श्रद्धालुओं ने सिद्धपीठ बाबा हरिहरनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद जत्था ज्ञानपुर से वाराणसी के लिए रवाना हुआ, जहां से ट्रेन के माध्यम से अमरनाथ धाम पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि लगभग 15 दिन की इस यात्रा के दौरान श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन कर सकुशल वापस लौटेंगे। जत्थे में गौतम गुप्ता, नितिन गुप्ता, पवन, आशीष, अमित, मनीष, आदित्य, छोटू, विराट, सोनू, अनुज सहित कुल 14 श्रद्धालु शामिल हैं।

## यूपीटीईटी-2026 का अंतिम चरण शांतिपूर्ण संपन्न

### डीएम-एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी)-2026 का अंतिम चरण शनिवार को जनपद में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न हुआ। परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने संयुक्त रूप से काशी नरेश विश्वविद्यालय, ज्ञानपुर स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों, अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, पहचान सत्यापन, सीसीटीवी निगरानी, स्ट्रॉन्ग रूम तथा सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता रही। वहीं पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्कता एवं अनुशासन के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। जनपद में दोनों दिनों की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। प्रथम पाली में पंजीकृत 3072 अभ्यर्थियों में से 2825 परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 247 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के सफल आयोजन पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेटों, केंद्र व्यवस्थापकों, शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा पुलिस बल की सराहना करते हुए सभी को बधाई दी।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जनपदभर में चला व्यापक स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान

**विद्यालयों में निकली जागरूकता रैलियां, गांवों और नगरीय क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत शनिवार को जनपद के समस्त विकास खंडों एवं ग्राम पंचायतों में व्यापक स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार उच्च जोखिम वाले ग्रामों में माइक्रोप्लान के अनुरूप विशेष साफ-सफाई कराई गई तथा आमजन को संचारी रोगों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान ग्रामों में नालियों की सफाई, झाड़ियों की कटाई, खराब हैंडपंपों की मरम्मत एवं स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्य कराए गए। इस दौरान पंचायत सहायकों, आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा ग्राम प्रधानों की सक्रिय सहभागिता रही।

जनजागरूकता कार्यक्रम के तहत जनपद के 87 विद्यालयों में जागरूकता रैलियां आयोजित की गईं। ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों द्वारा 22 प्रभात फेरियां तथा ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा ग्रामसभाओं का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत गांवों में नालियों की सफाई, स्थानों पर झाड़ियों की कटाई, हैंडपंपों की मरम्मत, हैंडपंप चबूतरों का सुधार तथा शौचालयों का निर्माण कराया गया। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत क्षेत्रों में स्थानों पर नालियों की सफाई एवं नगरीय वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया गया।

पशुपालकों को भी संचारी रोगों की रोकथाम के संबंध में जागरूक किया गया तथा वेक्टर नियंत्रण के लिए तीन बैठकों का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन ने आमजन से स्वच्छता बनाए रखने, जलभराव से बचने तथा संचारी रोगों से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।यदि चाहें, मैं इसे डीएम कार्यालय की आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति की शैली में और भी आकर्षक एवं समाचार-पत्र प्रकाशन योग्य बना सकता हूँ।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

**मानकविहीन खाद्य पदार्थों की बिक्री पर सख्ती, अवैध मीट दुकानों पर मुकदमा दर्ज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने जनपद में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। अभियान के दौरान कटे फल, गन्ने का जूस, खुली मिठाइयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों की दुकानों का निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को साफ-सफाई बनाए रखने, खाद्य पदार्थों को ढककर रखने तथा प्रतिबंधित रसायनों का प्रयोग न करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में ग्राम कचनरवा, थाना कोन स्थित दो अवैध मीट दुकानों का निरीक्षण किया गया। जांच में बिना खाद्य पंजीकरण एवं लाइसेंस के मीट विक्रय किए जाने की पुष्टि होने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की गई। साथ ही उन्हें भविष्य में बिना अनुमति कारोबार न करने की चेतावनी दी गई। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने बताया कि जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान ऐसे निरीक्षण एवं प्रवर्तन की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए जा सकें।

### झोलाछाप के इलाज से महिला की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**दीदारगंज (आजमगढ़)।** दीदारगंज थाना क्षेत्र के सदरपुर कैथौली गांव में शुक्रवार शाम साढ़े सात बजे झोलाछाप के इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित स्वजन ने झोलाछाप पर गलत इंजेक्शन लगाने और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए उसकी डिस्पेंसरी पर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया। सदरपुर कैथौली गांव निवासी 40 वर्षीय नीलम देवी खेत से लौटने के बाद हल्के बुखार से पीड़ित हो गई थीं। स्वजन उन्हें गांव के पास डिस्पेंसरी चलाने वाले एक झोलाछाप के पास ले गए। आरोप है कि इलाज के दौरान इंजेक्शन लगाने के बाद उनकी हालत और बिगड़ गई। इसके बाद झोलाछाप ने उन्हें जौनपुर ले जाने की सलाह दी, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। नाराज स्वजन शव लेकर झोलाछाप की डिस्पेंसरी पहुंच गए और उसके पास कोई मान्य चिकित्सकीय डिग्री न होने का आरोप लगाया।थाना प्रभारी राम बहादुर यादव ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरएन वर्मा ने बताया कि शिकायत मिलने पर जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## यातायात पुलिस ने कहा! शहर को जाम से मुक्त करने के लिए वाहन पार्किंग में ही खड़े करें

**यातायात पुलिस शहर को जाम मुक्त करने के लिए उठा रही है नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों को पहुंचा रही है थाने**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** आज दिनांक 04.07.2026 को पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में 'सुगम यातायात योजना 'Reducing Traffic Congestion (RTC) Scheme' के अंतर्गत शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर सड़क किनारे नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई।

**यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा लाउड**

हेलर के माध्यम से वाहन स्वामियों/चालकों को सूचित करते हुए अपने वाहनों को तत्काल नो पार्किंग क्षेत्र से हटाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके बावजूद भी जिन वाहन स्वामियों द्वारा अपने वाहन नहीं हटाए गए, उनके वाहनों को क्रेन के माध्यम से कुल 06 चार पहिया वाहनों को सम्बन्धित थाने में भेजा गया। वाहन स्वामियों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु अंतिम चेतावनी देते हुए नियमानुसार उनके वाहन सुपुर्द किए गए।



यातायात पुलिस कानपुर नगर द्वारा आमजन से अपील की है कि वे अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें तथा नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा कर यातायात व्यवस्था बाधित न करें। यातायात नियमों का पालन कर शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें। यातायात पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें एवं किसी भी असुविधा की स्थिति में ट्रैफिक कण्ट्रोल/ हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें।

### मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना: ट्रैक्टर चलित आटा-मसाला चक्की के लिए ब्याजमुक्त लोन, नहीं लगेगी कोई गारंटी




**आजमगढ़।** प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' के अंतर्गत एक बेहद महत्वाकांक्षी योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के युवाओं को 'बिजनेस आन व्हील' की तर्ज पर ट्रैक्टर आधारित मिनी मसाला मिल, आटा चक्की एवं ट्राली का लाभ प्रदान किया जा रहा है। उपायुक्त उद्योग आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि युवाओं को अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए पांच लाख रुपये तक का लोन बिना किसी गारंटी के और 100 प्रतिशत ब्याज मुक्त उपलब्ध कराया जा रहा है। कुल पांच लाख रुपये की परियोजना राशि में 4,95,000 टर्म लोन (4,05,000 का ट्रैक्टर, 90000 की चक्की) के रूप में और पांच वर्किंग कैपिटल (सीसी) के तौर पर स्वीकृत किए जाएंगे। इसके साथ ही सरकार द्वारा लाभार्थियों को 10 प्रतिशतकी वित्तीय सब्सिडी (यानी 50 हजार रुपये की सीधी छूट) भी दी जाएगी।आवेदक को 10 प्रतिशत 50 हजार रुपये स्वयं के अंशदान के रूप में दिया जाएगा। आवेदक द्वारा www.msme.up.gov.in पर आवेदन किया जा सकता है।

# संक्षिप्त खबरें

## लापता बेटी के लिए लगाई सीओ से गुहार

**कोंच (जालौन)-** बेटी के लापता हो जाने के मामले में पुलिस पर कोई प्रभावी कार्यवाही न किए जाने का आरोप लगाते हुए महिला ने शनिवार को सीओ को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र निवासी महिला ने सीओ परमेश्वर प्रसाद को दिए अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि बीती 30 जून की शाम करीब तीन बजे वह अपनी 19 वर्षीय बेटी के साथ बस स्टैंड गई हुई थी। बस स्टैंड पर एक स्थान पर वह पानी पीने चली गई। पानी पीकर वापस लौटने पर मौके से बेटी गायब मिली। आसपास मौजूद लोगों से जानकारी करने पर पता चला कि कुछ लोग बेटी को बहला फुसला कर अपने साथ ले गए। महिला ने सीओ को बताया कि घटना को लेकर उसने 1 जुलाई को कोतवाली में लिखित शिकायती पत्र दिया था लेकिन पुलिस द्वारा अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। महिला ने सीओ से कार्यवाही कर बेटी को सकुशल बरामद किए जाने की मांग की है।

## मलंगा पुल पर कार की टक्कर से ऑटो पलटी, चालक चोटिल



**कोंच (जालौन)-** शुक्रवार की रात उरई रोड पर रॉयल गार्डन के सामने मलंगा पुल पर सवारियों को छोड़कर उरई की ओर जा रही ऑटो में तेज रफ्तार कार ने साइड से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ऑटो सड़क किनारे खाई में जाकर पलट गई और चालक चोटिल हो गया। ऑटो में सवारियां नहीं थी वरना एक बड़ा हादसा घटित हो सकता था। जानकारी के अनुसार,



थाना नदीगांव क्षेत्र के ग्राम शिवनी बुजुर्ग निवासी शिवम कुमार शुक्रवार की रात सवारियों को कोंच छोड़ने के बाद ऑटो लेकर उरई की ओर जा रहा था। रात करीब 11 बजे जब वह ऑटो लेकर मलंगा पुल पर पहुंचा तभी पीछे से आयी एक तेज रफ्तार कार ने ऑटो में साइड से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और सड़क किनारे खाई में जाकर पलट गई, चालक शिवम चोटिल हो गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों एवं राहगीरों ने मदद करते हुए घटना की सूचना शिवम के परिजनों सहित पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से कुछ दूरी पर खड़ी उक्त कार अपने कब्जे में ले ली। बताया जा रहा है कि कार का पहिया भी क्षतिग्रस्त हो गया था जिससे कार सवार लोग कार को लेकर नहीं जा सके लेकिन कार सवार लोग मौके से भाग निकले। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

## सपा की मासिक बैठक हुई संपन्न, पार्टी को मजबूत बनाने पर दिया जोर




**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर जिला कार्य समिति की मासिक बैठक सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया गया और मिशन 2027 फतह करने के लिए विचार विमर्श किया गया। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के सहयोग से ही 2027 में सरकार बनाया जा सकता है और कहा कि भाजपा की सरकार जनहित के हर मोर्चे पर विफल है कमर तोड़ महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार डीजल पेट्रोल रसोई गैस और बिजली के दामों में भारी मूल्य वृद्धि से प्रदेश की जनता कराह रही है भाजपा की नीतियां समाज में विघटन पैदा करने वाली है भाजपा सरकार ही समस्याओं की जननी है, भाजपा सरकार पीडीए समाज के युवाओं का हक अधिकार छीन रही है और उन्हें आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक रूप से कमजोर करने की साजिश कर रही है। इस दौरान प्रदेश सचिव विभा शुक्ला, राममिलन भारती, मोहम्मद इदरीश पटवारी, डॉक्टर धीरेंद्र यादव, प्रदीप पथरकट, अब्दुल कलाम सिद्दीकी, फिरोज आलम, हरिराम यादव, बृजभान यादव, जोखन चौधरी, रामसेवक लोधी, जेपी यादव, मोहम्मद हारुन, चंद्रभान पहलवान, लवकुश साहनी, इमामुद्दीन खान ,चिनगुद पत्थरकट, अजीमुल्लाह, इरशाद आलम, कपिल देव, बीके यादव, हरिश्चंद्र यादव, अंगद यादव, सत्यम विशंभर लाल श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# सिद्धार्थनगर :मनरेगा घोटाले में रोजगार सेवक गिरफ्तार, थाने पर रोजगार सेवकों का प्रदर्शन

- अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग
- सात लाख 91 हजार रुपए के फर्जी भुगतान का मामला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** मनरेगा कार्यों में सात लाख 91 हजार रुपये के फर्जी भुगतान के मामले में शनिवार को पुलिस ने एक आरोपित ग्राम रोजगार सेवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के विरोध में जिले भर के रोजगार सेवक भवानीगंज थाने पहुंच गए और प्रदर्शन करते हुए पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए। उनका आरोप था कि पुलिस दबाव में आकर केवल कमजोर कर्मचारी पर कार्रवाई कर रही है, जबकि मामले में नामजद अन्य आरोपित अब भी खुलेआम घूम रहे हैं।

डुमरियागंज विकास खंड के ग्राम देईपार में मनरेगा कार्यों में वित्तीय अनियमितता का मामला लोकपाल मनरेगा की जांच में सही पाया गया था। जांच में ग्राम प्रधान रावती देवी, पंचायत सचिव हरिशंकर सिंह, तकनीकी सहायक ओमप्रकाश और ग्राम रोजगार सेवक राजकुमार पर मिलीभगत कर सात लाख 91 हजार 328 रुपये का फर्जी भुगतान करने का आरोप सिद्ध हुआ था।

जांच रिपोर्ट में सभी आरोपितों के विरुद्ध धन की वसूली और कार्रवाई की संस्तुति की गई थी। मामले में शिकायतकर्ता जंगल प्रसाद उर्फ जगराम ने आरोप लगाया था कि शिकायत करने के बाद उन्हें जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। इसके आधार पर 22 मार्च को भवानीगंज थाने में चारों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। शनिवार को पुलिस ने ग्राम रोजगार सेवक राजकुमार को गिरफ्तार कर लिया।

इसकी सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में रोजगार सेवक भवानीगंज थाने पहुंच गए और विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका कहना



था कि यदि जांच में चारों आरोपित दोषी पाए गए हैं तो कार्रवाई भी सभी के विरुद्ध समान रूप से होनी चाहिए। केवल रोजगार सेवक की गिरफ्तारी यह दर्शाती है कि पुलिस निष्पक्ष तरीके से कार्रवाई नहीं कर रही है। प्रभारी निरीक्षक भवानीगंज विजय शंकर सिंह ने बताया कि नामजद आरोपित राजकुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है। अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है। उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पिरौना गांव में तालाब से निकला मगरमच्छ, मची भगदड़



**कोंच(जालौन)-** तहसील क्षेत्र के पिरौना गांव में शुक्रवार की देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब गांव के तालाब से निकलकर एक विशाल मगरमच्छ आबादी की ओर पहुंच गया। मगरमच्छ को आबादी के बीच रेंगता देख ग्रामीणों में दहशत फैल गई। शोरगुल सुनकर जुटे ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए रस्सियों की मदद से कड़ी मशक्कत कर उसे सुरक्षित पकड़ लिया। जिसके बाद वन विभाग और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर क्षेत्रीय वन अधिकारी रमेश वर्मा विभागीय कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और मगरमच्छ को कब्जे में लेकर गांव से बाहर ले गए। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के तालाब में तीन मगरमच्छ हैं जिसके चलते हर समय दहशत बनी रहती है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तालाब की निगरानी बढ़ाने और अन्य दोनों मगरमच्छों को भी सुरक्षित रेस्क्यू कर गांव से दूर छोड़ने की मांग की है।

## राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस की तैयारियों को लेकर अभाविप कानपुर प्रान्त की योजना बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, कानपुर प्रान्त के प्रमुख कार्यकर्ताओं की राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस की योजना बैठक शनिवार को चन्द्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 9 जुलाई को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के स्थापना दिवस, जिसे राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाया जाता है, के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर प्रान्त के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में छात्र संपर्क अभियान, वृक्षारोपण, संगोष्ठी, सेवा गतिविधियाँ, शोधार्थी सम्मेलन, रक्तदान शिविर, युवा संवाद कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान, खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रभाव, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा नेतृत्व




क्षमता के विकास का संदेश दिया जाएगा। इस अवसर पर अभाविप कानपुर प्रान्त के प्रान्त मंत्री दिनेश यादव ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् का स्थापना दिवस केवल एक संगठन का उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका को सशक्त बनाने का संकल्प दिवस है। राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर आठ जुलाई से चौदह जुलाई तक पूरे कानपुर प्रान्त में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनसे अधिकाधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित हो तथा उनमें सामाजिक दायित्व, राष्ट्रभक्ति और नेतृत्व के संस्कार विकसित हों। परिषद् सदैव विद्यार्थी हित एवं राष्ट्रहित के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी इसी भावना के साथ कार्य करती रहेगी।

## धोखाधड़ी और आईटी एक्ट मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच (जालौन)-** हिंदुस्तान पेट्रोलियम की डीलरशिप दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से बैंक खाते में जमा कराए गए 39 लाख सहित कुल 75 लाख रुपए की धोखाधड़ी किए जाने के दर्ज मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई। मामले में शामिल अन्य इनामी अभियुक्त उमेश कुमार चौहान सहित शिवकुमार रविदास को पुलिस कुछ दिन पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

जिले की अपराध शाखा के निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय की अगुवाई में कोतवाली पुलिस ने शनिवार को वांछित अभियुक्त संजय रविदास पुत्र सीताराम निवासी ग्राम महमदपुर थाना ओंगारी जिला नालंदा बिहार को गिरफ्तार कर लिया। उक्त अभियुक्त धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के 2020 में दर्ज कराए गए मुकदमे में वांछित था और करीब 6 वर्षों से फरार चल रहा था। गौरतलब हो कि कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदारी निवासी शैलेंद्र कुमार गौतम पुत्र कृष्णकुमार गौतम ने बीती 17 अगस्त 2020 को कोतवाली में दी अपनी तहरीर में बताया था कि हिंदुस्तान पेट्रोलियम की उसे डीलरशिप दिलाने के नाम पर उससे 39 लाख रुपए बैंक खाते में जमा करा लिए गए और इन 39 लाख रुपए सहित कुल




75 लाख रुपए की उसके साथ धोखाधड़ी की गई जबकि उसके नाम डीलरशिप नहीं की गई। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने उसी समय अभियुक्त आशीष मंडल सीनियर एसोशिएट हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड निवासी कोलकाता और इसके साथी सुजीत शुक्ला व राहुल शर्मा सहित शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा सिलीगुड़ी, शाखा प्रबंधक एडीबी पंडौला के अलावा कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। दर्ज मुकदमे की विवेचना क्राइम ब्रांच जालौन की टीम कर रही थी। विवेचना के दौरान संजय रविदास का नाम भी धोखाधड़ी के इस मामले में बतौर अभियुक्त शामिल होना पाया गया था। पहले से ही दर्ज धोखाधड़ी के इस मुकदमे में संजय रविदास का नाम शामिल कर पुलिस ने कोर्ट से इसके विरुद्ध वारंट हासिल किया था और तभी से पुलिस इसकी तलाश में थी।

## पति ने मारपीट कर पत्नि को किया मरणासन्न

**कोंच (जालौन)-** आपसी विवाद में पति ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर उसे मरणासन्न कर दिया। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोग घायल महिला को साथ लेकर कोतवाली पहुंचे और पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की। फिलहाल पुलिस द्वारा घायल महिला को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बसोव निवासी नरेश प्रजापति का अपनी पत्नि पदमा देवी से किसी बात को लेकर बीते दो-तीन दिनों से विवाद चल रहा था। शनिवार को नरेश ने गाली गलौच कर पदमा को लात घूंसों से बुरी तरह मारपीट कर मरणासन्न कर दिया। आरोप है कि उसने पत्नि का गला दबाकर मारने का भी प्रयास किया। वहीं मारपीट की सूचना पर पदमा के एट निवासी मायके पक्ष के लोग बसोव पहुंचे और पदमा को साथ लेकर कोतवाली पहुंचे। यहां उन्होंने पुलिस को शिकायती पत्र देकर पति नरेश के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस द्वारा घायल पदमा को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है। कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है, मेडिकल रिपोर्ट के बाद एफआईआर दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## समाजसेवी विनोद मिश्र का निधन, अधिवक्ताओं व पत्रकारों में शोक की लहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मोठिन निवासी समाजसेवी विनोद मिश्रा 57 का शनिवार की सुबह लखनऊ के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह अधिवक्ता प्रेम मिश्र के पिता थे। निधन की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने परिजनों से फोन पर वार्ता कर संवेदना प्रकट की। इधर साथी के पिता के निधन पर तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने शोक सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी एवं संचालन महामंत्री शिवरंजन यादव ने किया। इस मौके पर देवी प्रसाद मिश्र, अबरार खान, नामवर सिंह, उमेश तिवारी, अनिल त्रिपाठी महेश, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संदीप सिंह, रामकुमार पाण्डेय, शहजाद अंसारी, बालेन्द्र त्रिपाठी, रामकृष्ण दुबे, धीरेन्द्र मिश्र, अजय शुक्ला, हरिश्चंद्र पाण्डेय, मो0 असलम, शिवाकांत उपाध्याय, अरूण तिवारी, तपन पाण्डेय, अरूण पाण्डेय, पिण्टू मिश्र, मोनू पाण्डेय आदि अधिवक्ता रहे। वहीं भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की भी बैठक तहसील इकाई अध्यक्ष विकास मिश्र की अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन महामंत्री साकेत मिश्र ने किया। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, सुरेंद्र तिवारी सागर, डॉ0 आशीष सिंह, मनोज सिंह, सुरेश मिश्र मदन, गौरीशंकर तिवारी, मुकेश सिंह, डॉ0 वीरेश सिंह, जगत वर्मा, प्रमोद सिंह बाबा, विनोद सिंह बघेल, सुशील सिंह, शत्रुघ्न पाण्डेय, मनोज त्रिपाठी, आनन्द त्रिपाठी, आशुतोष मिश्र, अखिलेश मिश्र, शुभम श्रीवास्तव, राजीव तिवारी, उमेश तिवारी, संजय शुक्ला, संजीव तिवारी, अनूप तिवारी, अजय यादव, अरविन्द दुबे, राकेश त्रिपाठी, शास्त्री सौरभ, सुमित त्रिपाठी, मुकेश



तिवारी, आईपी मिश्र, शिवकरन चौबे, रामू मिश्र, लवलेश शुक्ला, राजेन्द्र मिश्र, सरवर आलम, डॉ0 आरआर पाण्डेय, धीरेन्द्र सिंह, बाबा नरेन्द्र ओझा, राजेश पाण्डेय, विवेक शुक्ला आदि रहे। महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक भगवान प्रसाद उपाध्याय, राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र, राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया, प्रदेश प्रवक्ता अजय पाण्डेय, जिलाध्यक्ष अजय ओझा ने भी साथी पत्रकार प्रेम मिश्रा के पिता विनोद के निधन पर गहरा दुःख जताया है।

## उद्योग व्यापार मंडल ब्लाक लोटन की नवीन कार्यकारिणी का गठन

» पदाधिकारियों ने कहा व्यापारियों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं होगा
» क्षेत्रीय व्यापारियों ने बैठक में लिया हिस्सा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लोटन (सिद्धार्थनगर)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल लोटन ब्लाक की एक महत्वपूर्ण बैठक कस्बा स्थित ब्लाक सभागार में शनिवार को आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाते हुए व्यापारियों की समस्याओं के समाधान हेतु नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जानकारी के अनुसार बैठक में सर्वसम्मति से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन लोटन ब्लाक की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित पदाधिकारियों ने संगठन की गरिमा बनाए रखते हुए व्यापारी हितों की रक्षा, व्यापारियों के अधिकारों के लिए संघर्ष तथा संगठन को गांव-गांव और बाजार-बाजार तक मजबूत करने का संकल्प लिया।बैठक में व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं, बाजारों में व्याप्त अव्यवस्थाओं, व्यापारिक सुरक्षा, सरकारी योजनाओं के लाभ तथा स्थानीय व्यापार से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी व्यापारियों ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने और व्यापारी हितों की लड़ाई को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का निर्णय लिया।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय कसौधन, जिला संरक्षक जितेंद्र सिंह,जिला उपाध्यक्ष शुभम श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा की उपस्थिति में लोटन ब्लाक का अध्यक्ष अनुराग कसौधन को चुना गया। उन्होंने कहा कि संगठन सदैव व्यापारी समाज के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध रहेगा तथा किसी भी व्यापारी के साथ अन्याय होने पर संगठन पूरी मजबूती से उसके साथ खड़ा रहेगा। बैठक के अंत में सभी नवनिर्वाचित



पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी गई तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में संरक्षक राजकुमार जायसवाल, अध्यक्ष अनुराग कसौधन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष विश्वकर्मा वरिष्ठ महामंत्री रवि जायसवाल,महामंत्री ऋषि जायसवाल, कोषाध्यक्ष दिलीप जायसवाल, मीडिया प्रभारी गोविंद वर्मा, सह मीडिया प्रभारी शिवम विश्वास, उपाध्यक्ष बालगोविंद जायसवाल, उपाध्यक्ष रमेश जायसवाल, संगठन मंत्री पिंकू गुप्ता, सह संगठन मंत्री धीरज मोदनवाल, मंत्री नीरज जायसवाल, मंत्री रवि जायसवाल, पिंटू कसौधन, सत्यप्रकाश गुप्ता,आदि लोग मौजूद रहें।

## खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जागरूकता शिविर में स्वरोजगार योजनाओं की दी जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** उ0 प्र0 खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की विपणन विकास सहायता योजना (एससीएसपी) के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से तहसील सदर के नगर पंचायत पृथ्वीगंज के पृथ्वीगंज भगेसरा में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यालय प्रभारी रहेन्द्र कुमार शुक्ला ने की। शिविर में उपस्थित लोगों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगारपरक योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, ऋण सुविधा एवं सरकारी सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया गया। साथ ही युवाओं, कारीगरों एवं ग्रामीण उद्यमियों को योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि




प्रमोद शर्मा मण्डल महामंत्री (सभासद वार्ड संख्या-14 बकुलाही नगर पंचायत पृथ्वीगंज), विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नगर अध्यक्ष आलोक गर्ग तथा अतिविशिष्ट अतिथि समाजसेवी पंकज मिश्रा उपस्थित रहे। इस अवसर पर उ0प्र0 ग्रामीण बैंक, पृथ्वीगंज (प्रतापगढ़) की शाखा प्रबंधक उत्प्रेक्षा चतुर्वेदी ने बैंकिंग सुविधाओं एवं स्वरोजगार से संबंधित ऋण योजनाओं की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन राम अजीत पटेल ने किया। शिविर में श्याम बहादुर यादव, सिद्धान्त मौर्य, हर्षित पाण्डेय, अमरनाथ, हरिराम पटेल सहित क्षेत्रीय नागरिक एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

## नहर में शव मिलने से मचा हडकंप, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नहर में शव मिलने की जानकारी पर ग्रामीणों में हडकंप मच गया। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मचा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया है। लालगंज कोतवाली के चुंगुलपुर बटौली गांव निवासी राजू सरोज 38 पुत्र बिहारी लाल शुक्रवार की देर शाम खेत में पानी लगाने की बात कहकर घर से निकला था। उसके वापस न लौटने पर परिजन खोजबीन में जुटे थे। इधर शनिवार की सुबह करीब छः बजे घर से करीब पांच सौ मीटर दूर नहर में युवक का शव उतराया देख ग्रामीणों में हडकंप मच गया। जानकारी होने पर खोजबीन में जुटे परिजन भी पहुंच गये। मृतक की पहचान राजू सरोज के रूप में होने पर परिजनों मे कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। उधर ग्रामीणों में मृतक को मिर्गी का रोगी होने को लेकर भी चर्चा रही। युवक की मौत से परिजनों का रो रो कर बुराहाल है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## देवर्षि नारद की प्रेरणा से हुई श्रीमद्भागवत महापुराण की रचना: चैतन्य मुनि जी महाराज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के डलमऊ रोड बाईपास स्थित एक गेस्ट हाउस में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धाभाव से कथा का श्रवण किया। हल्की बूंदाबांदी के बावजूद पंडाल में बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे। संगीतमय कथा और भजनों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वृंदावन से पधारे कथा व्यास चैतन्य मुनि जी महाराज ने महर्षि वेदव्यास और देवर्षि नारद के संवाद का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि महर्षि वेदव्यास तीनों कालों के ज्ञाता और महान तपस्वी थे।

उन्होंने चारों वेदों तथा 17 महापुराणों की रचना की थी। इसके बाद भी उनके मन में एक चिंता बनी रही। उन्हें भविष्य में ऐसे लोगों की चिंता थी जिन्हें शास्त्रों का ज्ञान नहीं होगा और जो धर्म के मार्ग से भटक सकते हैं। कथा व्यास ने बताया कि एक दिन सरस्वती नदी के तट पर चिंतन में बैठे महर्षि वेदव्यास के पास देवर्षि नारद पहुंचे। उन्होंने उनसे चिंता का कारण पूछा।

तब महर्षि ने कलियुग के जीवों के कल्याण की चिंता देवर्षि नारद के सामने



रखी। इस पर देवर्षि नारद ने उन्हें भगवान के यश और लीलाओं का गुणगान करने वाला ग्रंथ रचने की प्रेरणा दी। उसी प्रेरणा से श्रीमद्भागवत महापुराण की रचना हुई जो आज भी मानव जीवन को भक्ति, सदाचार और मोक्ष का मार्ग दिखाती है। कथा के दौरान श्रद्धालु भाव विभोर होकर कथा सुनते रहे।

आयोजन में डॉ. सुंदर यादव, हृदएश कुमार, बराती लाल यादव, प्रभाकर सविता, शिवा यादव, मनीष जायसवाल, उमाशंकर सिंह, हनुमान यादव, रामचंद्र मिश्रा, बलराम, राजन यादव, मुन्ना, अंकित, सुरेश, गरिमा, सीमा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## मार्ग दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा घायल

**सिद्धार्थनगर।** मोहाना थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर शनिवार को नगर पंचायत कपिलवस्तु के गौशाला के सामने एक अज्ञात वाहन की ठोकर लगने से एक की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। मिली जानकारी अनुसार सिद्धार्थनगर थाना क्षेत्र के सोनवाल निवासी फैज़ान और भदवल गांव निवासी तौफीक अपने बाइक से दोनों बर्डपुर किसी कार्य से गए थे वह बर्डपुर से वापस घर की तरफ आ रहे थे वह अभी नगर पंचायत कपिलवस्तु के गौशाला के सामने पहुंचे ही थे कि बर्डपुर से नौगढ़ की तरफ जा रही एक अज्ञात वाहन ने पीछे से ठोकर मार दी, जिससे तौफीक (18) पुत्र हमीदुल्लाह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि फैज़ान घायल हो गया । किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। राहगीरों ने घायल को जिला अस्पताल इलाज के लिए भेजा। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सिद्धार्थनगर थाना क्षेत्र के सोनवाल गांव निवासी फैयाज पुत्र अनारुल्लाह 19 वर्ष घायल हो गया। जहां पर उनका डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी विश्वजीत शौर्यान ने बताया कि एक मार्ग दुर्घटना में एक की मौत हुई है जबकि दूसरा घायल हुआ है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सिद्धार्थनगर में अश्लील कॉल व धमकियों से तंग विवाहिता ने खाया जहर, हालत गंभीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** मोबाइल पर लगातार अश्लील बातें और जान से मारने की धमकियों से परेशान होकर एक विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर स्वजन उसे जिला मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, पीड़िता के स्वजन ने गांव के एक युवक और उसके साथियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। वहीं, कपिलवस्तु कोतवाली पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली विवाहिता के चाचा ने बताया कि गांव के एक युवक ने किसी तरह उनकी भतीजी का मोबाइल नंबर हासिल कर लिया। इसके बाद वह लगातार फोन कर अश्लील बातें करने लगा। विरोध करने पर वह जान से मारने की धमकी देता था।

आरोप है कि युवक ने अपने कई साथियों को भी विवाहिता का मोबाइल नंबर दे दिया, जिसके बाद वे भी फोन कर अभद्र बातें करने लगे और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। स्वजन के अनुसार विवाहिता ने पूरे मामले की जानकारी अपने पति को दी। पति ने फोन कर आरोपितों को समझाने और आपत्ति जताने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने उसके साथ भी गाली-गलौज की। लगातार मिल रही धमकियों और मानसिक उत्पीड़न से आहत होकर विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया।

हालत बिगड़ने पर स्वजन उसे तत्काल जिला मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल




ले गए, विवाहिता के चाचा ने बताया कि शनिवार को आरोपितों के विरुद्ध कपिलवस्तु कोतवाली में तहरीर दी गई है। हालांकि थानाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, लेकिन अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर प्राप्त होते ही मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सिद्धार्थनगर: किशोर का शव छत के पंखे से रस्सी के सहारे लटका मिला

**सिद्धार्थनगर।** बांसी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम समोगरा में 16 वर्षीय एक किशोर का शव घर के कमरे में लगे फंखे के कुंडे से शनिवार की भोर रस्सी के सहारे लटका मिला है। घटना के बाद से स्वजन में कोहराम मच गया है। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच उपरांत शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक किशोर की पहचान विष्णु प्रजापति पुत्र राम प्रसाद के रूप हुई । वह कक्षा 10 का छात्र था। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार रात विष्णु प्रजापति ने परिवार के साथ भोजन किया और अपने 10 वर्षीय चचेरे भाई के साथ सोने चला गया। देर रात वह कब बिस्तर से उठकर दूसरे कमरे में चला गया, इसकी जानकारी किसी को नहीं हुई। घटनास्थल पर पड़ी कुर्सी के आधार पर स्वजन का अनुमान है कि उसने पहले कुर्सी पर चढ़कर पंखे के कुंडे में रस्सी का फंदा लगाया और फिर कुर्सी को पैर से धक्का दे दिया। सुबह होने से पहले जब उसके साथ सो रहा चचेरा भाई जागा तो कार्तिक बिस्तर पर नहीं मिला। तलाश करते हुए वह दूसरे कमरे में पहुंचा, जहां उसे विष्णु फंदे से लटका दिखाई दिया। बच्चे के शोर मचाने पर परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। स्वजन के अनुसार विष्णु जब छह माह का था, तभी माता-पिता की एक बीमारी में मृत्यु हो गई थी। तभी से पालन-पोषण बाबा बटोही और चाचा कल्लू कर रहे थे। उसके दो बडे. भाई 28 वर्षीय किशन व 26 वर्षीय कन्हैया हैं। जो मुंबई में रहकर मेहनत मजदूरी जीविका चलते हैं। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं अन्य तथ्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम से दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुष्कर्म के मुकदमे में आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पीड़िता ने जिलाधिकारी से गुहार की है। लीलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता का आरोप है कि बीती 29 जून को उसकी बहन के साथ गांव के ही कुश वर्मा पुत्र रामदुलारे वर्मा ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना को लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। लेकिन गिरफ्तारी न होने से पीड़ित व उसके परिवार के सदस्य डरे सहमे हैं। पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपी कभी भी कोई अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। पीडिता ने जिलाधिकारी से आरोपी की गिरफ्तारी तथा परिवार की सुरक्षा की गुहार लगायी है। प्रभारी निरीक्षक अमला सिंह का कहना है कि आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# संक्षिप्त खबरें

## बृजमोहन संज्ञा बने सर्व ब्राह्मण विकास परिषद जिलाध्यक्ष

**ललितपुर।** सर्व ब्राह्मण विकास परिषद ने संगठनात्मक विस्तार को गति देते हुए ललितपुर जिले के लिए नए जिला अध्यक्ष की घोषणा कर दी है। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल किशोर अवस्थी एड.ने बृजमोहन संज्ञा को सर्व ब्राह्मण विकास परिषद, ललितपुर का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। यह मनोनयन परिषद के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर अवस्थी, राष्ट्रीय मंत्री एवं बुंदेलखंड प्रभारी राहुल रिछारिया तथा झांसी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय रावत की अनुशंसा पर किया गया है। जारी मनोनयन पत्र के अनुसार बृजमोहन संज्ञा का कार्यकाल 31 दिसंबर 2027 तक रहेगा। संगठन ने उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में परिषद ललितपुर जिले में सामाजिक एकता, संगठन विस्तार और जनहित से जुड़े कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करेगी।

## जिला बार एसोसिएशन चुनावः नामांकन प्रक्रिया संपन्न, अध्यक्ष पद के लिए पांच उम्मीदवार मैदान में

**ललितपुर।** जिला बार एसोसिएशन ललितपुर के वार्षिक चुनाव 2026-27 के लिए नामांकन प्रक्रिया शनिवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। अंतिम दिन विभिन्न पदों के लिए अधिवक्ताओं ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। अब नामांकन के बाद चुनावी गतिविधियां और तेज हो गई हैं तथा प्रत्याशी अपने-अपने पक्ष में समर्थन जुटाने में सक्रिय हो गए हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी विपिन बिहारी सक्सेना द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अध्यक्ष पद के लिए पांच नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं, जिससे इस पद पर मुकाबला रोचक होने की संभावना है। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए दो, कनिष्ठ उपाध्यक्ष (दो पद) के लिए दो तथा कनिष्ठ उपाध्यक्ष (एक पद) के लिए पांच नामांकन दाखिल किए गए हैं। इसी प्रकार महामंत्री पद के लिए पांच, कोषाध्यक्ष पद के लिए दो, सहमंत्री (प्रशासन), सहमंत्री (पुस्तकालय) तथा सहमंत्री (प्रकाशन -महिला) के लिए एक-एक नामांकन पत्र प्राप्त हुआ है।

## महिला हिंसा के खिलाफ जागरूकता अभियान तेज

**महरौनी।** सहजनी शिक्षा केन्द्र के तत्वावधान में जिले के पांच विकासखंडों में महिला हिंसा के खिलाफ व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत समुदाय, स्कूलों, महाविद्यालयों तथा विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के बीच लैंगिक असमानता, भेदभाव और महिलाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा के प्रति जागरूकता विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए नुक्कड़ नाटक, फड़, समूह चर्चा, गीत, नारे एवं अन्य सांस्कृतिक माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है। इन गतिविधियों के दौरान गांवों से कई गंभीर सामाजिक मुद्दे सामने आए हैं। चर्चा में यह बात उभरकर आई कि मायके और ससुराल दोनों स्थानों पर कई महिलाओं को विभिन्न प्रकार की हिंसा का सामना करना पड़ता है। वहीं महिला हत्या जैसे गंभीर मामलों में भी कई बार आर्थिक लेन-देन के आधार पर समझौते कर दिए जाते हैं, जिससे ऐसे अपराधों पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पाता।

## कॉलेज छात्रा को कथित तौर पर कार में ले जाने का आरोप

### परिजनों का पीछा देख रास्ते में छोड़कर फरार हुआ युवक

**ललितपुर।** कोतवाली सदर क्षेत्र में एक कॉलेज छात्रा को कथित तौर पर बहला-फुसलाकर कार में ले जाने का मामला सामने आया है। छात्रा की मां की शिकायत पर पुलिस ने मोहल्ले के ही एक युवक के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना जारी है। एक मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि उनकी 19 वर्षीय पुत्री जो कि एक छात्रा है, को मोहल्ले का अंशू रजा पुत्र इरशाद रजा पिछले कुछ समय से कथित रूप से परेशान कर रहा था और आते-जाते उसका पीछा करता था। 27 जून 2026 को कॉलेज से घर लौटते समय आरोपी ने छात्रा को रास्ते में रोक लिया और कथित तौर पर बहला-फुसलाकर अपनी कार में बैठा लिया। आरोप है कि वह छात्रा को राजघाट की ओर ले जा रहा था। इसी दौरान छात्रा की एक सहेली ने उसे कार में जाते हुए देखा और तत्काल इसकी सूचना छात्रा की मां को दी। सूचना मिलते ही परिजन मोटरसाइकिल से आरोपी की कार के पीछे निकल पड़े। शिकायत के अनुसार, सिलगन रेलवे फाटक के पास पीछा होते देख आरोपी छात्रा को सड़क पर छोड़कर कार सहित मौके से फरार हो गया। परिजनों के अनुसार, छात्रा ने घर पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी दी।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिला दो ग्रामीण पथों का उपहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के पाकुड़िया प्रखंड को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार से दो महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों की सौगात मिली है। राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा इन दोनों सड़कों के पुनर्निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति मिलने पर 3 जुलाई को महेशपुर विधायक प्रोफेसर स्टेफन मरांडी ने प्रखंड मुख्यालय स्थित झामुमो कार्यालय में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को इसकी जानकारी दी। विधायक प्रोफेसर स्टेफन मरांडी ने बताया कि महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के पाकुड़िया प्रखंड की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। उन्होंने कहा कि उनकी पहल पर 2 जुलाई को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में दो महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों को स्वीकृति प्रदान की गई। इनमें तालवा से चांदना खारुटोला (सालपानी गांव होते हुए) 11.770 किलोमीटर तथा चांदना से श्रीधरपाड़ा लिंक रोड 6.140 किलोमीटर शामिल हैं। कुल 17.910 किलोमीटर लंबी इन सड़कों को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए पुनर्निर्माण, पुलों के निर्माण, वृक्षारोपण, भू-अर्जन तथा उपयोगिता सेवाओं के स्थानांतरण सहित 128 करोड़ 20 लाख 34 हजार 500 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। राज्य सरकार के निर्देश पर इन जर्जर सड़कों के कायाकल्प की प्रक्रिया शीघ्र शुरू होगी। विधायक ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से दोनों प्रखंडों के दर्जनों गांव आपस में जुड़ जाएंगे तथा सैकड़ों लोगों के लिए प्रखंड मुख्यालय, जिला मुख्यालय, अस्पताल और पश्चिम बंगाल तक आवागमन सुगम हो जाएगा। उन्होंने बताया कि महेशपुर विधानसभा क्षेत्र की कई अन्य महत्वपूर्ण सड़कें और बड़े पुलों के निर्माण के लिए भी उन्होंने राज्य सरकार एवं पथ निर्माण विभाग के सचिव को प्रस्ताव भेजा है। इनमें अमड़ापाड़ा-चंडालमरा सड़क, बाबुपुर-सिलकुट्टी सड़क तथा कई उच्चस्तरीय पुल शामिल हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन योजनाओं को भी जल्द स्वीकृति मिल जाएगी। प्रोफेसर मरांडी ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास की पहचान अच्छी सड़कें और पुल-पुलियों से होती है, जिसका असर अब महेशपुर विधानसभा क्षेत्र में स्पष्ट दिखाई देने लगा है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार विकास के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। कैबिनेट से स्वीकृति मिलने पर विधायक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति अपनी तथा क्षेत्र की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। इस खबर के बाद ग्रामीणों में भी खुशी का माहौल है और लोगों ने मुख्यमंत्री तथा विधायक के प्रति धन्यवाद प्रकट किया।

# खेत की बुआई को लेकर खूनी संघर्ष

### दबंगों के हमले में वृद्ध दंपति के हाथ टूटे, बेटे के सिर में आए सात टांके

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम दैलवारा में खेत की बुआई को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि खेत बोने पहुंचे एक परिवार पर गांव के ही तीन लोगों ने लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस हमले में वृद्ध दंपति के हाथों की हड्डियां टूट गई, जबकि उनके बेटे के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम दैलवारा निवासी राजेश कुशवाहा पुत्र रामदास कुशवाहा 29 जून की दोपहर अपने पिता रामदास और मां पार्वती के साथ खेत में बुआई करने पहुंचे थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव के राजाराम, उसके पुत्र अर्जुन और अनुज वहां पहुंचे और खेत बोने से रोकने लगे। विरोध करने पर तीनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और देखते ही देखते लाठी-डंडों तथा कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में राजेश के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई। चिकित्सीय परीक्षण में उनके हाथ पर सात टांके लगाए गए, जबकि उनके पिता रामदास और मां पार्वती के एक-एक हाथ की हड्डी टूटने की पुष्टि हुई है। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। आरोप है कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और पूर्व में भी विवाद एवं मारपीट की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। हमले के बाद आरोपियों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115(2) एवं 351(3) के तहत मामला पंजीकृत किया गया है।

## व्यापार में निवेश के नाम पर 65 लाख की कथित ठगी

**ललितपुर।** व्यापार में निवेश के नाम पर 65 लाख रुपये की कथित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम बम्होरी कलां निवासी एक युवक की शिकायत पर मुंबई की एक कंपनी की संचालिका सहित तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्राम बम्होरी कलां निवासी मुकेश रजक उर्फ कोरी पुत्र जमूरे रजक ने शिकायत में बताया कि व्यापारिक गतिविधियों के दौरान उसकी मुलाकात मुंबई के कांदीवली निवासी चेतन शाह और हिमांशु शाह से हुई थी। बातचीत के बाद उसने 28 जून 2024 को उनकी कंपनी देव एलीट एलएलपी की संचालिका रेवती शाह को व्यापार में निवेश के उद्देश्य से 65 लाख रुपये दिए थे। आरोप है कि रकम प्राप्त करने के बाद आरोपियों ने एक लिखित अनुबंध (एग्रीमेंट) किया और सुरक्षा के तौर पर 72.50 लाख रुपये के चेक सौंपे। जब इन चेकों को बैंक में प्रस्तुत किया गया तो खाते में पर्याप्त राशि न होने के कारण वे अनादृत (बाउंस) हो गए। शिकायतकर्ता का कहना है कि इसके बाद उसने कई बार अपनी रकम वापस मांगी, लेकिन आरोपी लगातार टालमटोल करते रहे। आरोप है कि हाल में रकम मांगने पर आरोपियों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया, जातिसूचक टिप्पणी की तथा जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की।

## राष्ट्रीय सूड़ी समाज की देवघर जिला कार्य समिति में कार्तिक मंडल मनोनीत, समाज के विकास का लिया संकल्प

**मधुपुर, देवघर, झारखंडः-** राष्ट्रीय सूड़ी समाज के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा देवघर के सामाजिक कार्यकर्ता कार्तिक मंडल को देवघर जिला कार्य समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर समाज के प्रबुद्धजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया है। नवनियुक्त जिला कार्य समिति सदस्य कार्तिक मंडल ने कहा कि वे समाज के उत्थान, एकता और कल्याण के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षा का प्रसार, युवाओं को आगे बढ़ाने तथा सामाजिक एकजुटता को मजबूत करना उनकी प्रमुख प्राथमिकताएं होंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी समाजजनों के सहयोग से संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा तथा समाज के हित में सकारात्मक कार्य किए जाएंगे। कार्तिक मंडल के मनोनयन पर जिले के अनेक समाजसेवियों, वरिष्ठजनों, युवा संगठन के पदाधिकारियों तथा सूड़ी समाज के सदस्यों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

## प्रतिभागिता करने से बच्चों की मानसिक व सर्वांगीण विकास होता है- दीपशिखा मिश्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** NYS इंटरनेशनल एकेडमी बसरिया में आज सीसीए के तहत विभिन्न कक्षाओं का अलग-अलग प्रतियोगिता करवाया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा 2 तक संवादात्मक सत्र के तहत 'हम पेंटब्रश या रंगीन पेंसिल का उपयोग कैसे करें' , तथा कक्षा तीन से कक्षा 5 तक 'चित्रकला प्रतियोगिता' , कक्षा 6 से कक्षा 8 तक कला एवं शिल्प कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिससे कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक के प्रतिभागियों ने अपना कला के माध्यम से यह संदेश दिया कि इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता, व्यावहारिक कौशल, कल्पनाशक्ति तथा सीखने की क्षमता का विकास करता है। वही विद्यालय के प्राचार्या ने यह संदेश दिया कि इस तरह की गतिविधियां करने से बच्चों की मानसिक व सर्वांगीण विकास होता है। चित्रकला, कला एवं शिल्प, वाद-विवाद, तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियाँ विद्यार्थियों की कल्पनाशक्ति, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और सृजनात्मक सोच को विकसित करती हैं। ये गतिविधियाँ बच्चों को अपनी प्रतिभा पहचानने और उसे निखारने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती हैं। तथा प्राचार्या में सभी विद्यार्थियों से आग्रह की कि वे प्रत्येक CCA गतिविधि में पूरे उत्साह, अनुशासन और सकारात्मक भावना के साथ भाग लें। अभिभावकों से भी अपेक्षा है कि वे अपने बच्चों को इन गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करें। अंत में कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्राचार्या दीपशिखा मिश्रा के द्वारा किया गया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं विद्यालय के संस्थापक सुरेश शर्मा व विद्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

# पाकुड़िया में गंदगी के बढ़ते ढेर से लोगों में नाराज़गी

### जल व वायु प्रदूषण और मौसमी बीमारियों का बढ़ा खतरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन समय-समय पर सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छ रहने के लिए जागरूक करता है। इसके बावजूद प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया में जगह-जगह फैली गंदगी से अभियान का अपेक्षित प्रभाव दिखाई नहीं दे रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार इन दिनों पाकुड़िया बाजार के प्रसिद्ध पुष्कर बड़ा बांध, बंधा पोखर, कापड़ी, हिंड़िया तालाब, सड़कों के किनारे तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर प्लास्टिक के बोरों में कचरा फेंके जाने की घटनाएं बढ़ गई हैं। इससे जल एवं वायु प्रदूषण की आशंका के साथ-साथ लोगों में गहरी नाराज़गी भी देखी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए डस्टबिन कई स्थानों पर दिखाई नहीं दे रहे हैं। हालांकि गांवों में गंदगी की स्थिति अपेक्षाकृत कम है, फिर भी कचरा प्रबंधन की व्यवस्था प्रभावी नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि कई पंचायतों में वित्त आयोग की राशि से आवश्यकता से अधिक बड़ी-बड़ी पक्की नालियों का निर्माण कराया गया, जबकि कई स्थानों पर न तो जल स्रोत है और न ही उनकी वास्तविक आवश्यकता। वहीं प्रखंड मुख्यालय की अनेक नालियां लंबे समय से गंदगी से भरी हुई हैं और उनकी नियमित सफाई नहीं होने से दुर्गंध फैल रही है। लोगों को आशंका है कि इससे बरसात के मौसम में मच्छरों का प्रकोप बढ़ सकता है और मौसमी बीमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ सकता है। नागरिकों का कहना है कि स्वच्छता बनाए रखना पंचायत प्रतिनिधियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है, क्योंकि इसके लिए सरकार द्वारा नियमित रूप से राशि उपलब्ध कराई जाती है। लोगों ने मांग की है कि यदि पंचायत स्तर पर सफाई व्यवस्था में शिथिलता बरती जा रही है, तो प्रशासन और संबंधित स्वच्छता विभाग स्वयं पहल कर नियमित सफाई सुनिश्चित करें, ताकि क्षेत्र को स्वच्छ रखा जा सके और संभावित बीमारियों की रोकथाम हो सके।

# प्रथम पुण्यतिथि पर नमिता बसु मेमोरियल मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल का हुआ शिलान्यास

### क्षेत्र को मिलेगी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवघर, झारखंडः-** बीते शनिवार को देवघर जिले के रिखिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबूडीह में नमिता बसु मेमोरियल मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के भव्य शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। यह अवसर पूर्व प्रधानाध्यापिका एवं शिक्षिका स्वर्गीय नमिता बसु उर्फ नमिता राव की प्रथम पुण्यतिथि के रूप में भी मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं क्षेत्रवासियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शिक्षा, समाजसेवा और मानवीय मूल्यों के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रद्धांजलि सभा से हुई। स्वर्गीय नमिता बसु के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने अपने लंबे शिक्षकीय जीवन में हजारों विद्यार्थियों का भविष्य संवारा और निष्ठा, ईमानदारी तथा समर्पण के साथ शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनका जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। इसके उपरांत आजसू पार्टी के देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ अस्पताल का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल केवल एक स्वास्थ्य संस्थान नहीं, बल्कि स्वर्गीय नमिता बसु की स्मृतियों को समाजसेवा के माध्यम से जीवंत रखने का एक विनम्र प्रयास है। अस्पताल का उद्देश्य ग्रामीण एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों को आधुनिक, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराना है, ताकि बेहतर इलाज के लिए उन्हें दूर-दराज़ के शहरों का रुख न करना पड़े। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य किसी भी समाज के विकास के दो प्रमुख आधार हैं। स्वर्गीय नमिता बसु ने अपना जीवन शिक्षा को समर्पित किया था, वहीं उनके नाम पर स्थापित होने वाला यह अस्पताल स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में समाज को नई दिशा देगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अस्पताल के निर्माण के बाद क्षेत्र के हजारों लोगों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और यह संस्थान मानव सेवा का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि अस्पताल की स्थापना से क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने अस्पताल के शीघ्र निर्माण और सफल संचालन की कामना व्यक्त की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, समाजसेवी, बुद्धिजीवी, जनप्रतिनिधि, महिला एवं युवा कार्यकर्ता तथा विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। आयोजकों ने विश्वास जताया कि नमिता बसु मेमोरियल मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल भविष्य में उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करते हुए स्वर्गीय नमिता बसु के सेवा, समर्पण और मानवता के आदर्शों को आगे बढ़ाने का कार्य करेगा।




## ललितपुर सदर से कांग्रेस टिकट की दावेदारी, जीतू संज्ञा ने हाईकमान को भेजा आवेदन

**तालबेहट।** युवा कांग्रेस नेता, पत्रकार एवं समाजसेवी पं. शशिभूषण संज्ञा (जीतू) ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए ललितपुर सदर (226) सीट से कांग्रेस टिकट की दावेदारी पेश की है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सांसद राहुल गांधी एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को आवेदन भेजकर प्रत्याशी बनाए जाने का अनुरोध किया है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जीतू संज्ञा ने अपने आवेदन में तीन पीढ़ियों से कांग्रेस से जुड़े परिवार का उल्लेख करते हुए कहा कि वह पिछले करीब 20 वर्षों से संगठन के विभिन्न आंदोलनों और कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि क्षेत्र में युवा और ब्राह्मण मतदाताओं का अच्छा समर्थन मिलने से कांग्रेस को चुनाव में लाभ होगा। साथ ही पार्टी नेतृत्व से युवाओं को प्रतिनिधित्व देने की मांग करते हुए मिशन-2027 को सफल बनाने का संकल्प भी जताया।

## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

### पूराकलां पुलिस की कार्रवाईपॉक्सो एक्ट और बीएनएस की धाराओं में दर्ज था मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पूराकलां पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी के विरुद्ध बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना पूराकलां पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम धमना निवासी शिवम अहिरवार (21 वर्ष) पुत्र श्यामलाल अहिरवार को गिरफ्तार किया। आरोपी थाना पूराकलां में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 97/2026 में वांछित था। उसके विरुद्ध धारा 65(1), 351(3) बीएनएस तथा 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायिक अभिरक्षा के लिए न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई को थाना पूराकलां के उपनिरीक्षक वीरेन्द्र कुमार एवं कांस्टेबल विष्णु प्रताप सिंह ने अंजाम दिया।

# नेहरू नगर वार्ड-3 की जर्जर गली बनी मुसीबत

### क्षेत्र को मिलेगी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** नगर के नेहरू नगर वार्ड संख्या-3 की एक गली लंबे समय से कच्ची और जर्जर अवस्था में होने के कारण स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। हल्की बारिश होते ही पूरी गली कीचड़ और जलभराव से भर जाती है, जिससे लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि आए दिन लोग फिसलकर चोटिल हो रहे हैं और सबसे अधिक परेशानी बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं को उठानी पड़ रही है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि गली की बदहाल स्थिति के कारण दैनिक आवागमन प्रभावित हो रहा है। बारिश के दौरान सड़क पर पानी भर जाने से वाहन चालकों और पैदल राहगीरों दोनों को जोखिम उठाना पड़ता है। कई बार स्कूली बच्चों और बुजुर्गों का संतुलन बिगड़ने से दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गली के पक्कीकरण की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से जनहित को देखते हुए सड़क निर्माण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराने की मांग की है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही गली का पक्कीकरण नहीं कराया गया तो आगामी बरसात में हालात और भी बदतर हो सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर क्षेत्रवासियों को कीचड़, जलभराव और आवागमन की समस्या से राहत दिलाने की अपील की है।

## अमरपुर मंडी में ट्रक की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**ललितपुर।** अमरपुर मंडी में ट्रक को बैक करते समय हुए दर्दनाक हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। हादसे के बाद मंडी परिसर में अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से घायल मजदूर को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। महरौनी थाना क्षेत्र के ग्राम अण्डेला निवासी पहाड़ सिंह पुत्र घूमन सिंह अमरपुर मंडी में मजदूरी का कार्य करने गया था। 30 जून 2026 की सुबह करीब 10:45 बजे मंडी परिसर में खड़े ट्रक संख्या यूपी 94 टी 1414 का चालक वाहन को कथित रूप से लापरवाही से बैक कर रहा था। इसी दौरान पीछे कार्य कर रहे पहाड़ सिंह ट्रक की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद मंडी में मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई।

# पिसनारी वार्ड में सीसी सड़क, नाली व नाला निर्माण का लोकार्पण, जलभराव से मिलेगी राहत

### पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा, नगर के हर वार्ड तक विकास पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के क्रम में शनिवार को वार्ड संख्या-13 स्थित मोहल्ला पिसनारी में नई सीसी सड़क, नाली एवं नाला निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया। पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन ने वार्ड पार्षद सविता गिरधारी यादव के साथ फीता काटकर एवं विधिवत पूजन-अर्चन कर विकास कार्यों का शुभारंभ किया। लोकार्पण समारोह के दौरान क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल रहा। स्थानीय नागरिकों ने पालिका अध्यक्ष और वार्ड पार्षद का पुष्प मालाओं से स्वागत करते हुए नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। लोगों ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से सड़क और जल निकासी की समस्या बनी हुई थी, जिससे विशेषकर बरसात के मौसम में आवागमन प्रभावित होता था। नई सीसी सड़क, नाली और नाला बनने से अब जलभराव की समस्या दूर होगी और लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान नहर से श्यामलाल के मकान तक निर्मित सीसी सड़क एवं नाली का लोकार्पण किया गया। इसके अलावा शिखर जैन के मकान से विक्की खान के मकान होते हुए दरोगा प्रसाद के मकान की ओर बनाए गए नाले का भी उद्घाटन किया गया। नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि नगर का प्रत्येक वार्ड उनके लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है। उनका उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि नागरिकों को बेहतर और स्थायी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली और जल निकासी जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर विकसित किया जा रहा है, ताकि किसी भी नागरिक को असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने विश्वास दिलाया कि नगर हित को सर्वोपरि रखते हुए स्वच्छ, सुंदर, व्यवस्थित और आधुनिक ललितपुर के निर्माण के लिए विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि गिरधारी कुशवाहा, अवर अभियंता खुशबू खान, सेवानिवृत्त वरिष्ठ लिपिक रमाकांत तिवारी, ठेकेदार मनोज साहू, स्वास्थ्य नायक सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत कोतवाली परिसर में हुआ वृक्षारोपण

**महरौनी।** पर्यावरण संरक्षण और हरित परिसर के उद्देश्य से शनिवार को कोतवाली महरौनी परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्री आनंदपुर ट्रस्ट अखंड धाम आश्रम के प्रबंधक महात्मा अघट युक्ति आनंद एवं महात्मा चेतन युक्ति आनंद की उपस्थिति में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में कोतवाली प्रभारी राजा दिनेश सिंह सहित समस्त कोतवाली स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पेंडुला अशोक, नागचंपा, मोरश्री, फाइकस, सरू, मीठा नीम, लेमन टी, मोरिंगा तथा क्रोटन सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

# संक्षिप्त खबरें

## दिल्ली सरकार का बड़ा फैसलाः सरकारी विभागों में वर्क फ्रॉम होम खत्म, नया टाइम-टेबल लागू



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में हालात सामान्य होने के बाद दिल्ली सरकार ने सरकारी कार्यालयों में लागू विशेष व्यवस्थाओं को समाप्त करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार और शनिवार को लागू वर्क फ्राम होम व्यवस्था वापस लेने को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही दिल्ली सरकार (जीएनसीटीडी) के कार्यालयों के कार्य समय में भी संशोधन किया गया है। अब सरकारी दफ्तर सुबह 10 बजे से शाम 6:30 बजे तक संचालित होंगे। वहीं, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के कर्मचारियों के लिए पहले से लागू समय सुबह 8:30 बजे से शाम 5 बजे तक ही रहेगा और इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। सरकार का कहना है कि सुरक्षा स्थिति सामान्य होने और प्रशासनिक कार्यो को पूरी क्षमता के साथ संचालित करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। नए आदेश लागू होने के बाद सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी नियमित रूप से कार्यालयों में उपस्थित होकर कार्य करेंगे।

## शास्त्री पार्क में रात को टहलने निकले युवक का DDA पार्क में मिला खून से लथपथ शव



**पूर्वी दिल्ली।** शास्त्री पार्क स्थित डीडीए पार्क में 18 वर्षीय युवक की चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान मोहम्मद तौहीद के रूप में हुई है। युवक के शरीर पर कई जगह चाकू के गहरे घाव मिले हैं। कमर पर भी धारदार हथियार से गंभीर वार किए गए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के पिता मोहसिन, जो मजदूरी करते हैं, ने बताया कि रात करीब साढ़े आठ से नौ बजे के बीच घर में खाना बन रहा था। गर्मी अधिक होने के कारण तौहीक घर से बाहर गली में टहलने और हवा खाने निकला था। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिवार ने उसे फोन किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। स्वजन ने रात में उसकी तलाश शुरू की। करीब एक बजे खोजबीन के दौरान शास्त्री पार्क के डीडीए पार्क में तौहीक का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मृतक का मोबाइल फोन कब्जे में ले लिया है।स्वजन के अनुसार तौहीक अपने पिता के साथ मजदूरी कर परिवार का हाथ बंटाता था। पिता का कहना है कि परिवार की किसी से कोई रंजिश या दुश्मनी नहीं थी और न ही हाल में किसी तरह का झगड़ा हुआ था। इसके बावजूद हत्या की वारदात ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। फिलहाल हत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

## 'सेफ फ्यूचर' अभियान में सात स्कूली वाहनों का चालान, पांच वाहन सीज

**भदोही।** विद्यार्थियों की सुरक्षित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जनपद में चलाए जा रहे 'सेफ फ्यूचर' विशेष अभियान के तहत परिवहन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम लगातार स्कूली वाहनों की जांच कर रही है। अभियान के दौरान अब तक सात स्कूली वाहनों का चालान किया गया है, जबकि पांच वाहनों को मानकों का पालन न करने पर सीज कर संबंधित थानों में खड़ा कराया गया है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देश पर एक से 15 जुलाई तक संचालित इस अभियान में स्कूली बसों एवं अन्य वाहनों के फिटनेस प्रमाण-पत्र, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाण-पत्र समेत अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच की जा रही है। जांच में कई वाहन आवश्यक दस्तावेजों के बिना विद्यार्थियों का परिवहन करते मिले, जिनके विरुद्ध कार्रवाई की गई। उप संभागीय परिवहन अधिकारी ने विद्यालय प्रबंधकों एवं वाहन संचालकों को निर्देश दिया है कि सभी आवश्यक अभिलेख अद्यतन रखें तथा केवल निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप ही वाहनों का संचालन करें। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध चालान, सीज, पंजीयन प्रमाण-पत्र निलंबन समेत मोटर वाहन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# गैरकानूनी लॉटरी और सट्टे का धंधा करने वालों की गुंडागर्दी

## पत्रकार को पीटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लुधियाना-** गैरकानूनी लॉटरी और सट्टे का धंधा करने वाले शेरू नाम के एक बिजनेसमैन, उसके साथियों थंडू ,राम कृष्ण अरोड़ा और 10- 15 अन्य लोगों ने खबर खबर के लिए गए एक पत्रकार को बाधक बना कर बुरी तरह पीटने के बाद डराने धमकाने के साथ 17 हजार रुपए ले लिया। अवैध कारोबारी ने गुंडों की मदद से मनचाही बात बुलवा कर वीडियो भी बना लिया। घटना से मर्माहत पत्रकार ने इलाज व मेडिकल करवाने के बाद शुक्रवार को सी पी लुधियाना से मिलकर घटना की जानकारी देते हुए विधिक कार्यवाही किए जाने की मांग की है। विदित हो कि बीते 1 जुलाई को पत्रकार अपने परिचित व्यक्ति जो दारा सट्टा में तीन लाख रुपए हारने के बाद काफी परेशान था, के बताए अनुसार अवैध कारोबारी के अड्डे पर पहुंच गए। वे स्थिति की वीडियोग्राफी कर पाते कि अवैध कारोबारी व उसके अन्य सहयोगियों ने शटर बंद कर उन्हें बल पूर्वक लगभग डेढ़ घंटा तक बैठाए रखा। इस दौरान उन्हें मार पीट कर प्रताड़ित करते हुए उनकी जेब से 7 हजार रुपए निकाल लिया और 10 हजार रुपए का पेटीएम भी करवा लिया। अवैध कारोबारी यहीं नही रुका उसने पत्रकार तिवारी से एक ब्लैंक चेक भी लिया और एक सादे कागज पर साइन भी करवाया । इस दौरान गुंडों से घिरे पत्रकार को भयाक्रांत होकर माफ़ी भी मांगनी पड़ी।

**पीड़ित पत्रकार ने पुलिस कमिश्नर से की शिकायत**

पत्रकार तिवारी ने पुलिस कमिश्नर से मिलकर स्थिति की जानकारी देते हुए उन्हें शिकायती प्रार्थना पत्र देकर विधिक कार्यवाही की मांग किया। जिसके क्रम में मामले की गंभीरता को समझते हुए सी पी लुधियाना ने जांच व कार्यवाही के लिए ए सी पी को जिम्मेदारी दी है। शिकायत करते समय पीड़ित पत्रकार ने पुलिस कमिश्नर को अवगत कराते हुए कहा है कि लुधियाना टिब्बा रोड पर शेरू नाम का एक आदमी बहुत ताकत से लॉटरी का धंधा करता है, जिसे पहले सेंट्रल रू ने 3 नंबर थाने के इलाके से भगा दिया था और उसका गैरकानूनी सट्टे का धंधा बंद करा दिया था। टिब्बा रोड पर उसकी दुकान है, लेकिन पिछले हफ्ते दारा सट्टे में हमारे एक परिचित भाई तीन लाख रुपये हार गए। उसने हमसे बात की और आपबीती सुनाते हुए कहा कि वह सुसाइड कर लेगा। मैंने उसे भरोसा दिलाया कि वह किसी बात से न डरे। उसे पुलिस कमिश्नर के सामने पेश करेंगे और उसकी गैरकानूनी दारा सट्टे की दुकानें भी बंद करा देंगे। *पीड़ित पत्रकार ने कहा कि वे 1 जुलाई को शाम करीब 4:30 बजे अवैध दुकान पर रिपोर्ट करने और आस-पास देखने गए थे। उन्होंने वहीं फोटो खींचने व वीडियो बनाने का प्रयास किया। अवैध कारोबारी व उसके लोगों ने उनका मोबाइल छीन लिया और थप्पड़ मारना शुरू कर दिया।अंदर से दरवाज़ा बंद कर लिया। उसके बाद, उन्हें करीब डेढ़ घंटे तक वहीं बैठाए रखा मौके पर मौजूद राम कृष्ण अरोड़ा ने किसी तरह बचाया और बाहर निकाला।

अरोड़ा ने पत्रकार तिवारी से परिचय पुछते हुए कहा कि ये बहुत खतरनाक लोग हैं। उनका टीबा पुलिस स्टेशन पर 2 लाख रुपये महीने देता है। उसने कहा कि मैं तुम्हें यही समझा रहा हूँ। वे 5 मिनट में तुम्हारे खिलाफ लूट का केस कर देंगे। तिवारी ने कहा कि मैं थोड़ा डर गया क्योंकि मैं अकेला था और मैंने वहीं किया जो राम कृष्ण अरोड़ा ने कहा। मैंने उनसे 7000 रुपये कैश और 10000 रुपये पेटीएम में देने को कहा। मैंने अपने दोस्त से उनके कहे अनुसार 1 लाख रुपये देने को कहा। बदले में उन्होंने मुझसे एक कोरा कागज और एक साइन मांगा। उन्होंने ब्लिंग चेक ले लिया। इन तीनों का पुलिस रिकॉर्ड पहले भी खराब रहा है।

# नई कार्यकारिणी ने संभाली कमान

## जीबी पंत अस्पताल कर्मचारी यूनियन ने कर्मचारियों के हितों की रक्षा का लिया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** जीबी पंत अस्पताल परिसर स्थित सभागार में जीबी पंत अस्पताल कर्मचारी यूनियन 3103 की नव-निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। समारोह में अस्पताल के विभिन्न विभागों के कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वहीं, दिल्ली के विभिन्न सरकारी अस्पतालों की कर्मचारी यूनियनों के पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर नई टीम को शुभकामनाएं दीं। अस्पताल प्रशासन और चुनाव अधिकारियों की मौजूदगी में नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को मंच पर आमंत्रित कर शपथ दिलाई गई, सम्मानित किया गया तथा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर कर्मचारी यूनियन ने किशोर राणा को चेयरमैन पद पर नामित किया। साथ ही नरेश कुमार ने प्रधान, नितिन चौधरी ने महासचिव, दीपा अरोड़ा एवं रामप्रवेश राय ने उप-प्रधान, दिव्या शर्मा एवं गजेंद्र सिंह ने संयुक्त सचिव, जीवन सिंह नेगी ने कोषाध्यक्ष तथा जगबीर सिंह ने संयुक्त प्रचार सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया।समारोह को संबोधित करते हुए अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक ने नव-निर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि कर्मचारियों और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में कर्मचारी यूनियन की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अस्पताल प्रशासन कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान और संस्थान के विकास के लिए यूनियन के साथ मिलकर कार्य करता रहेगा।नव-निर्वाचित प्रधान नरेश कुमार और महासचिव नितिन चौधरी ने कहा कि उनकी पूरी टीम कर्मचारियों के हितों की रक्षा, उनकी समस्याओं के समाधान और अस्पताल के विकास के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करेगी।कार्यक्रम के अंत में अस्पताल के वरिष्ठ कर्मचारियों और कर्मचारी यूनियन के पूर्व पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी उपस्थित कर्मचारियों और अतिथियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई।

## सिलापथार में एस्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र में दिन दोपहर में चोरीकांड

### 162000 रुपए लेकर फरार थाने में शिकायत दर्ज

**असम धेमाजी।** दिनदीपहर में सिलापथार मेडिकल रोड पर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का एक ग्राहक सेवा केंद्र में चूरीकांड का बरदाद सामने आया है। घटना गुरुवार दुपहर सेवा केंद्र के संचालक नजदीक के दुकान में थे उसी समय ग्राहक के रूप में आए एक अज्ञात व्यक्ति ने कुछ पल के अंदर घटना को अंजाम दिया। सेवा केंद्र के संचालक घन कांत दास ने इस संदर्भ में सिलापथार थाने में एक लिखित आवेदन दाखिल किया। आवेदन में उल्लेख किया की चोर ने सेवा केंद्र के ड्रायर तोड़ कर नगद 162,000 रुपए लेकर फरार हो गया। सी सी कैमरों में चोरों के कस्टमर सर्विस सेंटर में घुसने का सीन रिकॉर्ड हुआ है। सिलापथार पुलिस ने शिकायत मिलते ही करवाई शुरू कर दी है। हालांकि खबर लिखते समय तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## हितेंद्र शर्मा को मिली महरौली जिला भाजपा में महामंत्री की बड़ी जिम्मेदारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**दक्षिणी दिल्ली-** दिल्ली में नवनियुक्त दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने सभी जिलों की कार्यकारणी को जिला अध्यक्ष के साथ एव जिला प्रभारियों के बीच गठित की जिसमें जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी जिलों की टिम गठित हो गई है।इसी कड़ी में महरौली जिला अध्यक्ष रविन्द्र सोलंकी के नेतृत्व में भी नई कार्यकारणी का गठन हुआ है जिसमें युवा कर्मठ हितेंद्र शर्मा जो कि छात्र जीवन से ही राजनीति कर रहे ओर लगातार भाजपा की विचारधारा से पिछले कई सालों से जुड़े हुए है और दक्षिणी दिल्ली में पार्टी के सिपाही बनकर हर मुद्दों पर अपनी सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे है उनको इस बार महरौली जिला में जिला अध्यक्ष रविन्द्र सोलंकी की टिम में महामंत्री पद पर नियुक्त किया गया ओर दी गई है बड़ी जिम्मेदारी।आपको बता दे इससे पहले वह जिला महरौली में उपाध्यक्ष थे ओर उससे पहले वह मंत्री भी रख चुके है।फिर से पार्टी ने उनकी सक्रियता ओर पार्टी के प्रति लगन, मेहनत को देखते हुए फिर से महामंत्री का बड़ा पद दिया है।हितेंद्र शर्मा ने सभी शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया ओर उन्हें विश्वास दिलाया कि जो उम्मीद पार्टी को उनसे है उसपर खरा उतरूंगा ओर संगठन की हर कसौटी पर खरा उतर कर सेवा ही संकल्प के उद्येश्य के साथ कार्य करूंगा। महरौली जिला अध्यक्ष एव टिम के साथ संगठन को मजबूत करेंगे और भाजपा की विचारधाराओं एवं जनकल्याणी योजनाओं को जनजन तक पहुंचाने में अपना अहम योगदान देंगे। आगे उन्होंने कहा कि जो भी संगठन कार्य देगा उसको बखूबी से निभाएगे ओर जनता के साथ जुड़ कर उनका हमदर्द बनकर उनकी समस्या को हल करने का भी पूरा प्रयास संगठन ओर पार्टी के माध्यम से करते रहेंगे। पुनः एक बार फिर से सभी शीर्ष नेतृत्व का आभार एव धन्यवाद करता हु।

## हेल्थ मिनिस्टर ने पटियाला में रोबोटिक-असिस्टेड ऑर्थोपेडिक सर्जरी टेक्नोलॉजी लॉन्च की

### रोबोटिक सर्जरी से इलाज ज़्यादा सुरक्षित होगाः डॉ. बलबीर सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पटियाला-** पंजाब सरकार की तरफ से राज्य के लोगों को वर्ल्ड-क्लास हेल्थकेयर सर्विस देने की दिशा में एक और अहम कदम उठाते हुए, पंजाब के हेल्थ और फैमिली वेलफेयर मिनिस्टर डॉ. बलबीर सिंह ने आज पटियाला में ऑर्थोपेडिक इलाज के लिए स्टेट-ऑफ-द-आर्ट रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी टेक्नोलॉजी लॉन्च की। इस मौके पर सिविल सर्जन पटियाला डॉ. शैली जेटली भी खास तौर पर मौजूद थीं। इस मौके पर बोलते हुए, डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार लोगों को मॉडर्न, क्वालिटी और सस्ती हेल्थकेयर सर्विस देने के लिए पूरी तरह से कमिटेड है। उन्होंने कहा कि हेल्थ सेक्टर में नई टेक्नोलॉजी अपनाना समय की ज़रूरत है और रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी इस दिशा में एक बड़ी कामयाबी है। हेल्थ मिनिस्टर ने कहा कि रोबोटिक टेक्नोलॉजी की मदद से की जाने वाली ऑर्थोपेडिक सर्जरी पहले के मुकाबले ज़्यादा सटीकता, सुरक्षा और कामयाबी के साथ की जा सकती हैं। इस टेक्नोलॉजी से ऑपरेशन के बाद मरीज़ को दर्द भी कम होता है।

साथ ही, मरीज़ जल्दी ठीक होता है, जिससे वह जल्दी नॉर्मल ज़िंदगी में लौट सकता है। हेल्थ मिनिस्टर ने कहा कि लोगों में यह सोच है कि रोबोटिक सर्जरी बहुत महंगी होती है, लेकिन ऐसा ज़रूरी नहीं है। इस टेक्नोलॉजी का मकसद मरीज़ों को बेहतर इलाज और तेज़ी से रिकवरी देना है। उन्होंने भरोसा जताया कि इस सुविधा से पटियाला और आस-पास के इलाकों के लोगों को बहुत फ़ायदा होगा और उन्हें ऐसे इलाज के लिए दूसरे बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि पटियाला हेल्थ सर्विसेज़ का एक अहम सेंटर बन रहा है और इस नई सुविधा से हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और आस-पास के दूसरे राज्यों के मरीज़ों को भी हाई-क्वालिटी इलाज का फ़ायदा मिलेगा। इससे न सिर्फ़ इलाके का हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मज़बूत होगा, बल्कि पंजाब मॉडर्न मेडिकल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बनाएगा। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. शैली जेटली ने कहा कि रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी टेक्नोलॉजी हेल्थ सेक्टर में एक नया चैप्टर साबित होगी।

## जिले के कृष्णनगर मॉडल विलेज के उप-स्वास्थ्य केंद्र को लेकर असंतोष

› पूर्ण और मानक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण की मांग

› मुख्यमंत्री और स्थानीय विधायक से हस्तक्षेप की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**श्रीभूमि-** असम के श्रीभूमि जिले के दरगारबंद ग्राम पंचायत के अंतर्गत आदर्श कृष्णनगर (मॉडल विलेज) में तड्ड 2022-2023 परियोजना के तहत निर्मित उप-स्वास्थ्य केंद्र (सब-सेंटर) लंबे समय से पूर्ण रूप से संचालित नहीं हो पाने को लेकर स्थानीय लोगों में भारी असंतोष व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि लगभग 8.5 लाख रुपये की लागत से निर्मित यह स्वास्थ्य केंद्र आवश्यक बुनियादी सुविधाओं के अभाव में अधूरा पड़ा है। उनका कहना है कि केंद्र में शौचालय, यूरिनल, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, तथा मरीजों की जांच के लिए उपयुक्त कक्ष जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। इसी कारण यह स्वास्थ्य केंद्र प्रभावी रूप से उपयोग में नहीं आ पा रहा है और स्थानीय लोग प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, यह केंद्र केवल एक छोटे कमरे वाली इमारत के रूप में बनाया गया है, जो सरकारी मानकों के अनुसार एक पूर्ण उप-स्वास्थ्य केंद्र के लिए आवश्यक सुविधाएं पूरी नहीं करता। ग्रामीणों का कहना है कि इससे 'मॉडल विलेज' योजना का उद्देश्य भी प्रभावित हुआ है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने असम के लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा तथा रामकृष्णनगर के विधायक विजय मालाकार से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने जल्द जांच कर आवश्यक विकासात्मक कदम उठाने की अपील की है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि सरकारी हस्तक्षेप से कृष्णनगर में एक पूर्ण, मानक और कार्यात्मक उप-स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किया जाएगा। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से भी शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। उनका विश्वास है कि उचित कदम उठाए जाने पर मॉडल विलेज कृष्णनगर के लोगों को बेहतर, आधुनिक और प्रभावी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

## दिल्ली के द्वारका सेक्टर-7 में 500 किलोवाट सोलर प्लांट शुरू

### 375 घरों को मिलेगी सस्ती और स्वच्छ बिजली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पश्चिमी दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को पालम विधानसभा क्षेत्र के द्वारका सेक्टर-7 स्थित एयर फोर्स एवं नेवल आफिसर्स एन्क्लेव में 500 किलोवाट क्षमता वाले सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना दिल्ली में स्वच्छ ऊर्जा, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्लांट से एन्क्लेव के लगभग 375 घरों की बिजली की जरूरतें नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से पूरी होंगी। इस अवसर पर दक्षिणी दिल्ली के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, पालम विधायक, संबंधित विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में सौर ऊर्जा को तेजी से बढ़ावा मिल रहा है और भारत वैश्विक स्तर पर इस क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। दिल्ली सरकार भी केंद्र सरकार के सहयोग से राजधानी में हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र और दिल्ली सरकार की योजनाओं के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने पर एक लाख रुपये से अधिक की संयुक्त सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सौर ऊर्जा अपनाकर न केवल अपने बिजली बिल में कमी लाएं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दें। करीब दो करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस सोलर प्लांट को केंद्र सरकार से 90 लाख रुपये और दिल्ली सरकार से 10 लाख रुपये की सब्सिडी मिली है। इसके संचालन से एन्क्लेव का मासिक बिजली खर्च लगभग 12 लाख रुपये से घटकर छह लाख रुपये रह जाएगा। इससे हर वर्ष करीब 72 लाख रुपये की बचत होने का अनुमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना केवल बिजली बचत तक सीमित नहीं है, बल्कि सामुदायिक भागीदारी से पर्यावरण संरक्षण का भी उत्कृष्ट उदाहरण है।

## घरेलू कलह का दर्दनाक अंत, दिल्ली में पत्नी को मौत के घाट उतारकर पति ने भी दी जान

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी के रणहोला थाना इलाके के तिलंगपुर कोटला गांव से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक किराए के मकान में रहने वाले पति ने घरेलू कलह के चलते अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी और उसके बाद स्वयं भी जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतकों की पहचान 28 वर्षीय विनय और उसकी 23-24 वर्षीय पत्नी निशा के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 2 जुलाई 2026 को पुलिस को एक महिला पर जानलेवा हमले की सूचना मिली थी। जब पुलिस टीम मौके पर पहुँची, तो मकान के भूतल पर निशा गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिली, उसके सिर पर गहरी चोट के निशान थे। प्राथमिक जांच से पता चला कि दोनों की शादी 4-5 साल पहले हुई थी और उनकी एक 3 वर्ष की बेटी भी है। विनय उत्तम नगर में एक निजी नौकरी करता था। वहां आरोपित विनय ने अपनी बहन प्रिया को बताया कि उसने शाम करीब 6 बजे अपनी पत्नी की हत्या कर दी है, क्योंकि वह किसी से फोन पर बात कर रही थी। उसने यह भी बताया कि उसने खुद भी जहर खा लिया है।

## सीएम रेखा गुप्ता ने लॉन्च किया 'ग्रीन ड्राइव पोर्टल'

› लगाए जाएंगे 70 लाख पौधे

› 7 जुलाई को अमित शाह करेंगे अभियान शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** दिल्ली को एक स्वच्छ, हरा-भरा और स्वस्थ शहर बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी में 70 लाख पौधे लगाने के अपने संकल्प को पूरा करने की दिशा में 'ग्रीन ड्राइव पोर्टल' को लाइव कर दिया है। इस वृहद पौधारोपण महा-अभियान का औपचारिक शुभारंभ 7 जुलाई को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा किया जाएगा।

**आम जनता की भागीदारी के लिए 'ग्रीन ड्राइव पोर्टल'**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्लीवासियों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। नए लॉन्च किए गए पोर्टल के माध्यम से आम नागरिक कई डिजिटल सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं और इस हरित पहल में अपना सीधा योगदान दे सकते हैं:

**स्लॉट बुकिंगः** लोग पौधारोपण के लिए पोर्टल पर जाकर अपनी सुविधानुसार स्लॉट बुक कर सकते हैं।

**झ्रमुफ्त पौधेः** अभियान के तहत घर या आस-पास लगाने के लिए मुफ्त पौधे प्राप्त किए जा सकते हैं।

**वृक्ष रथः** सामुदायिक पौधारोपण (Community drives) के लिए कॉलोनियों या सोसायटियों में विशेष 'वृक्ष रथ' को आमंत्रित किया जा सकता है।

**दिल्ली ग्रीन वॉरियरः** पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक नागरिक खुद को पोर्टल पर 'ग्रीन वॉरियर' के रूप में पंजीकृत कर सकते हैं।

**'स्वच्छ, हरित और स्वस्थ दिल्ली' का विजन**

मुख्यमंत्री ने जनता के नाम अपने संदेश में कहा, 'हमने पूरी दिल्ली में 70 लाख पौधे लगाने का जो वादा किया था, अब उसे मिलकर पूरा करने का समय आ गया है।' उन्होंने सभी नागरिकों से इस मुहिम से जुड़ने और एकजुट होकर एक स्वच्छ, हरित और अधिक स्वस्थ दिल्ली के निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया है।

## दिल्ली में SIR की प्रक्रिया शुरू, भाजपा ने तैयार की कार्यकर्ताओं की टीम

**नई दिल्ली।** राजधानी में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) घर-घर पहुंच रहे हैं। साथ ही राजनीतिक दल भी अपने कार्यकर्ताओं को मतदाताओं को मदद करने का निर्देश दिया है जिससे कि उनके समर्थकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो सके। भाजपा ने इसके लिए प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक टीम बनाई है। प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) 2 की तैनाती की गई है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा की अध्यक्षता में बैठक कर एसआईआर प्रक्रिया की प्रगति पर चर्चा की। कार्यकर्ताओं से लोगों को हरसंभव सहयोग करने का निर्देश दिया गया। प्रदेश महामंत्री एवं एसआइआर प्रक्रिया प्रमुख योगेंद्र चांदोलिया ने कहा कि दिल्ली में कुल 13033 पोलिंग बूथ हैं। इनमें से 12 हजार से अधिक पर भाजपा के बीएलए 2 चुनाव आयोग में पंजीकृत हैं। बीएलए 2 पिछले कई दिनों से अपने बूथ पर मतदाता के सत्यापन और मैपिंग का काम कर रहे हैं। मतदाताओं के साथ ही चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त सभी बीएलओ को भी सहयोग कर रहे हैं जिससे कि एसआइआर प्रक्रिया पूरी करने में किसी तरह की परेशानी न हो। पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी एवं संकेत गुप्ता चुनाव आयोग से समन्वय एवं बीएलए 2 प्रशिक्षण का काम देख रहे हैं।

## दिवंगत शिक्षिका सुप्रभा पाल की स्मृति में 'सुप्रभा पाल मेमोरियल अवॉर्ड' की शुरुआत

### शिक्षक पति ने दिए छह लाख रुपये

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि-** श्रीभूमि जिले के शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणादायी पहल करते हुए सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक निरंत कुमार पाल ने अपनी दिवंगत पत्नी एवं विज्ञान शिक्षिका सुप्रभा पाल की स्मृति में छह लाख रुपये की स्थायी निधि स्थापित कर 'सुप्रभा पाल मेमोरियल अवॉर्ड' की शुरुआत की। यह सम्मान प्रति वर्ष नारायणनाथ उच्च माध्यमिक विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को प्रदान किया जाएगा। गौरतलब है कि सुप्रभा पाल नारायणनाथ उच्च माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान शिक्षिका थीं। उनका निधन गत 31 मार्च 2025 को हुआ था। उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को विद्यालय परिसर में आयोजित एक गरिमामय समारोह में निरंत कुमार पाल ने विद्यालय प्रबंधन को छह लाख रुपये की निधि सौंपी। इसी अवसर पर वर्ष 2026 के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों पिया नाथ और सम्राट नाथ को दस-दस हजार रुपये के चेक तथा स्मृति-चिह्न देकर 'सुप्रभा पाल मेमोरियल अवॉर्ड' का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष विद्यालय के माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक (कला एवं विज्ञान) वर्ग के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार की राशि स्थायी निधि से प्राप्त ब्याज के माध्यम से दी जाएगी, जिससे यह सम्मान निरंतर जारी रह सके। विद्यालय के प्रधानाचार्य रंजन कुमार भट्टाचार्य की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में रामकृष्णनगर महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य डॉ. माला शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने निरंत कुमार पाल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होगी और शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा मिलेगा। निरंत कुमार पाल ने कहा कि यह पुरस्कार उनकी पत्नी की स्मृति को जीवित रखने के साथ-साथ प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने बताया कि छह लाख रुपये की निधि से प्राप्त आय के आधार पर हर वर्ष यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। समारोह में चान्नीघाट हाई स्कूल के पूर्व शिक्षक देवाशीष सेनगुप्ता, एम.एम. हक एजुकेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष फखरुल हसन, शिक्षक प्रदीप शर्मा, समाजसेवी बिप्लब बनिक, प्रधानाध्यापक धनंजय नाथ, शिक्षक रथीश चंद्र नाथ सहित अनेक शिक्षाविद, गणमान्य नागरिक, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने इस पहल को समाज और शिक्षा जगत के लिए अनुकरणीय बताया।



# प्रयागराज में दर्दनाक सड़क हादसा: तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से 5 वर्षीय मासूम की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** उतरांव थाना क्षेत्र के खोदायपुर (कासिया) गांव में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में पांच वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई। घर के पास स्थित दुकान पर सामान लेने जा रही बच्ची तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गई। हादसा इतना भीषण था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुनैना (5 वर्ष) शनिवार को घर से कुछ दूरी पर स्थित दुकान पर सामान लेने के लिए निकली थी। इसी दौरान फूलपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और बच्ची को कुचलते हुए आगे निकल गया। गंभीर चोट लगने के कारण सुनैना ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत ट्रक का पीछा किया और कुछ दूरी पर वाहन को पकड़ लिया। हालांकि चालक मौके का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा। सूचना मिलते ही उतरांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि चालक के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि सुनैना के पिता दिल्ली में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मां राजपत्ती देवी अपनी इकलौती बेटी की मौत से बेसुध हैं। परिजनों और ग्रामीणों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## रील बनाते समय पेड़ से टकराई कार, बीए छात्र की मौत

स्वतंत्र प्रभात।

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के अरैल बांध रोड पर शनिवार सुबह रील बनाते हुए कार चलाना एक 19 वर्षीय युवक के लिए जानलेवा साबित हुआ। तेज रफ्तार मारुति 800 कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के समय कार में एक नाबालिग बच्चा और एक कुत्ता भी मौजूद थे।जानकारी के अनुसार, नैनी एडीए स्थित शाहजी का पूरा निवासी अनुज कुमार (19), पुत्र कुलदीप भारतीय, अपनी मां के साथ ननिहाल में रहता था। वह बीए का छात्र था और परिवार की आर्थिक मदद के लिए पार्ट-टाइम एक कैफे में भी काम करता था। दो बहनों के बीच वह इकलौता भाई था।शनिवार सुबह करीब आठ बजे अनुज घर से किसी की मारुति 800 कार लेकर अरैल की ओर गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वह मोबाइल से रील बनाते हुए कार चला रहा था। इसी दौरान रिवर फ्रंट रोड पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और अनुज की मौके पर ही मौत हो गई।

# इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती का दुखद अंत : मध्य प्रदेश में दर्ज शिकायत के बाद युवक ने फांसी लगाकर दी जान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती और उसके बाद दर्ज कराई गई शिकायत से आहत एक 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।मृतक की पहचान कोरांव थाना क्षेत्र के गाढ़ा गांव निवासी अंशुमान प्रसाद सिंह (19) पुत्र राजेश्वरी सिंह के रूप में हुई है। परिवार वर्तमान में नैनी के खरकौनी इलाके में रह रहा है। अंशुमान के पिता राजेश्वरी सिंह ठेकेदारी का कार्य करते हैं। बड़ा भाई अविनाश सिंह मेडिकल की पढ़ाई कर रहा है,जबकि अंशुमान इंटरमीडिएट पास करने के बाद घर पर ही रहता था।परिजनों के अनुसार, करीब दो वर्ष पहले अंशुमान की एक युवती से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी, जो बाद में प्रेम संबंध में बदल गई। इस दौरान दोनों के बीच लगातार बातचीत होती रही। कुछ समय पहले अंशुमान युवती से मिलने मध्य प्रदेश के सागर जिले भी गया था। मुलाकात के बाद वह वापस प्रयागराज लौट आया।बताया जा रहा है कि बाद में युवती के परिजनों ने सागर जिले में अंशुमान के खिलाफ गहने और नकदी ले जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज करा दी। शिकायत के आधार पर पुलिस उसके घर पहुंची थी। परिजनों का कहना है कि पुलिस कार्रवाई की आशंका और मानसिक तनाव के कारण अंशुमान ने यह कदम उठा लिया।शनिवार सुबह जब काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों को संदेह हुआ। बड़े भाई ने दरवाजा तोड़ा तो अंशुमान का शव कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। आनन-फानन में उसे नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची नैनी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के कारणों की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नौवीं की छात्रा का शव फंदे से लटका मिला, जांच में जुटी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के महरा का पूरवा ,चक दाऊद नगर में शुक्रवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक 15 वर्षीय छात्रा का शव फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार, महरा का पूरवा निवासी पायल विश्वकर्मा (15), पुत्री अरविंद विश्वकर्मा, कक्षा नौ की छात्रा थी। उसके पिता साइकिल पंचर की दुकान संचालित करते हैं। परिजनों के मुताबिक, जब वे घर पहुंचे तो पायल खपरैल वाले कमरे में लोहे की रॉड से दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटकी मिली। यह देखकर परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही नैनी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृज किशोर गौतम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है,लेकिन मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही हो सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है।

## प्लॉट पर कब्जे के विवाद में मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के ग्राम नए उतांव गौरा निवासी हनुमान सिंह पुत्र राम अधार सिंह ने आरोप लगाया है कि नैनी क्षेत्र में स्थित उनके प्लॉट पर कुछ लोगों ने कब्जा करने का प्रयास करते हुए मारपीट, अभद्रता और जान से मारने की धमकी दी।पीड़ित के अनुसार, उन्होंने अपनी जीवनभर की जमा-पूंजी से वर्ष 2023 में नैनी के खरकौनी क्षेत्र में एक प्लॉट खरीदा था, जिसकी विधिवत रजिस्ट्री कराकर उस पर कब्जा प्राप्त कर लिया था। शनिवार , 4 जुलाई को जब वह अपने प्लॉट पर पहुंचे, तभी रितेश शुक्ला सहित कुछ अज्ञात लोग वहां आ गए। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपितों ने उनके साथ गाली-गलौज की, मारपीट का प्रयास किया तथा एक लाख रुपये की मांग करते हुए जान से मारने और गोली मारने की धमकी दी।

# कोरांव में युवक का शव फंदे से लटका मिला, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोरांव।** नगर पंचायत कोरांव के गोविंद नगर मोहल्ले में शनिवार सुबह एक 28 वर्षीय युवक का शव घर के अंदर साड़ी के फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही कोरांव पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। मृतक की पहचान अजय गुप्ता (28 वर्ष) के रूप में हुई है, जो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिजनों के अनुसार शुक्रवार रात घर के सभी सदस्य अपने-अपने कमरों में सोने चले गए थे,



**पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। मृतक की पहचान अजय गुप्ता (28 वर्ष) के रूप में हुई है, जो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिजनों के अनुसार शुक्रवार रात घर के सभी सदस्य अपने-अपने कमरों में सोने चले गए थे, जबकि अजय भी अपने कमरे में थे।**

जबकि अजय भी अपने कमरे में थे। उनके पिता किसी आवश्यक कार्य से लखनऊ गए हुए थे। शनिवार सुबह काफी देर तक अजय कमरे से बाहर नहीं आए तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने कमरे में जाकर देखा तो अजय का शव साड़ी के फंदे से लटका हुआ था। यह दृश्य देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग भी मौके पर एकत्र हो गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को अजय का पड़ोस के एक व्यक्ति से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस इस जानकारी को भी गंभीरता से लेते हुए जांच में शामिल कर रही है।

## मारपीट, लूट और धमकी के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** फूलपुर थाना पुलिस ने मारपीट, लूट और जान से मारने की धमकी के मामले में फरार चल रहे एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश करते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, थाना फूलपुर में दर्ज मुकदमा संख्या 128/2026, धारा 310(2), 351(3) एवं 317(3) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) से संबंधित वांछित अभियुक्त कार्तिक सिंह पुत्र राजेश कुमार गौतम, निवासी ग्राम हिरामनपुर, थाना सरायममरेज, कमिश्नरेट प्रयागराज को शनिवार को पुलिस मुख्यालय प्रयागराज के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि 19 अप्रैल 2026 को वादी एक निमंत्रण कार्यक्रम से अपने घर लौट रहा था।

# हंडिया में दो भाइयों की मौत का मामला: विधायक हाकिम लाल बिंद समेत अन्य पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र में दो सगे भाइयों की मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। इस प्रकरण में क्षेत्रीय विधायक हाकिम लाल बिंद समेत अन्य के खिलाफ हंडिया थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 192(2), 103(1) एवं 61(2) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मुकदमा दर्ज होने के बाद यह मामला राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तहरीर एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर विधिक कार्रवाई की गई है। मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है तथा जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर, मुकदमा दर्ज होने के बाद विधायक हाकिम लाल बिंद ने अपना स्पष्टीकरण जारी करते हुए अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को निराधार और राजनीतिक द्वेष से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि उनका इस घटना से कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संबंध नहीं है। उन्होंने विश्वास जताया कि निष्पक्ष जांच में सच्चाई सामने आ जाएगी और उन्हें न्याय मिलेगा। विधायक ने अपने बयान में यह भी कहा कि वह कानून और न्यायिक प्रक्रिया का पूरा सम्मान करते हैं तथा जांच एजेंसियों को हर संभव सहयोग देंगे। साथ ही उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और जांच पूरी होने तक संयम बनाए रखने की अपील की है। इधर, दो भाइयों की मौत को लेकर क्षेत्र में पहले से ही तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों की निगाहें अब पुलिस जांच पर टिकी हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच कर साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, इस मामले में विधायक के स्पष्टीकरण के बाद राजनीतिक सरगर्मियां भी तेज हो गई हैं।

## ब्रह्मदेव हत्याकांड में दूसरे आरोपी के पुलिस रिमांड की मांग

**कौशांबी (एजेंसी)।** अलवारा झील में मत्स्य आखेट करने वाले ब्रह्मदेव की हत्या के मामले में फरार चल रहे दूसरे नामजद आरोपी सुनील सरोज ने बृहस्पतिवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। शुक्रवार को महेवाघाट पुलिस ने घटना से जुड़े तथ्यों की पड़ताल के लिए आरोपी की पुलिस रिमांड की अर्जी न्यायालय में दाखिल की है। पुलिस के अनुसार, विवेचना के दौरान सुनील पुत्र लच्छन सरोज की लगातार तलाश की जा रही थी। गिरफ्तारी की कार्रवाई तेज होने पर उसने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।पुलिस ने बताया कि आरोपी से घटना के कई अहम पहलुओं पर पूछताछ अभी बाकी है। रिमांड मिलने के बाद हत्या की साजिश, घटना की परिस्थितियों और अन्य संभावित तथ्यों के बारे में विस्तृत पूछताछ की जाएगी।

# आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के मामले में दो वांछित गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** हंडिया थाना पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण (उकसाने) के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त और एक अभियुक्ता को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को न्यायालय में पेश कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, थाना हंडिया में दर्ज मुकदमा संख्या 291/2026, धारा 108 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) से संबंधित वांछित अभियुक्त लल्ला उर्फ लल्लन उर्फ किशन पुत्र ननकूराम तथा अभियुक्ता गौरी पुत्री ननकूराम, दोनों निवासी ग्राम सेवना मर्रो, थाना सरायममरेज, कमिश्नरेट प्रयागराज को शनिवार को थाना हंडिया क्षेत्र के ग्राम दुसौती के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि थाना हंडिया क्षेत्र के ग्राम बनपुरवा सरायपीथा निवासी संतोष कुमार पुत्र स्वर्गीय इन्द्रजीत ने 11 जून 2026 को पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना के बाद परिजनों की तहरीर के आधार पर थाना हंडिया में धारा 108 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान दोनों आरोपियों की भूमिका सामने आने पर उनकी तलाश की जा रही थी।

मुखबिर की सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने दोनों वांछित आरोपियों को ग्राम दुसौती के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद दोनों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया।

## वाराणसी से लंदन समेत इन 17 देशों की यात्रा होगी आसान




**वाराणसी (एजेंसी)।** पूर्वांचल के यात्रियों के लिए बड़ी राहत की खबर है. एयर इंडिया ने वाराणसी से अपनी नई 'ईज़ी कनेक्ट' सेवा शुरू कर दी है. हब एंड स्पोक मॉडल के तहत अब यात्री वाराणसी से दिल्ली होते हुए लंदन, दुबई, सिंगापुर, फ्रैंकफर्ट, रोम और ज्यूरिख समेत 17 अंतरराष्ट्रीय जगहों तक आसानी से पहुंच सकेंगे.पूर्वांचल और आसपास के यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी है. एयर इंडिया ने वाराणसी से अपनी नई 'ईज़ी कनेक्ट' सेवा शुरू कर दी है. यह सेवा केंद्र सरकार की हब एंड स्पोक योजना के तहत शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य टियर-2 और टियर-3 शहरों के यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से बेहतर और आसान कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है. लंदन से लेकर दुबई, सिंगापुर समेत कई जगहों के लिए अब आप वाराणसी से सीधे फ्लाइट ले सकेंगे. एयर इंडिया के अनुसार, वाराणसी से दिल्ली जाने वाली विशेष ढ्ढ-1111 उड़ान को इस तरह से निर्धारित किया गया है कि यात्री दिल्ली पहुंचने के चार घंटे के भीतर 17 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए आसानी से कनेक्टिंग फ्लाइट पकड़ सकें. इनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं- लंदन, फ्रैंकफर्ट, मिलान, रोम, ज्यूरिख, मनीला, सिंगापुर, फुकेत, कुआलालंपुर, रियाद, दुबई सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय शहर हैं।

# शादी का दबाव बनाकर युवती को भगाने के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** सोरांव थाना पुलिस ने शादी का दबाव बनाकर युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने और विरोध करने पर परिजनों को जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, थाना सोरांव पर दर्ज मुकदमा संख्या 247/2026, धारा 87/352/351(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) से संबंधित वांछित अभियुक्त अमन खान पुत्र शेरा खान उर्फ मेराजुद्दीन, निवासी ग्राम मोहम्मदपुर नौगवां उर्फ डोमनीमऊ, थाना सोरांव, कमिश्नरेट प्रयागराज को शनिवार को थाना क्षेत्र के ग्राम बरईशिव स्थित सब्जी मंडी के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की मां द्वारा दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया था कि अभियुक्त उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। जब परिजनों ने इसका विरोध किया और शिकायत की, तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर थाना सोरांव में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। लगातार की जा रही छापेमारी और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया पूरी करते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पिछला पहिया फटने से स्कॉर्पियो कंटेनर में घुसी, सात लोग घायल



**कौशांबी (एजेंसी)।** कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढ़ा गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार शाम करीब 6:30 बजे एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो का अगला पहिया फट जाने से वह अनियंत्रित होकर आगे चल रहे कंटेनर से टकरा गई। हादसे में स्कॉर्पियो सवार छह लोग घायल हो गए। सभी को प्राथमिक उपचार के लिए सिराथू अस्पताल भेजा गया। फूलपुर से कानपुर जा रही स्कॉर्पियो का पिछला पहिया अचानक फट गया। चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और स्कॉर्पियो आगे चल रहे कंटेनर में पीछे से जा भिड़ी। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।हादसे में घायल होने वालों में आसिफ करीम सिद्दीकी, मो. अजीम, शमा परवीन, मल्लिका खातून, मरियम फातिमा, रेशमा परवीन व नाजरा बेगम शामिल हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को वाहन से बाहर निकालकर उपचार के लिए मूरतगंज के एक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के सभी को छुट्टी दे दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहन को किनारे कर यातायात सुचारु कराया। सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।


# विनय कटियार बोले- चंपत राय और अनिल मिश्रा कभी भी जा सकते हैं जेल फिर अपने ही बयान से मुकरे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** राम मंदिर चढ़ावा विवाद को लेकर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद विनय कटियार के बयान ने शुक्रवार को राजनीतिक और धार्मिक गलियारों में हलचल मचा दी। पहले उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों पर गंभीर टिप्पणी करते हुए दावा किया कि दान राशि में कथित हेराफेरी के मामले में चंपत राय, गोपाल राव और अनिल मिश्रा को जेल जाना पड़ सकता है। हालांकि कुछ ही घंटों बाद उन्होंने अपने बयान से दूरी बनाते हुए कहा कि उन्होंने ऐसा नहीं कहा कि कोई जेल जाएगा। मीडिया से बातचीत में विनय कटियार ने दावा किया था कि राम मंदिर के लिए मिले दान में गड़बड़ी हुई है और मामले की जांच चल रही है। उन्होंने कहा था कि भविष्य में जांच के आधार पर चंपत राय, गोपाल राव और अनिल मिश्रा के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। कटियार ने यह भी कहा कि उन्होंने इस विषय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चर्चा की थी। कटियार के इस बयान के सामने आते ही राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गईं। लेकिन बाद में अयोध्या में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने अपने सुर बदल लिए। जब उनसे चंपत राय और अनिल मिश्रा के जेल जाने संबंधी बयान पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'मैंने यह नहीं कहा कि वे जेल जाएंगे। मैंने इतना कहा था कि उन्हें स्थिति को समझना चाहिए और यदि कोई गलती हुई है तो उसमें सुधार होना चाहिए।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत के दावे पर भी कटियार ने नरम रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का अपना कार्यक्षेत्र है और वह अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, जबकि वह स्वयं अपने काम में लगे हैं। उन्होंने इस मुद्दे पर अधिक टिप्पणी करने से भी परहेज किया। विनय कटियार ने राम मंदिर चढ़ावा मामले की जांच कर रही विशेष जांच दल (स्ढ्ढञ्ज) का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी को अपनी रिपोर्ट तैयार करने के लिए अतिरिक्त समय दिया गया है ताकि मामले के सभी पहलुओं की गहराई से जांच हो सके। उनके मुताबिक जांच का दायरा इसलिए बढ़ाया गया है ताकि कोई भी दोषी व्यक्ति बच न पाए और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष पड़ताल हो सके।

# चंपत को बचाने में जुटा संतों का एक गुट



**अयोध्या (एजेंसी)।** संत समाज के बीच ट्रस्ट की बैठक से पहले खेमेबाजी शुरू हो गई है. जहां कुछ संत ऐसे हैं जो चंपत राय को बचाना चाहते हैं, वहीं कुछ संत ऐसे हैं जो ट्रस्ट में गोविंद देव गिरी जी के कामकाज पर सवाल उठा रहे हैं. जो ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष हैं.अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी का मामला इन दिनों गरमाया हुआ है. इस मुद्दे को लेकर को लेकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार (6 जुलाई) को होने जा रही है. बैठक से पहले संत समाज के बीच खेमेबाजी खुलकर सामने आने लगी है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय भी विशेष जांच दल की जांच के दायरे में हैं। जानकारी के मुताबिक ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को लेकर कुछ संत उनके पक्ष में खड़े नजर आ रहे हैं. ये संत उन्हें बचाना चाहते हैं. इन संतों का मानना है कि चंपत राय ने मंदिर निर्माण से लेकर ट्रस्ट के संचालन तक में अहम भूमिका निभाई है. मंदिर निर्माण को पूरा कराने और देशभर से चंदा जुटाने में उनका बड़ा योगदान रहा है. अयोध्या संत मण्डल का कहना है कि ट्रस्ट के सन्तों को चंपत राय का इस्तीफा स्वीकार नहीं करना चाहिए. संतों का कहना है कि वो लोग चंपत राय को काफी लंबे समय से जानते हैं, उनके व्यवहार से पूरी तरह परिचित हैं. संतों का कहना है कि उन्हें चंपत राय की निष्ठा पर पूरा भरोसा है और वो पूरीा तरह से निर्दोष हैं.'चंपत राय पर आरोप बेबुनियाद' संत समाज ने कहा है कि चंपत राय के बारे में जो भी बातें कही जा रही हैं वो सब झूठी और बेबुनियाद हैं. उनमें कोई सच्चाई नहीं है. संतों ने इन आरोपों की कड़ी निदा की है. संतों का कहना है कि चंपत राय ने खुद स्ढ्ढञ्ज जांच का अनुरोध किया, यह उनकी न्याय प्रियता का प्रतीक है. वहीं सरकार ने तत्काल स्ढ्ढञ्ज टीम बना दी, सरकार का प्रयास प्रशंसनीय हैं। संतों का कहना है कि प्रचार माध्यमों से अनरगल बयान आ रहे हैं लेकिन चंपत राय शांत है और उन्होंने इस बारे में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी. संतों ने कहा कि उनकी आशीर्वाद चंपत राय के साथ है और वो उनके धैर्य की प्रशंसा करते हैं।

# राष्ट्रीय भानु जयंती का 212वां समारोह में गूंजी नेपाली भाषा-साहित्य की विरासत



**काठमांड(एजेंसी)।** सिक्किम के सोरेंग जिले में आयोजित 212वें राष्ट्रीय भानु जयंती समारोह के चौथे दिन भाषा, साहित्य और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव का संदेश प्रमुखता से उभरा। 'भाषा, साहित्य विकास एवं जातीय सद्भाव' विषय पर आयोजित इस समारोह में सिक्किम विधानसभा की उपाध्यक्ष राजकुमारी थापा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और युवाओं से अपनी मातृभाषा तथा सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नेपाली भाषा को भारतीय संविधान की मान्यता प्राप्त है और यह केवल संचार का माध्यम नहीं, बल्कि देश की बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने युवाओं से भाषा और साहित्य के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। इस समारोह के दौरान आयोजित अंतर-विश्वविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का उल्लेख करते हुए विधानसभा उपाध्यक्ष ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, तार्किक सोच, समय प्रबंधन और प्रभावी अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित करती हैं। उन्होंने छात्रों से सफल पेशेवर बनने के साथ-साथ जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनने का भी आह्वान किया।राष्ट्रीय भानु जयंती समारोह के तहत आयोजित अंतर-विश्वविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबलों में कंचनजंघा राज्य विश्वविद्यालय, सिक्किम और सिक्किम विश्वविद्यालय ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर 13 जुलाई को होने वाले फाइनल में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल में कंचनजंघा राज्य विश्वविद्यालय ने खरसांग कॉलेज को हराया, जबकि दूसरे मुकाबले में सिक्किम विश्वविद्यालय ने उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय को पराजित किया। कंचनजंघा राज्य विश्वविद्यालय के भूपेन तिम्सिना और सिक्किम विश्वविद्यालय की मंदीरा रावत को सर्वश्रेष्ठ वक्ता चुना गया। इस समारोह की शुरुआत राज्य सरकार के वन विभाग के 'मेरा वृक्ष, मेरी संतति' अभियान के तहत पौधरोपण से हुई। मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों ने रोडोडेंड्रॉन (लालीगुरांस) का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया। सुखिम डांस अकादमी और कलाकार राकेश शर्मा ने नेपाली लोक-संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए।इस कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सांसद डी.टी. लेप्चा की पहल पर कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत सोरेंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को एक नई एंबुलेंस भी सौंपी गई। इससे जिले की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने की उम्मीद जताई गई। इस समारोह में विभिन्न जनप्रतिनिधियों, साहित्यकारों, शिक्षाविदों, सरकारी अधिकारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, विद्यार्थियों और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया। आयोजकों ने इसे नेपाली भाषा, साहित्य और सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। आचार्य भानुभक्त आचार्य (1814-1868) नेपाली भाषा के प्रथम महाकवि माने जाते हैं। उन्हें सबसे अधिक प्रसिद्धि संस्कृत में रचित रामायण का सरल और सहज नेपाली भाषा में अनुवाद करने के लिए मिली।

# उमर खालिद और शरजील इमाम को बड़ा झटका



खालिद और इमाम ने अपनी अर्ज़ी में कहा कि बिना मुकदमा शुरू हुए लगातार जेल में रखना मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। इमाम ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा जमानत से इन्कार के छह महीने बाद भी कार्रवाई में प्रगति नहीं हुई और वह लगभग छह साल से हिरासत में है। खालिद ने भी बिना आरोप तय हुए इतने ही समय से जेल में रहने का हवाला दिया। याचिका में जोर दिया गया कि लंबे समय से जेल में रहने के बावजूद आरोप तय नहीं हुए हैं। खालिद ने तर्क दिया कि बाद की न्यायिक घटनाओं से हालात में बदलाव आया है, जिससे मौजूदा अर्जी सुनवाई योग्य हो गई।

**दिल्ली(एजेंसी)।** 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों से जुड़े बड़ी साज़िश के मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिका दिल्ली की एक अदालत ने खारिज कर दीं। अपर सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जमानत देने से इन्कार किया। खालिद और इमाम पर आतंकवाद-रोधी कानून और भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज है। खालिद और इमाम ने अपनी अर्ज़ी में कहा कि बिना मुकदमा शुरू हुए लगातार जेल में रखना मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। इमाम ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा जमानत से इन्कार के छह महीने बाद भी कार्रवाई में प्रगति नहीं हुई और वह लगभग छह साल से हिरासत में है। खालिद ने भी बिना आरोप तय हुए इतने ही समय से जेल में रहने का हवाला दिया। याचिका में जोर दिया गया कि लंबे समय से जेल में रहने के बावजूद आरोप तय नहीं हुए हैं। खालिद ने तर्क दिया कि बाद की न्यायिक घटनाओं से हालात में बदलाव आया है, जिससे मौजूदा अर्जी सुनवाई योग्य हो गई। उन्होंने आतंक से जुड़े एक मामले में 18 मई के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का ज़िक्र किया, जिसने 5 जनवरी के फैसले की आलोचना की थी।सुप्रीम कोर्ट ने पांच जनवरी को बड़ी साजिश वाले मामले में खालिद और इमाम को जमानत देने से इन्कार किया था। हालांकि, सह-आरोपी गुलफिशा फ़ातिमा, मीरान हैदर, शिफ़ा-उर-रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद को राहत मिली थी। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और एन.वी. अंजारिया की पीठ ने कहा कि यूएपीए के तहत खालिद और इमाम के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला बनता है। पीठ ने यह भी कहा कि सभी आरोपियों के साथ 'भागीदारी के स्तर' को देखते हुए एक जैसा व्यवहार नहीं किया जा सकता।खालिद की अर्जी में मई के एक अन्य मामले में अदालत की टिप्पणियों का उल्लेख था। इन टिप्पणियों में कहा गया था कि यूएपीए के तहत भी जमानत एक नियम है। पीठ ने जोर दिया कि आतंकवाद-रोधी कानून अनिश्चितकालीन हिरासत का जरिया नहीं बनने चाहिए। खालिद ने 'यूनियन ऑफ़ इंडिया बनाम के.ए. नजीब' और 'वर्नन गोंसाल्विस बनाम महाराष्ट्र राज्य' जैसे फैसलों का हवाला दिया। उन्होंने तर्क दिया कि यूएपीए की कानूनी पाबंदियां सांविधानिक सुरक्षा उपायों से ऊपर नहीं हो सकतीं, यदि मुकदमे में उचित समय में पूरा होने की संभावना न हो।

# युवा सितारे, जिन पर रहेंगी निगाहें

नई पीढ़ी के कई कलाकार कमर्शियल फिल्मों के साथ-साथ कंटेंट आधारित सिनेमा में भी बेहतर काम कर रहे हैं। फिल्मों से लेकर महत्वाकांक्षी ओटीटी प्रोजेक्ट्स तक, ये युवा कलाकार अपने कैरियर के अहम दौर में प्रवेश कर रहे हैं। चाहे बड़े कमर्शियल एंटरटेनर हों, भावनात्मक ड्रामा हो या अलग तरह की कहानियां, इन कलाकारों की आने वाली फिल्मों की लाइनअप इंडस्ट्री के बदलते दौर की झलक दिखाती है। जानिये 2026 के दूसरे हाफ में किन युवा सितारों पर सबकी नजर रहने वाली है। 'द आर्चिस' से अपने अभिनय कैरियर की शुरुआत करने वाली सुहाना खान अब साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक 'किंग' में नज़र आएंगी। पिता शाहरुख खान के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। मिहिर आहूजा ने द आर्चिस, विजय 69, मा का सम और हिंदी विन्दी जैसी फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। अब ऑपरेशन सफेद सागर में नज़र आएंगे।प्रगति श्रीवास्तव - जनादेश प्रगति श्रीवास्तव भी उभरती हुई प्रतिभाओं में शामिल हैं। उनकी आने वाली फिल्म जनादेश ऐसी कहानी है जिसमें अभिनय अहम भूमिका निभाता है। बाबिल खान सबसे व्यस्त युवा कलाकारों में से एक हैं। एक नई वेब सीरीज़ के अलावा उनके पास एक मलयालम फिल्म और निर्देशक शूजीत सरकार की फिल्म दार्जिलिंग भी है। अलग तरह के किरदारों के ज़रिए हमेशा नए प्रयोग किए। जिगरा और मैं वापस आऊंगा जैसी फिल्मों के बाद वेदांग रैना अब मैडॉक फिल्म्स की अगली फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। बढ़ती लोकप्रियता के बीच अभय वर्मा अब दिलकशी लेकर आ रहे हैं। मुंज्या और ए वतन मेरे वतन जैसी फिल्मों में स्क्रीन प्रेजेंस से प्रभावित करने वाले अभय की यह नई फिल्म उनके कैरियर को नई ऊंचाई दे सकती है।



शनाया

कपूर अब जॉम्बी रेड्डी 2 के जरिए एक नए जॉनर में कदम रखने जा रही हैं। आंखों की गुस्ताखियां और तू या मैं के बाद यह हॉरर-कॉमेडी फिल्म उन्हें एक अलग तरह का किरदार निभाने का मौका देगी। द आर्चिस और लवयापा में अपने अभिनय से प्रभावित करने के बाद खुशी कपूर अब मॉम 2 में नज़र आएंगी। लोकप्रिय फिल्म के सीक्वल होने के कारण इस प्रोजेक्ट से दर्शकों की उम्मीदें ज़्यादा हैं।

# बिना प्रचार, सहज यादगार अभिनय से बनायी पहचान




भारतीय सिनेमा में जब ऐसे कलाकारों की चर्चा होती है जिन्होंने लोकप्रियता और अभिनय क्षमता के बीच संतुलन बनाया, तो आर माधवन का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। वे उन अभिनेताओं में शामिल हैं जिन्होंने कभी चर्चा में बने रहने के लिए विवादों, प्रचार अभियानों या निजी जीवन के प्रदर्शन का सहारा नहीं लिया। पूरा ध्यान हमेशा अपने काम पर रहा। इसी कारण वे अलग-अलग पीढ़ियों के दर्शकों के बीच समान रूप से लोकप्रिय हैं। उनकी फिल्मों की संख्या बहुत अधिक नहीं, लेकिन जिन फिल्मों में उन्होंने काम किया, उनका अभिनय यादगार बना। अभिनय से पहले उन्होंने टीवी धारावाहिकों और विज्ञापनों में काम किया। उनकी सहज अभिनय शैली ने फिल्म निर्देशकों का ध्यान आकर्षित किया। आर माधवन ने अभिनय के साथ लेखक, निर्माता और निर्देशक के रूप में भी अपनी क्षमता का परिचय दिया। भारत सरकार की ओर से उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया जाना, एक सफल अभिनेता के साथ ही कलाकार की लोकप्रियता व गुणवत्ता का सम्मान है।उनके फिल्मी जीवन की सबसे बड़ी शुरुआत वर्ष 2000 में तमिल फिल्म 'अलाईपायुथे' से हुई, जिसका निर्देशन मणिरत्नम ने किया था। इस फिल्म ने उन्हें दक्षिण भारतीय सिनेमा का बड़ा सितारा बना दिया। इसके बाद उन्होंने मिन्नाले, रन, कन्नथिल मुथमित्तल, अंबे शिवम, इरुधि सुत्रु, विक्रम वेधा और 'रॉकेट्री : द नंबी इफेक्ट' जैसी फिल्मों में यादगार अभिनय किया। हर फिल्म में उनका किरदार पिछले किरदार से अलग दिखाई देता है। हिंदी सिनेमा में उनकी पहचान वर्ष 2001 में आई फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' से बनी। यह युवाओं की पसंदीदा फिल्मों में शामिल है जिसमें उनका मैडी का किरदार सबसे लोकप्रिय रोमांटिक पात्रों में गिना जाता है। इसके बाद उन्होंने रंग दे बसंती, गुरु, 3 इडियट्स, तनु वेड्स मनु, तनु वेड्स मनु रिटर्न्स, थ्री इडियट्स, रंग दे बसंती, साला खड़ूस, हिसाब बराबर, शैतान और 'केसरी चैप्टर 2' जैसी फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदार निभाए। '3 इडियट्स' में फरहान कुरैशी के किरदार में उनका अभिनय प्रेरित करता है। वहीं 'तनु वेड्स मनु' शृंखला में संयमित और संवेदनशील पति का किरदार निभाकर दिखाया कि बिना अधिक संवादों के भी प्रभावशाली अभिनय संभव है।आर माधवन की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजना 'रॉकेट्री : द नंबी इफेक्ट' रही। इस फिल्म में उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक नंबी नारायणन की भूमिका निभाने के साथ-साथ निर्देशन, लेखन और निर्माण की जिम्मेदारी भी संभाली। यह फिल्म भारतीय वैज्ञानिकों के संघर्ष और सम्मान की कहानी थी। फिल्म को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली। इस फिल्म ने सिद्ध किया कि माधवन केवल अभिनेता नहीं, गंभीर फिल्मकार भी हैं। उन्होंने अपने किरदारों के चयन में और अधिक विविधता दिखाई है। 'शैतान' में उन्होंने एक रहस्यमय और नकारात्मक चरित्र निभाकर चौंका दिया। हाल ही में प्रदर्शित फिल्म 'धुरंधर' में भी उनके अभिनय की व्यापक चर्चा हुई। अपने किरदार को जिस परिपक्वता के साथ निभाया, उससे फिर स्पष्ट हुआ कि वे केवल लोकप्रिय अभिनेता नहीं, बल्कि मजबूत चरित्र अभिनेता भी हैं। वे किसी भी भूमिका के मनोवैज्ञानिक पक्ष से समझते हैं। आर माधवन हर वर्ष कई फिल्में नहीं करते। केवल वही परियोजनाएं स्वीकार करते हैं जिनकी कहानी और पात्र उन्हें प्रभावित करते हैं।



# इंडियन आइडल में 22 वर्ष बाद लौटे अभिजीत सावंत और अमित सना

म्यूजिक रियलिटी शो 'इंडियन आइडल' के खास 75वें एपिसोड यानी 'डायमंड जुबली स्पेशल' का जश्न मनाया गया। इस मौके पर सीजन 1 के अभिजीत सावंत और अमित साना का दिल छू लेने वाला रीयूनियन हुआ। दोनों की जुगलबंदी ने सभी को उस दौर की याद दिला दी जब इस शो की शुरुआत हुई थी। इंडियन आइडल के स्टेज से घर-घर में मशहूर होने वाले अभिजीत सावंत और अमित सना ने 22 वर्ष बाद फिर से जलवा बिखेरा। अभिजीत ने कहा, 'इंडियन आइडल का पहला सीजन जीतने से मेरी जिंदगी ऐसे बदल गई, जिसकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। रातों-रात, मैं एक सपने का पीछा करने से उसे जीने लगा, और देश भर के दर्शकों से मिले प्यार ने मुझे एक ऐसी पहचान दी जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा।' उन्होंने आगे कहा, 'डायमंड जुबली सेलिब्रेशन के लिए वापस आना बहुत इमोशनल लगता है, क्योंकि यह स्टेज ही वह जगह है जहां से मेरे लिए यह सब शुरू हुआ था। जाने-पहचाने चेहरों को देखना, उन यादगार यादों को फिर से जीना, और टैलेंटेड सिंगर्स की नई पीढ़ी की करियर यात्रा को देखना मुझे याद दिलाता है कि इंडियन आइडल सच में कितना टाइमलेस है। चाहे कितने भी साल बीत जाएं, यह शो हमेशा मेरा हिस्सा रहेगा, और इस माइलस्टोन सेलिब्रेशन का हिस्सा बनना एक सौभाग्य की बात है जिसके लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगा।' विशाल ददलानी के कहने पर अभिजीत ने अपना मशहूर गाना 'मोहब्बतें लुटाऊंगा' गाया तो सभी को तुरंत इंडियन आइडल के शुरुआती दिनों की याद आ गई। अमित सना भी उनके साथ स्टेज पर आए, यह पुरानी यादों वाली परफॉर्मेंस डायमंड जुबली एपिसोड के सबसे यादगार पलों में से एक बन गई। अमित सना ने कहा, 'जब मैं इस कॉम्पिटिशन के लिए आ रहा था, मुझे जीरो आइडिया था। फिर जब यहां आया, उस समय मैंने सोनू जी को देखा, फराह जी को देखा, अनु जी को देखा। मैं एक छोटे शहर का लड़का था। सिर्फ मैं ही नहीं, अदिति पॉल, प्राजक्ता और बहुत सारे कंटेस्टेंट भी बिल्कुल नए आए थे। उस वक्त हम में से किसी को भी नहीं पता था कि 22 साल बाद हम फिर से इंडियन आइडल के इसी स्टेज पर खड़े होंगे। यह बहुत बड़ी बात है।'

# भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी



मैनचेस्टर। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टी20 मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जा रहा है। भारतीय टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया है। इस मैच से वैभव सूर्यवंशी अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज कर रहे हैं। टॉस जीतने के बाद श्रेयस अय्यर ने कहा, 'हम फिर से पहले बल्लेबाजी करेंगे। हमने एक बदलाव किया है। वैभव को संजू सैमसन की जगह टीम में मौका दिया गया है। आपने उसे पिछले कुछ महीनों में देखा है, और जिस तरह से वह बैटिंग कर रहा है, मुझे लगता है कि वह पूरी तरह से स्क्वाड में रहने का हकदार है। वह ऐसा इंसान है जो बिल्कुल भी दबाव नहीं लेता। उसे अच्छी तरह पता है कि आने वाले मैचों में क्या होने वाला है। वह नेट्स में गेंदबाजों का सामना करता है। उससे पता चलता है कि वह किस तरह का खिलाड़ी है। भारतीय प्रतिभाओं को देखकर अच्छा लगता है।' इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने कहा, 'हम भी बल्लेबाजी करते। टीम चयन से खुश हूं। जॉफ टीम में वापस आ रहे हैं। वह हमारे लिए मजबूत खिलाड़ी हैं। टंग ने कमाल कर दिया है। वे दोनों बहुत स्किलफुल गेंदबाज हैं और उनकी स्लोअर गेंद बहुत अच्छी हैं। यॉर्कर भी अच्छी तरह से डाल सकते हैं। हमने वैभव पर थोड़ा होमवर्क किया है।' इस मैच से वैभव सूर्यवंशी अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज कर रहे हैं। सूर्यवंशी ने सचिन तेंदुलकर का 37 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ते हुए भारतीय टीम के लिए खेलने वाले सबसे कम उम्र के क्रिकेटर के रूप में अपना नाम दर्ज करा लिया है। सचिन ने 16 साल 205 दिन में डेब्यू किया था, वैभव ने 15 साल 99 दिन में डेब्यू किया है। भारत की प्लेइंग इलेवन: वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हर्षित राणा, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती। इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन: फिल सॉल्ट, जोस बटलर (विकेटकीपर), हैरी ब्रूक (कप्तान), जैकब बेथेल, टॉम बैंटन, सैम करन, विल जैक्स, लियाम डॉसन, आदिल राशिद, जोफ्रा आर्चर, जोश टंग।

# फीफा वर्ल्ड कप: मेसी के नाम जुड़ी एक और बड़ी उपलब्धि



फीफा वर्ल्ड कप 2026 में लियोनेल मेसी का शानदार प्रदर्शन जारी है। मेसी हर मुकाबले के साथ नया कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। काबो वर्डे के खिलाफ खेले गए राउंड ऑफ 32 मुकाबले में भी मेसी ने एक और बड़ी उपलब्धि को अपने नाम किया। मेसी फीफा विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा असिस्ट (गोल करने में मदद) करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने पूर्व दिग्गज खिलाड़ी डिएगो माराडोना का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मेसी वर्ल्ड कप में अब कुल 9 असिस्ट कर चुके हैं, जबकि माराडोना ने अपने करियर के दौरान विश्व कप में 8 असिस्ट किए। मेसी इसके साथ ही टूर्नामेंट के इतिहास में लगातार आठ मुकाबलों में गोल करने वाले भी पहले खिलाड़ी बने। उन्होंने काबो वर्डे के खिलाफ खेले गए रोमांचक मुकाबले में एक गोल दागते हुए अर्जेंटीना को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। अर्जेंटीना के कप्तान ने काबो वर्डे के खिलाफ मैच का पहला गोल किया। उन्होंने 29वें मिनट में लिसेंड्रो मार्टिनेज से मिले बेहतरीन पास को गोल में तब्दील किया। यह मेसी का विश्व कप में 20वां गोल रहा। फीफा वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड पहले ही मेसी अपने नाम कर चुके हैं। मेसी दो विश्व कप में 7 गोल करने वाले पहले खिलाड़ी भी बन गए हैं। मेसी फीफा वर्ल्ड कप 2026 में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में टॉप पर मौजूद हैं। मेसी को कड़ी टक्कर फ्रांस के किलियन एम्बाप्पे से मिल रही है, जो 6 गोल कर चुके हैं।

मेसी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना को काबो वर्डे के खिलाफ कड़े संघर्ष के बाद जीत नसीब हुई। 90 मिनट तक स्कोर 2-2 की बराबरी पर था। हालांकि, अतिरिक्त समय में काबो वर्डे के खिलाड़ी डिने बोर्गस मेसी के एक शॉट को क्लियर करने के प्रयास में अपना ही गोल कर बैठे। यह गोल निर्णायक साबित हुआ, जिसके बूते अर्जेंटीना मुकाबले को 3-2 से अपने नाम करने में सफल रही।

# गौरी के साथ आमिर खान के विवाह पर सोमी अली की प्रतिक्रिया

गौरी स्प्रैट के साथ अभिनेता आमिर खान 5 जुलाई को शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। उनकी इस शादी को लेकर अब अभिनेत्री सोमी अली की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। सोमी अली की ओर से गौरी स्प्रैट और आमिर के लिए एक दिल को छू लेने वाला मैसेज शेयर किया गया। उन्होंने कैप्शन लिखा, 'खुशी चुनने में कभी देर नहीं होती।' उन्होंने आमिर और गौरी को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वे साथ मिलकर एक खुशहाल और संतोषजनक नया अध्याय शुरू करेंगे। इंस्टाग्राम पर सोमी अली ने उनकी फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'गौरी और आमिर के लिए, प्यार किसी कैलेंडर को नहीं मानता। किसी भी उम्र में अपनी जिंदगी साझा करने के लिए साथी मिलना उतना ही खूबसूरत है जितना कि 20 साल की उम्र में मिलना। खुशी चुनने में कभी देर नहीं होती। प्यार के लिए खुला दिल जश्न मनाने की चीज है, आलोचना करने की नहीं। उम्र सालों में मापी जाती है, लेकिन प्यार पलों में मापा जाता है।' सोमी अली ने आगे लिखा, 'अपना साथी पाने के लिए बधाई। कुछ लोग सही इंसान की तलाश में पूरी जिंदगी बिता देते हैं। अगर वह सफर किसी भी उम्र में शादी तक ले जाता है, तो वह देर नहीं है। वह बिल्कुल सही समय है। नया अध्याय शुरू करने का साहस प्रेरणादायक है। आप दोनों को जीवन भर खुशी, हंसी और साथ मिले। सबसे अच्छी प्रेम कहानियां इस बात से तय नहीं होतीं कि वे कब शुरू होती हैं, बल्कि इस बात से कि उन्हें कितनी गहराई से जिया जाता है।' उन्होंने आगे कहा, 'उम्मीद है कि जो लोग आपकी उम्र को लेकर सवाल उठाते हैं, वे एक दिन समझेंगे कि खुशी की कोई समय-सीमा नहीं होती। उम्र बढ़ना तो तय है; साथ में उम्र बढ़ना एक तोहफा है। सबसे बड़ी उपलब्धि कम उम्र में शादी करना नहीं है, बल्कि ऐसा साथी पाना है जिसके साथ बुढ़ापा बिताया जा सके। ये भावनाएं, प्यार, साथ और जीवन के किसी भी पड़ाव पर खुशी पाने की आजादी का जश्न मनाती हैं।' हाल ही में, 'प्रीतम एंड पेड्रो' की स्क्रीनिंग के दौरान, आमिर ने गौरी के साथ अपने शादी के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि यह एक निजी समारोह होगा, जिसमें केवल उनके करीबी परिवार के सदस्य और दोस्त शामिल होंगे। आमिर ने बताया था, 'हम 5 तारीख को शादी कर रहे हैं। यह बहुत छोटी शादी है। हम इसे घर पर ही कर रहे हैं। 5 तारीख हमारे लिए बहुत खास दिन है। इसमें सिर्फ दोनों परिवार और कुछ करीबी दोस्त शामिल होंगे। हम बस सबकी दुआएं चाहते हैं कि हम खुश रहें।'

